# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, शनिवार 29 मार्च 2025










## खबर संक्षेप

### मोदी थाईलैंड, श्रीलंका की यात्रा पर जाएंगे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले सप्ताह थाईलैंड और श्रीलंका की यात्रा पर जाएंगे, जिसमें भारत की नई घोषित 'महासागर नीति' के तहत क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने और स्थिर तथा समृद्ध हिंद-प्रशांत के लिए दृष्टिकोण पर व्यापक ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यात्रा के पहले चरण में, प्रधानमंत्री थाईलैंड द्वारा आयोजित छठे 'बिम्सटेक' शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए तीन से चार अप्रैल तक बैंकॉक का दौरा करेंगे।

### यशु-यशु वाला पादरी बजिंदर को सजा 1 अप्रैल को

**मोहाली।** चमत्कार से बीमारियां ठीक करने का दावा करने वाले पादरी बजिंदर सिंह पर महिला से यौन उत्पीड़न मामले में शुक्रवार को मोहाली कोर्ट ने फैसला सुनाया। कोर्ट ने पादरी को दोषी करार दे दिया है। कोर्ट 1 अप्रैल को सजा पर फैसला सुनाएगा। महिला से रेप करने के मामले में नामजद पास्टर बजिंदर सिंह सोमवार को अदालत में पेश हुआ था। उस दिन की पेशी के बाद कोर्ट ने फैसले को सुरक्षित रख लिया था। आज यानी शुक्रवार (28 मार्च) को केस की सुनवाई हुई और पादरी को दोषी करार दिया।

### अधिवक्ता की हत्या में दो को आजीवन कारावास

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर की जिला अदालत ने एक अधिवक्ता की हत्या के मामले में दो लोगों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सहायक शासकीय अधिवक्ता धर्मेंद्र जयंत ने बताया कि जिरह पूरी होने के बाद जिला अदालत ने अधिवक्ता संजय टाइगर उर्फ संजीव कुमार की हत्या के लिए अवनीश गुप्ता, अशोक और संध्या को दोषी ठहराया।


### म्यांमार में 7.7 तीव्रता के भूकंप से तबाही, थाईलैंड के बैंकॉक में इमारत ढह गई है

# म्यांमार से लेकर भारत के पूर्व तक धरती डोली, 144 की मौत, 81 दबे

*म्यांमार और थाईलैंड में शुक्रवार दोपहर आए शक्तिशाली भूकंप से भारी जानमाल का भारी नुकसान हुआ है। इसके झटके भारत, थाईलैंड, बांग्लादेश और चीन समेत 5 पांच देशों में महसूस किए गए। भूकंप के इस झटके का असर भारत के इंफाल, व कोलकाता के कुछ क्षेत्रों में भी देखा गया। भूकंप से दोनों मुल्कों में अब तक 144 मौतों की पुष्टि हो चुकी है और 700 से ज्यादा लोग घायल हैं। भूकंप के बाद थाईलैंड के प्रधानमंत्री ने बैंकॉक को इमरजेंसी जोन घोषित कर दिया है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों ही देशों को यथासंभव सहयोग का आश्वासन दिया।*

एजेंसी ▶▶| नेपीडा

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार भूकंप के दो तेज झटके कुछ ही देर के अंदर आए। पहले भूकंप की तीव्रता 7.7 थी। इसके 12 मिनट बाद 6.4 तीव्रता का झटका आया। म्यांमार में भूकंप दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के पास आया। मांडले में दस लाख से ज्यादा लोग रहते हैं। इस क्षेत्र में गृह युद्ध चल रहा है और कई जगहों पर इंटरनेट नही है। इसलिए नुकसान का पता लगाना मुश्किल है। म्यांमार में भूकंप से तत्काल किसी नुकसान की खबर नहीं मिली है। बता दें कि भारत का यह पड़ोसी देश, साल 2021 में हुए तख्तापलट के बाद अराजकता की स्थिति में है। घनी आबादी वाले बैंकॉक में लोगों ने जैसे ही झटके महसूस किए, ऊंची इमारतों, कोंडोमिनियम और होटलों से बाहर निकल आए। ग्रेटर बैंकॉक क्षेत्र में 1.7 करोड़ से ▶▶| शेष पेज 8 पर





### कोलकाता, इंफाल, मेघालय में लगे झटके

थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में 7.7 तीव्रता का भूकंप आने के बाद शुक्रवार को कोलकाता, इंफाल और मेघालय के पूर्वी गारो हिल्स जिले में भी हल्के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केन्द्र मध्य म्यांमा में, मोनयवा शहर से लगभग 50 किमी पूर्व में था। कोलकाता और आसपास के इलाकों में हल्के झटके महसूस किए। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार, भूकंप के कारण शहर में जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

### भूकंप का केंद्र मांडले के पास

भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि आया यह भूकंप उथला था, जिसकी गहराई मात्र 10 किलोमीटर थी, और इसका केंद्र मध्य शहर मांडले के पास था, जो मोन्यवा शहर से लगभग 50 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। बताया गया कि पड़ोसी देश थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक से 1,400 किलोमीटर दूर है।

### म्यांमार व थाईलैंड में भारी तबाही

*म्यांमार में शुक्रवार सुबह 11:50 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। म्यांमार और थाईलैंड में 144 लोगों की जान गई है। जबकि 700 से ज्यादा लोग घायल हैं। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में अंडर कंस्ट्रक्शन 30 मंजिला इमारत गिर गई। इस साइट पर 400 लोग काम कर रहे थे। इनमें से 81 लोगों के दबे होने की आशंका है। म्यांमार के मांडले शहर में आए भूकंप एक मस्जिद और यूनिवर्सिटी पूरी तरह से ढह गई और मलबे का ढेर बन गई। इन दोनों जगहों पर 144 लोगों के मरने की जानकारी सामने आई है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।*

नवरात्रि कल से

## पंचग्रहीय योग में नव वर्ष इस बार राजा व मंत्री दोनों ही सूर्य, प्रचंड रहेगी गर्मी



**संध्या 6:14 बजे तक रेवती नक्षत्र, उसके बाद अश्विनी नक्षत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/खरोरा

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि से ही हिंदू नववर्ष की शुरुआत होती है। इस बार हिन्दू पंचांग के हिसाब से हिन्दू नववर्ष 30 मार्च से शुरू हो रहा है। नववर्ष के साथ रविवार के दिन नवरात्रि प्रारंभ होने से इस बार मां दुर्गा का वाहन हाथी होगा। मां दुर्गा का वाहन हाथी होने से सुख-समृद्धि और धन-धान्य की वृद्धि होगी। कलश स्थापना के लिए सबसे उपयुक्त मुहूर्त सुबह लगभग 6 बजकर 15 मिनट से लेकर 10 बजकर 20 मिनट के मध्य तथा दोपहर 11 बजकर 52 मिनट से लेकर ▶▶| शेष पेज 8 पर

### आषाढ़ में तेज होगी हवा की गति

सूर्य के राजा व मंत्री होने इस वर्ष तापमान सामान्य से ऊपर होने के कारण अत्यधिक गर्मी लोगों को झेलनी पड़ सकती है। अग्निकांड से धन जन की हानि के आसार हैं। चैत्र व वैशाख मास कष्टकारी हो सकता है। आषाढ़ मास में हवा की गति में तेजी आएगी। सावन मास में अनाजों में तेजी, आश्विन मास में समानता व कार्तिक में मंदी का दौर रहेगा। अगहण, पौष, माघ व फाल्गुन में अशांति व शासकीय विरोध की आशंका ज्योतिषाचार्यों ने व्यक्त की है।

## कोलकाता रेप-मर्डर पर सवाल पूछे बनर्जी बोलीं- यहां राजनीति नहीं करो

## ऑक्सफोर्ड में ममता का विरोध छात्रों ने लगाए गो बैक के नारे



**लंदन।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के केलॉग कॉलेज में गुरुवार को भाषण के दौरान विरोध का सामना करना पड़ा। कुछ प्रदर्शनकारियों ने बंगाल में हुई हिंसा, आरजी कर कॉलेज रेप-मर्डर केस और संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध को लेकर सवाल उठाए। एसएफआई के छात्र नेताओं ने 'गो बैक' के नारे लगाए और आरजी कर मेडिकल कॉलेज से जुड़े मुद्दे पर सवाल किए। छात्रों के हंगामे के बीच ममता बनर्जी ने कहा कि आरजी कर का मामला अदालत में है और यह केस केंद्र सरकार के पास है। इसलिए इस मसले पर राजनीति न करें। आप मेरे राज्य में आकर राजनीति कर सकते हैं, यहां नहीं। क्योंकि, यह कोई राजनीतिक मंच नहीं है? ममता ने भीड़ की तरफ एक तस्वीर भी दिखाई और कहा, देखिए कैसे मुझे मारने की कोशिश की गई थी। इसके अलावा जब ममता ये बता रही थीं कि बंगाल में करोड़ों के निवेश के प्रस्ताव आए हैं, तो एक छात्र ने उनसे विशेष निवेशों के नाम बताने को कह दिया, लेकिन कुछ छात्रों ने उसे चुप करा दिया और कहा कि यह कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं है।

एंटी करप्शन ब्यूरो की कार्रवाई

## 15 हजार रिश्वत लेते पटवारी और 10 हजार के साथ तहसील कार्यालय का बाबू गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| प्रतापपुर/अंबिकापुर

शुक्रवार को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रिश्वतखोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी की टीम ने एक ही दिन में प्रतापपुर तहसील कार्यालय में पदस्थ लिपिक को 10 हजार व गोविन्द पुर पटवारी को 15 हजार रुपए की रिश्वत



लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपी लिपिक द्वारा मुआवजा प्रकरण हेतु दस्तावेज तैयार करने और पटवारी द्वारा चौहदी काटने के नाम पर रिश्वत मांगी गई थी। एसीबी द्वारा दोनों आरोपियों को ▶▶| शेष पेज 8 पर

### चौहद्दी ले लिए पटवारी ने लिए 15 हजार

शुक्रवार को एसीबी ने प्रतापपुर क्षेत्र में लगातार दो बड़ी कार्रवाई की। दूसरी कार्रवाई में एसीबी ने 15 हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए पटवारी को गिरफ्तार किया है। इस बताया जा रहा है कि गोविंदपुर निवासी राजेश कुमार सिंह द्वारा एसीबी में शिकायत की गई थी कि उसके द्वारा लगभग 13 हजार वर्ग फुट जमीन खरीदने के लिए सौदा तय किया गया था जिसकी जांच कर चौहद्दी बनाने हेतु पटवारी गोविंदपुर मोगेंद्र ▶▶| शेष पेज 8 पर

### ट्राइबल का मंडल निरीक्षक 50 हजार लेते पकड़ा गया

**जांजगीर-सक्ती।** सक्ती जिला मुख्यालय में आदिम जाति कल्याण विभाग में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मंडल निरीक्षक को घूस लेते रंगे हाथों



पकड़ा है। उसके कब्जे से 50 हजार रुपए रकम बरामद हुए। बताया जाता है कि दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को पुनः नौकरी पर रखने के नाम पर उसने रिश्वत मांग की थी। उसे गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया है। इस संबंध में एंटी करप्शन ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार सक्ती जिले में आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित कुटराबोड़ बालक छात्रावास में दैनिक वेतनभोगी के रुप में कार्य कर रहे चौकीदार रविन्द्र जांगड़े को करीब डेढ़ माह पहले नौकरी से निकाल दिया गया था। अपनी बहाल के लिए उसने मंडल निरीक्षक से बात की। बताया जाता है कि मंडल निरीक्षक आरोपी संदीप खांडेकर से रविन्द्र के पिता राजेन्द्र जांगड़े ने बात की तो उसने उसके बेटे को पुनः नौकरी पर रखने के एवज में डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत की मांग की। इस पर राजेंद्र जांगड़े ने इसकी शिकायत सीधे एंटी करप्शन ब्यूरो में की। शिकायत पर एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने सत्यता की जांच करवाई। इस दौरान पता चला कि आरोपी मंडल निरीक्षक ने उनसे 50 हजार ▶▶| शेष पेज 8 पर

## किसान के घर 11 लाख का डाका, सात नकाबपोशों ने हथियारों के दम पर लूटा

■ घटना खरोरा थाना क्षेत्र के गेवराडीह गांव की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी से सटे खरोरा थाना क्षेत्र के केवराडीही गांव में सात नकाबपोश बदमाशों ने एक किसान परिवार को बंधक बनाकर नकदी छह लाख रुपए के साथ पांच लाख रुपए के जेवर लूट लिए। घटना गुरुवार-शुक्रवार दरमियानी रात की है। जहां डकैती हुई है, वह गांव के आउटर का मकान है। इसी बात का फायदा उठाकर बदमाशों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित किसान राधेलाल भारद्वाज ने पुलिस को बताया है कि कल रात 2.05 बजे सात नकाबपोश बदमाश खेत के रास्ते दीवार फांदकर घर के अंदर दाखिल हुए। इसके बाद बदमाश पीछे की तरफ सीढ़ियों के रास्ते मकान का दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुए। इस दौरान राधेलाल नींद से जाग गया। तब बदमाश चाकू, फरसा तथा पिस्टल की नोक पर धमकाते हुए राधेलाल को घर के बाहर ले आए और उसके साथ ▶▶| शेष पेज 8 पर

### टीआई से लेकर अफसर अवकाश पर

डकैती की घटना को सुलझाने अहम जिम्मेदारी निभाने वाले टीआई से लेकर संबंधित डिवीजन के सीएसपी तथा एडिशनल एसपी अवकाश पर गए हुए हैं। डकैती की घटना की गुत्थी सुलझाने मौके पर एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के साथ एएसपी क्राइम संदीप मित्तल, क्राइम डीएसपी संजय सिंह के साथ कोतवाली सीएसपी मौके पर जांच करने पहुंचे। साथ ही डॉग स्क्वाड के साथ फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला, सीसीपीए के नियमों को ठहराया सही

# होटल- रेस्टोरेंट अपने बिल में नहीं लगा सकते सर्विस चार्ज

*रेस्टोरेंट एसोसिएशन पर लगाया 1 लाख रुपए का जुर्माना भी*

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को एक बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि होटल और रेस्टोरेंट अपने बिल में अपने आप सर्विस चार्ज नहीं लगा सकते। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) के नियमों को सही ठहराते हुए कोर्ट ने कहा कि ऐसा करना गलत है। इससे ग्राहकों के हक मारे जाते हैं और यह गलत तरीके से व्यापार करने जैसा है। जस्टिस प्रतिभा एम सिंह ने कहा कि सर्विस चार्ज या टिप देना ग्राहक की मर्जी है। इसे जबरदस्ती नहीं वसूला जा सकता। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी (सीसीपीए) की 2022 में जारी



गाइडलाइन यानी दिशा-निर्देशों को बरकरार रखा है। इस गाइडलाइन में कहा गया है कि होटल और रेस्टोरेंट फूड बिल में ऑटोमेटिक या डिफॉल्ट सर्विस चार्ज नहीं जोड़ सकते हैं। जस्टिस प्रतिभा एम सिंह ने दिशानिर्देश को चुनौती देने वाले रेस्टोरेंट एसोसिएशन पर 1 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

### गाइडलाइन्स पर हाईकोर्ट ने रोक लगाई थी

यह आदेश नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) और फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) की याचिकाओं पर पारित किया गया था। इन दिशा-निर्देशों पर 20 जुलाई 2022 को हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी। सीसीपीए ने अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस और कंज्यूमर राइट्स के वायलेशन यानी उल्लंघन को रोकने के उद्देश्य से दिशानिर्देश जारी किए थे।

### ऐसा कोई कानून नहीं, जो रेस्टोरेंट को सर्विस चार्ज लगाने से रोके: एनआरएआई

एनआरएआई की याचिका में कहा गया है कि ऐसा कोई कानून नहीं है जो रेस्टोरेंट को सर्विस चार्ज लगाने से रोकता हो। तथा मौजूदा कानून में ऐसा कोई संशोधन नहीं किया गया है जो सर्विस चार्ज लगाना अवैध ठहराए। याचिकाकर्ता-एसोसिएशन ने तर्क दिया कि दिशा-निर्देश मनमाने, अस्थिर हैं और उन्हें रद्द किया जाना चाहिए।

### यह होता है सर्विस चार्ज

जब आप किसी प्रोडक्ट या सर्विस को खरीदते हैं तो उसके लिए कुछ पैसे देने पड़ते हैं। इसे ही सर्विस चार्ज कहते हैं। यानी होटल या रेस्टोरेंट में खाना परोसने और दूसरी सेवाओं के लिए ग्राहक से सर्विस चार्ज लिया जाता है। ग्राहक भी होटल या रेस्टोरेंट से बिना सवाल-जवाब किए सर्विस चार्ज के साथ पेमेंट कर देते हैं। हालांकि ये चार्ज ट्रांजैक्शन के समय ही लिया जाता है, न की सर्विस लेते वक्त।




# भोरमदेव महोत्सव में उत्पात मचाने व सैकड़ों कुर्सी तोड़ने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भोरमदेव महोत्सव के पहले दिन उत्पात मचाते हुए सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ अब पुलिस ने कार्रवाई शुरू की है। इस मामले में अभी तक दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्त में आए लोगों के विरुद्ध धारा 170 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें अनुविभागीय दंडाधिकारी बोड़ला के समक्ष पेश किया।

हरिभूमि फॉलोअप

कबीरधाम जिले के भोरमदेव थाना क्षेत्रांतर्गत भोरमदेव में आयोजित महोत्सव के प्रथम दिन 26 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय शिव भजन गायक हसराज रघुवंशी के कार्यक्रम के दौरान हजारों लोगों की भीड़ में शामिल कुछ लोगों द्वारा उत्पात मचाते हुए दर्शक दीर्घा में रखी कुर्सियों को जमीन में पटक-पटककर तोड़ा गया। इन घटना से न सिर्फ महोत्सव का महौल खराब हुआ था, बल्कि लोगों के बीच भय और आतंक का वातावरण भी निर्मित हो गया था। जिसके चलते आयोजकों को कार्यक्रम को भी समय से पहले ही रोकना पड़ गया था। घटना को बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें लक्ष्मण मरकाम पिता विष्णु मरकाम (32) निवासी राजमहल चौक, कवर्धा तथा सुरेश यादव पिता धंसू यादव (22), निवासी सिवनी थाना चिल्फी शामिल हैं। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएसएस की धारा 170 के तहत अनुविभागीय दंडाधिकारी बोड़ला के समक्ष प्रस्तुत किया।



## पुलिस ने भोरमदेव महोत्सव के उपद्रवियों की धरपकड़ की शुरू



अव्यवस्था: शासन-प्रशासन की अव्यवस्था तथा वीआईपी कल्चर की भेंट चढ़ा भोरमदेव महोत्सव

धमाकेदार रहा भोरमदेव महोत्सव का आगाज, दर्शकों ने तोड़ी सैकड़ों कुर्सियां

आम लोगों को नहीं भाया वीआईपी कल्चर

### ड्रोन कैमरे और सोशल मीडिया से उपद्रवियों की पहचान जारी

घटनास्थल पर तैनात ड्रोन कैमरों, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, ग्राम कोटवारों और मुखबिरों की सूचना के आधार पर उपद्रवियों की पहचान की जा रही है। पुलिस ने इनका फोटो-वीडियो जारी कर कोड नंबरिंग कर दीहै। पुलिस प्रशासन ने यह भी कहा कि यह कार्रवाई महज औपचारिकता नहीं है, बल्कि एक कड़ा संदेश है जो भी कानून तोड़ेगा, वह जेल जाएगा।

### उत्पात मचाने वालों के खिलाफ हो रही कार्रवाई

भोरमदेव महोत्सव में उत्पात मचाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पहचान के लिए फोटो वायरल किया गया है। पहचान बताने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

-पुष्पेंद्र बघेल
एएसपी, कबीरधाम

## खबर संक्षेप



### 6 लाख की ईनामी समेत 3 नक्सलियों का सरेंडर

**सुकमा।** सुकमा एवं बीजापुर जिले की सरहद पर सक्रिय दो महिला समेत 3 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। तीनों नक्सलियों पर दो-दो लाख का इनाम है। छत्तीसगढ़ शासन की नक्सल उन्मूलन नीति व आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर नक्सलियों ने सरेंडर किया है। नक्सलियों को आत्मससमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में थाना गादीरास , सीआरपीएफ 74, 226 वाहिनी एवं 203 वाहिनी कोबरा की संयुक्त योगदान रहा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दो लाख की इनामी प्लाटून नंबर 24 की सदस्य कवासी मंगडी, पामेड़ एरिया कमेटी में डीएकेएमएस अध्यक्षा रव्वा भीमे व मोरपल्ली आरपीसी के डीएकेएमएस अध्यक्ष हेमला भीमा ने समर्पण कर दिया है। इस दौरान सीआरपीएफ 226 के द्वितीय कमान अधिकारी बिरेन्द्र कुमार खंतवाल, एसडीओपी सुकमा परेश्वर तिलकवार, सहायक कमाण्डेन्ट विश्वनाथ आर्य, निरीक्षक कमलेश मीना, 74 वाहिनी सीआरपीएफ एवं उप निरीक्षक कृष्ण मोहन पाठक, 203 वाहिनी कोबरा मौजूद रहे।

### 45 किग्रा का आईईडी बरामद, किया निष्क्रिय

**बीजापुर।** चेरपाल-पालनार मार्ग से लगभग 45 किग्रा का आईईडी बरामद कर सुरक्षित नष्ट किया गया।

## कई महीनों की मशक्कत के बाद तैयार होता है बजट

# बजट बनाने में लगे 101 अफसर-कर्मियों को एक माह का वेतन बोनस में

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार का नया बजट 2025-26 बनाने के लिए दिन-रात मेहनत करने वाले अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों को एक माह का वेतन बोनस के रूप में मिलेगा। यह राशि इसी माह 31 मार्च को जारी कर दी जाएगी। खास बात ये है कि इस पूरे काम में वित्त विभाग के सचिव से लेकर अधीनस्थ विभिन्न स्तरों के अधिकारियों-कर्मचारियों समेत कुल 101 लोगों को यह इनाम मिलेगा। इनमें वित्त विभाग के वाहन चालक से लेकर चपरासी तक शामिल हैं।

इस संबंध में वित्त विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025-26 बजट कार्य संपादित करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को एक माह का अतिरिक्त वेतन परिलब्धि सहित(मूल वेतन एवं शासन द्वारा देय अन्य भत्ते) भुगतान की स्वीकृती प्रदान की जाती है। अतिरिक्त वेतन का भुगतान संबंधित अधिकारी, कर्मचारी का वेतन आहरण जिस कार्यालय से किया जा रहा है वहीं से किया जाएगा।

### बोनस देने का नियम नहीं, ये है परंपरा, महीनों की मशक्कत के बाद तैयार होता है बजट



बजट बनाने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को एक माह का वेतन बोनस के रुप में दिए जाने का क्या कोई नियम है, यह किस हिसाब से दिया जा रहा है? इस सवाल पर वित्त विभाग के एक सेवानिवृत्त अधिकारी ने हरिभूमि को बताया कि ऐसा कोई नियम नहीं है, लेकिन यह परंपरा बरसों रही है। बजट का काम करने वालों को एक माह का वेतन बोनस के रूप में दिया जाता रहा है।

राज्य सरकार का वार्षिक बजट बनाना एक लंबी प्रक्रिया का हिस्सा है। वर्ष 2025-26 के बजट निर्माण की प्रक्रिया की बात करें तो वित्त विभाग ने इसके लिए पिछले साल अगस्त 2024 से काम शुरू करते हुए बजट बनाने का कार्यक्रम जारी किया था। इसके बाद नया बजट बनाने के लिए 5 सितंबर से काम शुरु किया गया। नवंबर 2024 में विभागाध्यक्ष स्तरीय राजस्व प्राप्तियों पर चर्चा की शुरुआत हुई। इसके बाद दिसंबर में विभागाध्यक्ष स्तरीय बजट चर्चा का दौर चला। इसके बाद दिसंबर में ही सचिव स्तरीय बजट चर्चा की बैठकें हुई। इसके बाद जनवरी 2025 से मंत्री स्तरीय बजट चर्चा प्रारंभ हुई। वित्त मंत्री ने हर विभाग के मंत्री से उनके विभागीय बजट पर विस्तर से चर्चा की और नवीन मद की घोषणाओं को बजट में शामिल करने के लिए विचार विमर्श किया। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में बजट प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। यह सारी प्रक्रिया होने के बाद वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विधानसभा के बजट सत्र में सरकार का नया बजट पेश किया।

## नेशनल हाइवे 30 में हादसा

### ट्रक से टकराई बाइक तीन दोस्तों की मौत



हरिभूमि न्यूज : फरसगांव

नेशनल हाइवे 30 मांझी आठगांव के पास शुक्रवार को अपरान्ह करीब 4.30 बजे दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बाइक और ट्रक की जबरदस्त टक्कर हो गई । हादसे ने बाइक सवार तीन दोस्तों की मौत हो गई। पुलिस मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए चीरघर में रखवाकर जांच कर रही है । जानकारी के अनुसार कोंडागांव जिले के ग्राम छोटेराजपुर निवासी राकेश मरकाम पिता कांतू मरकाम उम्र 25 वर्ष, अन्नू मरकाम पिता नवल मरकाम उम्र 24 वर्ष, प्रदीप नेताम पिता संजू नेताम उम्र 19 वर्ष तीनों दोस्त है। तीनों बाइक में सवार होकर फरसगांव आ रहे थे। वही रायपुर की ओर जा रही ट्रक क्रमांक सीजी 20 जे 2050 से टक्कर हो गई । टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई । सूचना पर तत्काल फरसगांव पुलिस मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए चीरघर में रखाकर मृतकों के परिजनों को सूचना देकर दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है । वही ट्रक को थाने में लाकर खड़ा किया गया है।

- मृतक एक ही गांव के थे निवासी

# रायपुर एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय दर्जा देने लोकसभा में बृजमोहन ने की मांग

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करने और बिलासपुर, रायगढ़, अंबिकापुर, जगदलपुर जैसे प्रमुख शहरों में हवाई सेवाओं के विस्तार को लेकर रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में शून्य काल के दौरान छत्तीसगढ़ में हवाई सेवाओं के विस्तार और रायपुर हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय दर्जा देने की मांग उठाई।

श्री अग्रवाल ने कहा, छत्तीसगढ़ औद्योगिक, आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से देश का एक उभरता हुआ राज्य है। यहां बाल्को, जिंदल, भिलाई स्टील प्लांट, हिंडाल्को, एनएमडीसी, एनटीपीसी जैसे कई बड़े उद्योग स्थापित हैं। रायपुर हवाई अड्डे से प्रतिमाह 60 से 70 हजार लोग देश-विदेश की यात्रा करते हैं, साथ ही कई अंतरराष्ट्रीय निवेशक छत्तीसगढ़ में निवेश के इच्छुक हैं। किन्तु अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की अनुपलब्धता के कारण निवेश की संभावनाओं को पूरी तरह से साकार नहीं किया जा सका है। उन्होंने कहा, यदि रायपुर हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय दर्जा दिया जाए और आवश्यक सुविधाएं जैसे इमिग्रेशन ऑफिस, एक्साइज ऑफिस, कार्गो टर्मिनल, बेहतर पार्किंग और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन किया जाए, तो इससे छत्तीसगढ़ की आर्थिक प्रगति को नया आयाम मिलेगा।




# चार ट्रांसफार्मर, तेल ड्रम समेत सैकड़ों मीटर जले

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बिजली कंपनी भिलाई 3 के वितरण केन्द्र के 11 केवी पावर सप्लाई सब स्टेशन में शुक्रवार की शाम अचानक आग लग गई। आग से चार ट्रांसफार्मर, तेल ड्रम समेत सैकड़ों की संख्या में मीटर जल गए हैं। दो दमकल ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से लाखों का नुकसान होना बताया जा रहा है।

मुताबिक पावर सप्लाई के सब स्टेशन में पुराने कबाड़ होने वाले ट्रांसफार्मरों को रखा जाता है। घटना के समय कबाड़ के चार ट्रांसफार्मर, दो ड्रम जला ऑयल और सैकड़ों की संख्या में पुराने डैमेज मीटर आग के चपेट में आ गए हैं। आग गलते ही आसपास में अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलने पर भिलाई तीन पुलिस पहुंची और फायर ब्रिगेड की टीम को बुलाया गया। आग बुझाने में दो-तीन घंटा फायर ब्रिगेड की टीम को लग गए। मौके पर दो दमकल वाहन पहुंची थी।


आगजनी कंपनी द्वारा सुरक्षा में भारी चूक का नतीजा है। संदेह जताया जा रहा है कि सब स्टेशन का पूरा जमीन तेल से सना रहता है आसपास किसी से सिगरेट बीड़ी पीकर छोड़ दिया होगा। इसके कारण भी आग लग सकती है पुलिस आगजनी की घटना की जांच कर रही है। भिलाई तीन के इस सब स्टेशन में सिर्फ पावर सप्लाई का काम किया जाता है।

## हाईस्कूल मैदान दंतेवाड़ा बना छावनी विशाल डोम बन रहा

# जवानों और सरेंडर नक्सलियों से संवाद कर सकते हैं शाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर पंडुम के समापन कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संभावित कार्यक्रम को लेकर जोर शोर से तैयारी शुरू हो गई है। दंतेवाड़ा के हाईस्कूल मैदान में एक विशाल डोम तथा मुख्य मंच बन रहा है। वहीं सरकारी योजनाओं के स्टॉल के लिए दो और डोम भी बनाए जा रहे हैं। लगातार हो रही मुठभेड़ और नक्सलियों के मारे जाने तथा बड़ी संख्या में माओवादियों के सरेंडर को देखते हुए साथ ही गृह मंत्री के मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने के एलान के बाद सुरक्षा तगड़ी की जा रही है।



नक्सलियों ने एक दिन पहले 4 अप्रैल को बीजापुर बंद का आह्वान किया है। अमित शाह का आगमन 5 अप्रैल को संभावित है। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार गृह मंत्री पुलिस अधिकारियों और जवानों के अलावा सरेंडर नक्सली और नक्सली से पुलिस अधिकारी बने डीआरजी जवानों से भी संवाद कर सकते हैं। वहीं एक बड़ी बैठक बस्तर में नक्सलवाद और सुरक्षा की भूमिका को लेकर होने की संभावना बताई जा रही है। डेढ़ माह पहले 15 दिसम्बर 2024 को अमित शाह बस्तरिया ओलंपिक के समापन में जगदलपुर आए थे। अब उनका दंतेवाड़ा प्रवास इतने कम समय में बन रहा है। लगभग महीने भर से बस्तर पड़ुंम की धूम है। संभाग के सभी जिले में पूरा प्रशासन और पुलिस के अधिकारी 7 विधाओं में हो रहे इस आयोजन में जोरशोर से जुटे हुए हैं। चूंकि यह शासन के निर्देश पर हो रहा कार्यक्रम है इसलिए कमिश्नर, आईजी, कलेक्टर व एसपी सहित सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और यहां तक की चपरासी, चौकीदार तक लगे हुए है ।

## राशिफल

**मेष** – संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** – खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** – कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** – कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** – लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय

**वृश्चिक** – संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** – आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** – क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि

**मीन** – किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 5819



**बाएँ से दाएँ**
1.आरोपित, तथाकथ्य-5
4.प्रलय, वज्रपात-4
7.परिमाण, माप-2
8.प्लेट,तश्तरी-3
9.भीगा हुआ-2
10.वेश्या, गणिका-4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ-2
13.अपवित्र (उर्दू-3)
14.दान करने वाला-2
15.आंचल-3
17.पंख-2
19.चाहे जो भी हो -5
22.अनूठापन,विचित्रता-5
25.उम्मीद,आस-2
26.अनाशवान,अक्षय-3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29.बंदर, मर्कट-3
30.सम्मान, आदर-2
32.करामात,करिश्मा-4
34.नवीन,नव-2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म-3
37.शारीरिक ऊंचाई-2
38.भाग्य,लक-4
39.रावण,दशानन-5

**ऊपर से नीचे**
1.तपस्या-2
2.कॉफी-3
3.तरफदारी करनेवाला-5
4.जन जाति, झुंड-3
5.वोट-2
6.बढ़ई,खाती-4
7.जो मुनासिब न हो-5
10.भाग्य (उर्दू-4)
12.प्रतिज्ञा,वचन-2
16.राजा,राजन-3
17.क्षण-2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम-2
20.रनिवास (उर्दू-3)
21.नुकसान,घाटा-2
22.रजनी, रात्रि-2
23.अनुपम,बेजोड़-4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25.आतंक फैलानेवाला-5
26.धरोहर,थाती-4
27.लक्ष्मी-2
31.निगाह,दृष्टि-3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष-3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37.टैक्स, हाथ-2

**शब्द पहेली- 5818 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | गा | म | ■ | अ | ■ | त | र | ब | त | र |
| ल | ■ | त | म | स | ■ | ह | म | ला | ■ | खै |
| क | श | ■ | ■ | ल | ■ | ल | ■ | ■ | का | ल |
| ■ | ही | ■ | क | हा | नी | का | र | ■ | र | ■ |
| ब | द | मा | श | ■ | र | ■ | च | म | क | ना |
| ■ | ■ | ■ | ल | क्ष | ■ | सी | ना | ■ | ■ | ■ |
| र | त | ज | गा | ■ | आ | ■ | का | म | या | ब |
| ■ | र | ■ | ना | ना | स | सु | र | ■ | च | ■ |
| य | ह | ■ | ■ | म | ■ | रा | ■ | ■ | क | म |
| ह | ■ | त | ना | व | ■ | पा | य | ल | ■ | हु |
| त | ल | ब | गा | र | ■ | न | ■ | ब | ल | वा |

## सूडोकु नवताल - 5829

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5828 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



भरी गर्मी में पर्यटकों को सुकून पहुंचा रही तस्वीरें

- चट्टानों पर बनाए शेर, अजगर और भी बहुत कुछ
- गरियाबंद से 8 किलोमीटर दूर है चिंगरा पगार

# चिंगरा पगार की चट्टानों पर जंगल की जादुई दुनिया पति-पत्नी की ऐसी कला कि पत्थर भी बोल रहे...

गोरेलाल सिन्हा ▶▶| गरियाबंद

अलग खबर

छत्तीसगढ़ का गरियाबंद जिला अब केवल अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए ही नहीं, बल्कि एक अनोखी कला के लिए भी सुर्खियों में है। अगर आप चिंगरा पगार के घने जंगलों, ऊबड़-खाबड़ पगडंडियों और पहाड़ों की चट्टानों को पार करने का प्लान बना रहे हैं, तो तैयार हो जाइए एक ऐसे नजारे के लिए, जो आपकी आंखों को हैरान और दिल को सुकून देगा। जी हां, हम बात कर रहे हैं छत्तीसगढ़ के सबसे खूबसूरत और मनमोहक वॉटरफॉल्स में से एक, चिंगरा पगार की, जो गरियाबंद से महज 8 किलोमीटर की दूरी पर बसा है। इस जगह को अब एक नया आकर्षण मिला है, जो इसे और भी खास बना रहा है।



यहां खैरागढ़ से आए कलाकार दंपति धरम नेताम और मनीषा नेताम ने अपनी अद्भुत कला से चट्टानों को जादुई रूप दे दिया है। इन विशाल चट्टानों ▶▶|शेष पेज 8 पर

## बोलती तस्वीरों में ढाला

यह पहली बार नहीं है जो अपनी कला से लोगों को हैरान किया हो। इससे पहले वे देश के कोने-कोने में अपनी प्रतिभा का जलवा दिखा चुके हैं। गोवा के समुद्री तटों से लेकर दिल्ली की ऐतिहासिक धरोहरों तक, हैदराबाद की हाई-टेक दुनिया से लेकर कर्नाटक की हरी-भरी वादियों तक, इस जोड़े ने हर जगह पत्थरों को बोलती तस्वीरों में ढाला है।



चिंगरा पगार में उनकी यह कृति न सिर्फ पर्यटकों के लिए एक नया आकर्षण बन गई है, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए भी गर्व का विषय है।

## पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की पहल से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को भी दुनिया के सामने लाया जा सकेगा। धरम और मनीषा का मानना है कि प्रकृति और कला का यह मेल लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने में भी मदद करेगा। तो अगर आप भी इस अनोखे अनुभव का हिस्सा बनना चाहते हैं, तो देर न करें। चिंगरा पगार की सैर पर निकल पड़िए और देखिए कि कैसे पत्थरों पर उकेरी गई यह जादुई दुनिया आपका मन मोह लेती है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### मणिपुर में चार उग्रवादी गिरफ्तार



**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के तीन जिलों से विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बिष्णुपुर, इंफाल पूर्व और थौबल जिलों में इन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। 'कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी' से जुड़े इन उग्रवादी को बिष्णुपुर जिले के मैबाम चिंगमांग से पकड़ा गया।

### घुसपैठिए के लिए भारत 'खाला' का घर नहीं : मौर्य



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 'आप्रवास और विदेशी विषयक विधेयक,2025' पर शुक्रवार को अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि किसी घुसपैठिए के लिए भारत अब 'खाला' (मौसी) का घर नहीं होगा। मौर्य ने अपने आधिकारिक "एक्स" खाते पर यह पोस्ट की।

### हाथियों के हमले में महिला समेत दो की मौत




**सिमडेगा।** झारखंड के सिमडेगा जिले में शुक्रवार को अलग-अलग घटनाओं में जंगली हाथियों के हमले में दो लोगों की मौत हो गई। वन अधिकारी ने बताया कि महाबुआंग पुलिस थाना अंतर्गत बुरुइर्गी देबाटोली गांव में शुक्रवार देर रात करीब एक बजे अपने घर के बाहर सो रहे 28 वर्षीय विकास ओहदार नामक व्यक्ति को हाथी ने कुचलकर मार डाला।

### पेपर मिल में बॉयलर फटने से तीन मजदूरों की मौत



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद जिले के भोजपुर थाना क्षेत्र में एक पेपर मिल में सुबह बॉयलर फटने से तीन मजदूरों की मौत हो गयी और एक घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि यह घटना सुबह करीब छह बजे की है जब मजदूर मिल में काम कर रहे थे। मृतकों के शव परिजनों को सौंपे गए।

### कठुआ में आज फिर मारे गए 2 आतंकी, 1 जवान शहीद



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में कठुआ जिले के राजबाग में 27 मार्च से चल रहे एनकाउंटर में आज सुबह दो आतंकी सेना ने मार गिराए। इस दौरान सेना का एक जवान भी शहीद हो गया जबकि दो अन्य घायल हो गए। इस मुठभेड़ में अब तक 5 आतंकी मारे गए हैं शेष की तलाश चप्पे-चप्पे में की जा रही है। गोलीबारी में अब तक 4 जवान भी शहीद हुए हैं।

छत्तीसगढ़ में इस बार अप्रैल में सहने पड़ेंगे 'लू' के थपेड़े

# इस गर्मी ज्यादा तपेगा पूरा देश, छग में अभी से लू के हालात, मार्च में ही 40 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/रायपुर

*छत्तीसगढ़ समेत देश के बड़े इलाके में इस बार गर्मी ज्यादा सताएगी। भारतीय मौसम विभाग ने देश के नार्थ, वेस्ट राज्यों में हीट वेव के दिनों में दोगुना इजाफा के संकेत दिए हैं। इसका असर छत्तीसगढ़ में भी पड़ेगा बल्कि इसके आसार अभी से नजर आने लगे हैं। यहां पारा मार्च एंड में ही 40 डिग्री पार कर चुका है। यही वजह है कि अप्रैल में लू चलने की आशंका रहेगी।*

मार्च का महीना खत्म होने वाला है। देश के कई राज्यों में आसमान से आग बरसने लगी है। भीषण गर्मी पड़ रही है। दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, गुजरात, यूपी, बिहार, झारखंड समेत देश के कई राज्यों में अभी से ही तीक्ष्ण गर्मी की दस्तक हो गई है। कई राज्यों में पारा 40 डिग्री के पार चला गया है। कई इलाकों में हीट वेव को लेकर अलर्ट जारी किया है। शुष्क मौसम और खिली धूप के कारण गर्मी का अहसास ज्यादा हो रहा है। हीटवेव से बचने के लिए सरकार का प्लान गर्मी के बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए केंद्र सरकार अलर्ट हो गई है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर हीटवेव के दिनों की संख्या दोगुनी होती है तो 2025 अब तक का सबसे गर्म साल होगा। ऐसे में पारा सामान्य से 5 डिग्री या इससे भी ज्यादा रह सकता है। भारत के कई राज्यों में मार्च महीने से ही भीषण गर्मी पड़ने लगती है। हीट वेव भी चलने लगी है। सामान्यता देश में हीट वेव मार्च से लेकर जून तक चलती है। कभी-कभी अत्यधिक गर्मी पड़ने के कारण जुलाई में भी हीट वेव का असर दिखता है। हीटवेव से निपटने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय 13 मार्च को राज्यों को दिशानिर्देश जारी कर चुका है।

हरिभूमि सरोकार

### हीट वेव से कैसे बचें?

हीट वेव स बचने के लिए लगातार पानी पीना चाहिए। प्यास न हो तो भी पानी पीते रहना चाहिए। इसके अलावा, तरबूज, खीरा समेत वैसे फल खाने चाहिए जिसमें पानी की मात्रा अधिक होती है। साथ ही तेज धूप में निकलने से बचना चाहिए। घर के खिड़की दरवाजे बंद रखने चाहिए। छांव में रहने के बाद अचानक धूप में नहीं निकलना चाहिए। सिर पर कपड़ा या टोपी लगाकर ही धूप में बाहर निकलना चाहिए। धूप से आकर एकदम से ठंडे में नहीं जाना चाहिए और तत्काल पानी नहीं पीना चाहिए।



### हीटवेव दिनों की संख्या होगी दोगुनी

मौसम विभाग के मुताबिक इस साल देश के नॉर्थ-वेस्ट राज्यों यानी हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, दिल्ली में हीटवेव (लू) के दिनों की संख्या दोगुनी होने की आशंका है। आमतौर पर अप्रैल से जून के महीनों में लगातार 5-6 दिन लू चलती है, लेकिन इस बार 10 से 12 दिनों के ऐसे कई दौर आ सकते हैं। हालांकि, मौसम विभाग ने यह जानकारी नहीं दी कि इस साल हीटवेव का असर कितने दिन रहेगा।

### राज्यों को दिए ये निर्देश

मंत्रालय ने अस्पतालों में हेल्पडेस्क, ओआरएस, दवाओं और आईवी फ्लूइड्स का स्टॉक करने को कहा है। केंद्र सरकार अस्पतालों में हीटस्ट्रोक के मरीजों के लिए आइस पैक, ठंडे पानी और प्राथमिक इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश हैं। सभी मेडिकल संस्थानों को हीट स्ट्रोक और गर्मी से जुड़ी बीमारियों का डेटा ऑनलाइन अपडेट करना है। डॉक्टरों और हेल्थ वर्कर्स को हीटवेव से निपटने की स्पेशल ट्रेनिंग।

## छग में दो दिन के लिए अलर्ट जारी

**रायपुर।** भीषण गर्मी की मार इस बार छत्तीसगढ़ में भी जल्दी पड़ने की संभावना है। आमतौर पर लू वाली गर्म हवाएं मई के पहले पखवाड़े में चलती हैं, मगर इस बार अप्रैल के महीने में इस तरह की स्थिति बनने की संभावना है। गर्मी ने मार्च के अंतिम दिनों में अपना असर दिखा शुरू कर दिया है। मौसम विभाग द्वारा अगले दो दिन तक मध्य हिस्से में गर्म दिवस रहने की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग द्वारा फरवरी के अंतिम दिनों में तीन महीने ज्यादा गर्मी रहने का पूर्वानुमान जारी किया था। उनका अनुमान काफी हद तक छत्तीसगढ़ में भी सही साबित होने लगा है। प्रदेश में इस बार गर्मी की शुरुआत समय से पहले हो गई थी। इसके बाद मार्च के तीसरे सप्ताह फिर अंतिम दिनों में तेज गर्मी ने लोगों को हलाकान कर रहा है। माना जा रहा है कि इस बार मई की गर्मी का अहसास अप्रैल में हो सकता है। तेज गर्मी के बाद थोड़ी राहत फिर भारी गर्मी वाला दौर जारी रहेगा। इसी महीने लू चलने की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा रहा है। मार्च के अंतिम दिनों में छत्तीसगढ़ का अधिकतम तापमान 38 से 43 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। अभी रात में गर्मी बहुत ज्यादा असर नहीं दिखा रही है आने वाले दिनों में जब दिन की तेज धूप से धरती गर्मी हो जाएगी तो रात को भी चैन मिलना मुश्किल हो जाएगा।



# राज्यपाल के काफिले की गाड़ी से महिला की मौत

## कार्यक्रम रद्द कर रायपुर लौटे डेका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

राज्यपाल रमेन डेका के शुक्रवार को सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए है। कार्यक्रम रद्द होने के बाद राज्यपाल सड़क मार्ग से रायपुर रवाना हो गए। प्रशासन ने यह निर्णय राज्यपाल के काफिले की गाड़ी से एक महिला की मौत के बाद लिया। हालांकि जिला प्रशासन द्वारा दौरा कार्यक्रम रद्द करने के पीछे स्वास्थ्यगत कारणों को जिम्मेदार बताया गया है। काफिले की गाड़ी से टक्कर के बाद परिजन ने मृतक के पुत्र को शासकीय नौकरी और मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। शव को पीएम उपरान्त परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।



- मैनपाट में काफिले की गाड़ी से महिला की मौत के बाद लिया गया निर्णय, प्रशासन ने बताया स्वास्थ्यगत कारणों से किया स्थगित

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल रमेन डेका गुरुवार से सरगुजा जिले के प्रवास पर थे। राज्यपाल सूरजपुर जिले में बैठक लेने के बाद देर शाम ▶▶|शेष पेज 8 पर


### सुबह अचानक हुआ दौरा रद्द

इस बीच सुबह सुबह अचानक ही राज्यपाल के दौरे को रद्द कर दिया गया। राज्यपाल दिन भर अंबिकापुर में रुकने के बाद रात के समय ट्रेन से रायपुर जाने वाले थे लेकिन आनन फानन में उन्हें सड़क मार्ग से रायपुर के लिए रवाना किया गया और सभी कार्यक्रमों को निरस्त कर दिया गया है। कार्यक्रम निरस्त होने के पीछे की प्रमुख वजह अलग अलग सामने आई है। प्रशासन का कहना है कि राज्यपाल श्री डेका को गुरुवार रात्रि में ▶▶|शेष पेज 8 पर

आ गया शराब का नया रेट

# बीयर 20, विस्की 300 और रम में सौ रुपए तक कमी

- गोवा स्टैंर्ड की शराब अब 480 रुपए बोतल मिलेगी, बीयर केन 10 रुपए सस्ती
- आरसी अब 800 में, आरएस 1000 में बिकता था अब 840 में, ओल्ड मोंक 800



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए राज्य सरकार ने शराब की कीमतों में कमी की है। लगातार शराब महंगी होने की वजह से आसपास के राज्यों से शराब छत्तीसगढ़ में खपाई जा रही थी। अब कीमतों में कमी की गई है। बीयर की कीमतों में 10 रुपए से 20 रुपए तक की कमी हुई है। वहीं व्हिस्की में 300 और रम में 100 रुपए तक कम किए गए हैं। यह अलग-अलग ब्रांड के हिसाब से कमी हुई है। गोवा स्टैंडर्ड की जो शराब प्रति बोतल 520 रुपए में मिलती थी वह अब 480 रुपए में मिलेगी। रॉयल स्टेग और रॉयल चेलेंज जैसी प्रचलित व्हिस्की 200 रुपए सस्ती मिलेंगी। अब इनकी कीमत करीब 800 रुपए होगी। कीमतें 1 अप्रैल से लागू होंगी।

छत्तीसगढ़ में वित्तीय वर्ष 2024-25 में शराब बिक्री का लक्ष्य 11 हजार करोड़ रुपए का था, लक्ष्य के मुताबिक लगभग 10 हजार करोड़ रुपए की अब तक शराब बिक्री हुई है। नए वित्तिय वर्ष में शराब बिक्री से राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य ▶▶|शेष पेज 8 पर

### चर्चित शराब की कीमत की पुरानी तथा नई कीमत

- गोवा - 520 - 480
- ऑफिसर च्वाइस ब्लू - 840 से 760
- ब्लैक बेरी रम - 880 से 800
- ओल्ड मंक रम - 880 से 800
- एसी ब्लैक - 880 से 800
- इंपीरियल ब्लू - 880 - 800
- रॉयल स्टैग - 1000 से 840
- रॉयल चैलेंज - 1040 से 800
- बीयर बोतल - 220 से 200
- बीयर कैन - 160 से 150

### बार में भी कीमतों में होगी कटौती

शराब की नई मूल्य सूची जारी होने के बाद बार में भी शराब की कीमतों में कटौती की जाएगी। इसके अलावा सभी दुकानों में अनिवार्य रूप से रेट लिस्ट चस्पा करने निर्देश जारी किए गए हैं। कुछ महंगे ब्रांड की शराब की कीमतों में भी कमी की गई है।

सरकार ने दी सौगात

# 2% बढ़ा केंद्रीय कर्मियों का डीए दो माह का मिलेगा एरियर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) में 2% की बढ़ोतरी की मंजूरी दे दी है। केंद्रीय कैबिनेट बैठक में सरकार की ओर से यह बड़ा फैसला लिया गया है। इस बढ़ोतरी के साथ ही अब केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स का महंगाई भत्ता और पेंशनर्स का महंगाई राहत (डीआर) 53 फीसदी से बढ़कर 55 फीसदी हो जाएगा। यह बढ़ोतरी 7वे वेतन आयोग के तहत की गई है।



### जुलाई 2024 को हुई थी बढ़ोतरी

आखिरी बार बढ़ोतरी जुलाई 2024 में हुई थी, जब महंगाई भत्ता 50 फीसदी से बढ़ाकर 53 फीसदी कर दिया गया था। अब 2 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है, जिसके बाद कर्मचारियों की बेसिक सैलरी में 2 फीसदी का और महंगाई भत्ता जोड़ा जाएगा। यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2025 से प्रभावी मानी जाएगी। महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी से करोड़ों कर्मचारियों और पेंशनर्स को लाभ मिलेगा।

# 'अगर आपराधिक मामला दर्ज नहीं, तो वह बिहार में मुखिया बनने के योग्य नहीं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के एक मुखिया की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि बिहार में मुखिया बनने के लिए आपराधिक मुकदमा होना भी जरूरी हो सकता है। यह टिप्पणी जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने दी। कोर्ट यह टिप्पणी उस समय कर रहा था जब बिहार के एक मुखिया ने अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की थी। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि बिहार में मुखिया बनने के लिए थोड़ा बहुत 'आपराधिक' होना जरूरी हो सकता है।



### मुखियाजी पहले पुलिस के पास जाएं

वकील ने यह भी कहा कि उनके मुवक्किल को झूठे आरोपों में फंसाया गया हैऔर वह अग्रिम जमानत की मांग कर रहे थे। हालांकि, कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी और कहा कि मुखियाजी को पहले पुलिस के सामने पेश होकर अपनी बात रखनी होगी।

### 'आपराधिक मामले होना आम बात'

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान, जस्टिस सूर्यकांत ने याचिकाकर्ता के वकील से पूछा कि क्या उनके मुवक्किल पर इस मामले के अलावा और भी कोई आपराधिक मुकदमा चल रहा है। जब वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल पर और भी मामले दर्ज हैं। यह सब गांव की राजनीति का हिस्सा हैं, तो जस्टिस सूर्यकांत ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि बिहार में पंचायत के मुखिया के खिलाफ आपराधिक मामले होना आम बात है।

रूद्री बरॉज की घटना, घायल का इलाज चल रहा अस्पताल में

# तैराकी सीखने गए बच्चों ने डूब रहे पिता की बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

खास खबर

रूद्री बरॉज में तैराकी सीखने गए बच्चों ने अद्भुत साहस दिखाते हुए पानी में डूब रहे पिता की जान बचाई है। उनका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है।

माना जाता है कि माता- पिता बच्चों को नया जीवन देता है, लेकिन शुक्रवार को रूद्री बरॉज में हुई घटना में बच्चों ने अपने पिता को पानी में डूबने से बचाकर नया जीवन दिया है। स्थानीय आमातालाब रोड पोस्ट आफिस वार्ड निवासी संतोष देवांगन पिता पुरुषोत्तम (46) कृषि दवाई कंपनी में रिजनल मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। वह अक्सर अपने 10 वर्षीय पुत्र आशु देवांगन व भतीजा मेहुल देवांगन पिता मिथिलेश को घुमाने व तैराकी सिखाने रूद्री बरॉज ले जाता था, जबकि उसे ही पूरी तरह से तैरना नहीं आता था। दोनों बच्चे कक्षा 6वीं के छात्र हैं। शुक्रवार की सुबह भी संतोष दोनों बच्चों को लेकर रूद्री बरॉज गया था। जहां कुछ देर घूमने के बाद बच्चे पानी में उतरकर वापस ▶▶|शेष पेज 8 पर



### स्वास्थ्य में सुधार आया है: डॉ. वानखेड़े

मेडिसीन स्पेशलिस्ट डॉ. वानखड़े ने बताया कि रूद्री बरॉज के पानी में डूब रहे संतोष देवांगन को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। उसे भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। स्वास्थ्य में सुधार आ रहा है।

### पंपिंग करते हुए पेट से निकाला पानी

दोनों बच्चों ने अचेत हो रहे पिता को खींचते हुए गहरे पानी से बाहर निकाला। बच्चों ने पहले उसकी पीठ को दबाकर पंपिंग करते हुए पेट में गए पानी को बाहर निकाल मदद के लिए आवाज लगाई। बच्चों की पुकार सुन वहां से गुजर रहे अनजान व्यक्ति ने तत्काल नीचे जाकर पंपिंग कर संतोष के पेट से बचा हुआ पानी निकाला। मेहुल ने उस व्यक्ति से मोबाइल मांगकर अपने पिता मिथिलेश को घटना की जानकारी दी। मिथिलेश तत्काल एम्बुलेंस को फोनकर रूद्री बरॉज पहुंच गया। सूचना पर संजीवनी 108 व रक्तदान एम्बुलेंस भी मौके पर पहुंच गई। पीड़ित संतोष को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं बहादुर बच्चों का डाक्टर ने चेकअप के बाद उन्हें घर भेज दिया।

# मंडियों की आय में 30 फीसदी की कमी, मार्कफेड पर बकाया है 280 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की कृषि उपज मंडियों की आय में पिछले दो साल में भारी कमी आई है। वर्ष 2022-23 में यह कमी करीब साढ़े 11 प्रतिशत थी, जो 2025-25 में नवंबर तक की स्थिति में बढ़कर 30 प्रतिशत हो गई है। यानी मंडी की आय में चालू वित्तीय वर्ष में ही एक तिहाई की कमी हो चुकी है।

मंडी बोर्ड के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार आय में कमी का कारण ये है कि मार्कफेड सोसाइटियों के माध्यम से जो धान खरीदता है, उस पर दो प्रतिशत मंडी शुल्क लगता है। यह राशि मार्कफेड को अदा करनी होती है। इस साल यह बकाया राशि करीब 280 करोड़ रुपए होती है। छत्तीसगढ़ के कृषि मंडियों में पिछले दो वित्तीय वर्षों (2022-23 और 2023-24) में आय में भारी कमी दर्ज की गई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मंडियों की आय में इस अवधि के दौरान लगभग 11.56 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि 2024-25 (अप्रैल से नवंबर तक) के प्रारंभिक आंकड़े और भी निराशाजनक हैं, जिसमें आय में 29.99 प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गई है।

- बकाया राशि जल्द अदा करने की तैयारी में है मार्कफेड
- पिछले साल साढ़े 11 प्रतिशत आय घटी, इस साल 30 प्रतिशत




**मार्कफेड को अदा करने हैं 280 करोड़**

मंडी से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि मार्कफेड द्वारा राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे जाने वाले धान पर कुल मिलाकर दो प्रतिशत मंडी शुल्क देना होता है। यह राशि देने में देरी के कारण मंडियों की आय में कमी हुई है। इधर मार्कफेड के सूत्रों का कहना है कि पिछले साल वर्ष 2023-24 की राशि का 50 प्रतिशत यानि करीब 280 करोड़ रुपए अदा किया गया है। इसका आधा 280 करोड़ रुपए बकाया है। यह राशि भी जल्द ही अदा कर दी जाएगी।

### मंडी की आय में गिरावट के आंकड़े

राज्य सरकार द्वारा जारी एक आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022-23 में छत्तीसगढ़ के संभागों की मंडियों (रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, अंबिकापुर, बस्तर ) से कुल 59033.34 लाख रुपये की आय हुई थी, जो वर्ष 2023-24 में घटकर 52211.54 लाख रुपये रह गई। यह कमी लगभग 6821.80 लाख रुपये की है, जो 11.56 प्रतिशत के नकारात्मक विकास को दर्शाती है। इसी तरह, वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 (अप्रैल से नवंबर तक) में आय और भी कम होकर 19215.30 लाख रुपये तक सीमित रह गई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि (7728.44 लाख रुपये) से 29.99 प्रतिशत कम है।

### बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग संभाग में सबसे ज्यादा कमी

संभागवार आंकड़ों पर नजर डालें तो रायपुर संभाग की मंडियों में 2022-23 में 17523.53 लाख रुपये की आय दर्ज की थी, जो 2023-24 में 17749.63 लाख रुपये हो गई, लेकिन वृद्धि केवल 0.16 प्रतिशत रही। वहीं, 2024-25 में यह आय 7728.44 लाख रुपये पर सिमट गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 56.46 प्रतिशत की भारी गिरावट को दर्शाता है। इसी तरह, दुर्ग संभाग की मंडियों की आय 2022-23 में 17745.37 लाख रुपये थी, जो 2023-24 में 12114.49 लाख रुपये तक गिर गई, यानी 31.73 प्रतिशत की कमी। बिलासपुर में भी स्थिति खराब रही, जहां आय 12476.81 लाख रुपये से घटकर 13610.13 लाख रुपये हुई, जो केवल 9.08 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दिखाती है।

**1529 करोड़ 53 लाख 28 हजार का बजट पेश, 79 लाख फायदे का बजट**

# रायपुर निगम के बजट में सेंट्रल लाइब्रेरी वर्किंग वीमेंस हॉस्टल और दिव्यांग पार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे ने अपने पहले निगम बजट में नालंदा लाइब्रेरी की तर्ज पर युवाओं के लिए 500 सीटर क्षमता वाली 2 आधुनिक लाइब्रेरी सह रीडिंग जोन निर्माण का ऐलान किया है। इसी तरह कामकाजी महिलाओं के लिए शहर में 3 स्थानों पर वर्किंग वीमेन हॉस्टल और वीमेन रेस्ट हाउस बनाये जायेंगे। इसमें सेनेटरी वेडिंग मशीन और बेबी फीडिंग रूम भी होंगे। वहीं रायपुर में युवाओं के लिए यूथ हॉस्टल बनाया जायेगा। महापौर ने कहा कि पिछली बार पूर्व महापौर ने 1901 करोड़ का बजट प्रस्तुत किया था, उसमें सिर्फ 850 करोड़ ही खर्च हुये, हमारा बजट वास्तविकता का बजट है। वहीं नेता प्रतिपक्ष संदीप साहू ने इसे फेलियर बजट करार दिया है। गांधी सदन में शनिवार को महापौर मीनल चौबे ने 1529 करोड़ 53 लाख 28 हजार का बजट पेश कर दिया।

जो कि 79 लाख रुपये के फायदे का बजट है। इस बजट में बच्चों के लिए प्ले जोन, युवाओं के लिए सेंट्रल लाइब्रेरी और महिलाओं के लिए वर्किंग वीमेन हॉस्टल और वीमेन रेस्ट रूम बनाये जाने का प्रावधान है।



साथ ही शहर में पेयजल समस्या दूर करने 3 नई पानी टंकी का निर्माण कराया जायेगा। इस मौके पर सदन में विधायक पुरंदर मिश्रा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी, लोकेश कावड़िया, पूर्व सभापति प्रमोद दुबे, प्रफुल्ल विश्वकर्मा बतौर आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे।

नगर निगम की दूसरी महिला महापौर के रूप में मीनल चौबे ने महिला सुरक्षा को फोकस करते हुये सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए 20 लाख रुपये खर्च कर सर्विलांस कैमरे लगाने का ऐलान किया है। शहर में फुटकर व्यवसाय करने वालों की सुविधा के लिए उन्हें डिजिटल लेनदेन का प्रशिक्षण दिया जायेगा। बजट में दिव्यांगों के लिए 10 करोड़ की लागत से दिव्यांग पार्क बनाये जाने की घोषणा की गई है। डूमतराई में इलेक्ट्रानिक मार्केट और शंकर नगर क्षेत्र में क्रिस्टल आर्किड के पास कमर्शियल हब और ट्रेड टावर बनाया जायेगा।

### मखमली फाइल में बजट लेकर पहुंचीं महापौर

डेढ़ दशक बाद भाजपा महापौर के रूप में मीनल चौबे गांधी सदन में शनिवार को पीली मखमली फाइल में बजट लेकर पहुंचीं। इस फाइल में छत्तीसगढ़ महतारी का चित्र अंकित है। राजधानी विकास के लिए मीनल ने अपने इरादे बजट अभिभाषण में कविता की पंक्तियों से शुरू किया -

*बेटी अब बेबस नहीं, कहानी नई लिख रही है,*
*हाथा में कलम लिए, शहर की तकदीर गढ़ रही है*
*रायपुर की गलियों से चलकर, जो धीरे-धीरे आगे बढ़ी, वही बेटी ब शहर की एक नई पहचान लिख रही है।*

*सदन में मौजूद सदस्यों ने मेज थपथपाकर महापौर मीनल चौबे की पंक्तियों का स्वागत किया।*

रायपुर शहर का इतिहास बताते हुए मीनल ने कुछ यूं कहा : रख हौसला वह मंजर भी आयेगा, प्यासे के पास चलकर समंदर भी आयेगा।
थककर न बैठ ऐ मंजिल के मुसाफिर मंजिल भी मिलेगी और मिलने का मजा भी आयेगा।
महापौर ने अपने बजट अभिभाषण में पिछली सरकार और पूर्व की परिषद की राजनीति पर कहा, सपनों के घोड़े पर बैठे शहंशाह पर किसी का लगाम न रहा। हम रायपुर को स्वर्ग सा निखारेंगे, शहर की हर गली-मोड़ चमकायेंगे।

# बढ़ रहे मरीज, मशीन चलाने वाले कम

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने आने वाले मरीजों की संख्या तो बढ़ रही है, मगर उनकी जांच के लिए विभिन्न मशीन चलाने वाले टेक्निशियनों की संख्या बढ़ाने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आंकड़े चौंकाने वाले हो सकते हैं कि चिकित्सा शिक्षा विभाग के दस शासकीय मेडिकल कालेज और स्वास्थ्य संचालनालय से संबंधित अस्पतालों में दो सौ से कम टेक्निशियन कार्यरत हैं। इनकी संख्या कम होने की वजह से मरीजों को जांच के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है।

किसी भी मरीज की बीमारी का पता लगाने के लिए सीटी स्कैन, एमआरआई, एक्स-रे, सोनोग्राफी जैसी जांच की आवश्यकता होती है। इनकी रिपोर्ट के आधार पर डाक्टर मरीज का इलाज शुरू करते हैं। सरकारी अस्पतालों में इस तरह की जांच की सुविधाएं तो मौजूद हैं, मगर इनको चलाने के लिए टेक्निशियनों की संख्या बहुत कम है, जिसकी वजह से मरीजों को अपनी जांच के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। सूत्रों का कहना है कि शासन इन अस्पतालों में जांच मशीन बढ़ाने के लिए गंभीरता दिखा रहा है, मगर इसे चलाने के लिए तकनीशियनों यानी पैरामेडिकल स्टाफ की संख्या बढ़ाने में दिलचस्पी नहीं ले रहा है। जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नये पद सृजित करने की जरूरत है, मगर विभाग पुराने पदों पर ही भर्ती के लिए गंभीरता नहीं दिखा रहा है। नियम के मुताबिक मेडिकल कालेजों में एक मशीन के लिए एक टेक्निशियन की आवश्यकता है, जबकि वास्तव में एक कर्मचारी तीन से चार मशीनों का संचालन कर रहा है।


## कार्यालय, नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)

फा.क./संपदा/15/लीज हस्तां./2025 कोरबा, दिनांक 20.03.2025

**लीज हस्तांतरण हेतु आम सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्तियों के द्वारा भूखण्ड के लीज हस्तांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था/निकाय को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय प्रमाण सहित इस आम सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के भीतर नगर पालिक निगम कोरबा कार्यालय साकेत भवन में उपस्थित होकर अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | लीजकर्ता का नाम | लीज ग्रहिता का नाम | योजना का नाम | भूखण्ड का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| | | भूखण्ड | | |
| 1 | 1 / श्री विशाल राणा आ.स्व.एस.के.राणा, 2/ श्रीमती रीना राणा आ. स्व. एस. के. राणा पति श्री जितेन्द्र पाल एवं 3 / पूजा राणा आ. स्व. एस. के. राणा, निवासी- भूखण्ड क्रं.-153, कोसाबाडी कोरबा तह. व जिला- कोरबा (छ.ग.) | श्री अमरदीप शर्मा आ. श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा, निवासी-रूम नं.-जे.विंग 301, ग्रीनउड्स सर, एम.व्ही.रोड, चकला मेट्रो स्टेशन के पास, मुबई चकला, एम.डी.सी. महाराष्ट्र 400093, हाल मुकाम- प्लाट नं.-153, कोसाबाडी पानी टंकी के पीछे, कोसाबाडी कोरबा, तह. व जिला-कोरबा (छ.ग.) | कोसाबाडी कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 153 साईज 40' x 60'= 2400 वर्गफुट |
| 2 | श्री झाडू राम साहू आ. श्री नयाराम एवं श्रीमती ललिता साहू पति श्री झाडूराम साहू निवासी मकान नं.-502, श्री राम हाईट, कैलाश नगर सुपेला भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्री तुषार गुप्ता आ. श्री अनूप गुप्ता, निवासी- प्लाट नं.- 224, राजीव नगर, दर्री, एच.पी.पी. एस. जेलगांव, तह- दर्री, जिला- कोरबा (छ.ग.) | पश्चिमी कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 170 साईज 40 x 50' = 2000 वर्गफुट |
| 3 | शैम्स तबरेज आ. अब्दुल मन्नान, निवासी- फ्लैट नं.-412, वैभवन होम्स, वार्ड नं.-12, शारदा विहार कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.) | श्री रविन्द्र कुमार अग्रवाल आ. श्री कृष्ण कुमार अग्रवाल, निवासी- प्लाट नं.-08, विजया टाकीज रोड, टी. पी. नगर कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.) | इंदिरा व्यावसायिक सह आवासीय केन्द्र कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 430 साईज 1627.50 वर्गफुट |
| 4 | श्रीमती रेणु देवी अग्रवाल पति श्री जयसिंह अग्रवाल, निवासी- शांति निवास, अग्रसेन भवन के सामने कोरबा, तह. व जिला - कोरबा (छ.ग.) | श्रीमती चांदनी अग्रवाल पति श्री रिशु अग्रवाल, निवासी- शांति निवास, अग्रसेन भवन के सामने कोरबा, तह.व जिला - कोरबा (छ.ग.) | इंदिरा व्यावसायिक सह आवासीय केन्द्र कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 30/ ए साईज $22^{1/2}$' x90'= 2044 वर्गफुट |
| 5 | श्री जयसिंह अग्रवाल आ.स्व.रामकुमार अग्रवाल, निवासी- शांति निवास, अग्रसेन भवन के -सामने कोरबा, तह.व जिला - कोरबा (छ.ग.) | श्रीमती चांदनी अग्रवाल पति श्री रिशु अग्रवाल, निवासी- शांति निवास, अग्रसेन भवन के सामने कोरबा, तह.व जिला - कोरबा (छ.ग.) | इंदिरा व्यावसायिक सह आवासीय केन्द्र कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 29 साईज 50'x90'= 4500 वर्गफुट |

नोट :- निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा ।

संपदा अधिकारी
नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)


# रेल नीर का संकट दूर करेंगी निजी ब्रांड की बोतलें, पुराने दाम में किनले, अमरकंटक-शिवनाथ नाम से मिलेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशनों में रेल नीर की बोतल का संकट दूर करने के लिए रेलवे प्रशासन ने अब दूसरे ब्रांड की बोतल बेचने की मंजूरी दे दी है। इस निर्णय के तहत अब रेलवे स्टेशनों पर स्थित स्टॉल्स में किनले, अमरकंटक और शिवनाथ जैसे ब्रांड के पानी की बिक्री भी की जाएगी। यह फैसला खासतौर पर गर्मी के सीजन में यात्रियों की बढ़ती प्यास और पानी की कमी को देखते हुए लिया गया है। अब तक रेलवे में केवल रेल नीर बेचने की ही बाध्यता थी, मगर वर्तमान में इसकी सप्लाई को लेकर संकट है। इसकी वजह बिलासपुर के सिरगिट्टी स्थित रेल नीर प्लांट का बंद होना है। प्लांट बंद होने के बाद आईआरसीटीसी ने नागपुर से सप्लाई की व्यवस्था की है, लेकिन वहां से खपत के अनुसार पानी बॉटल उपलब्ध नहीं हो पा रही थी। रेल नीर के शॉर्टेज और यात्रियों की परेशानियों को लेकर लगातार अलग-अलग स्टेशनों के स्टॉल व अन्य यूनिट संचालकों द्वारा शिकायत भी की जा रही थी।



### इस वजह से बंद हुआ प्लांट

आईआरसीटीसी ने जिस कंपनी को प्लांट चलाने का ठेका दिया था, उसने अक्टूबर में ही प्रबंधन को पत्र भेजकर एक दिसंबर से प्लांट बंद करने की जानकारी दे दी थी। इस बीच कंपनी को जलकर की बकाया राशि जमा करने कहा गया, तो कंपनी ने इन्कार कर दिया।इसके बाद कंपनी ने नए ठेके के लिए टेंडर ही नहीं किया, क्योंकि करीब पांच सालों में 13 करोड़ 40 लाख 17 हजार रुपए बकाया हो गया था। यह राशि जमा कराए बिना किसी अन्य को ठेका नहीं दिया जा सकता था। इसलिए आईआरसीटीसी ने प्लांट को बंद कर दिया है।

### इशिका और रीति की कथक प्रस्तुति, हुईं सम्मानित





रायपुर। जिला प्रशासन कवर्धा द्वारा आयोजित 29वें भोरमदेव महोत्सव के अंतर्गत कथक नृत्य का आयोजन किया गया, जिसमें रायपुर की कथक नृत्यांगना इशिका गिरी ने मनमोहक प्रस्तुति दी। कक्षा 9वीं की छात्रा इशिका कई राष्ट्रीय स्तर के मंचों पर अपनी प्रस्तुति दे चुकी हैं। देशभर से आए कलाकारों के बीच इशिका ने कथक में तराना पेश कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस पर जिला प्रशासन की ओर से इशिका को सम्मानित भी किया गया। इशिका पांच वर्ष की उम्र से शास्त्रीय नृत्य का प्रशिक्षण ले रही हैं। इसी कड़ी में रीति लाल ने श्री आदि शंकराचार्य द्वारा रचित शिव पंचाक्षरी में लखनऊ घराने का कथक नृत्य प्रस्तुत किया, उनके अंग संचालन तथा भाव-भंगिमाओं ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। रीति कृष्णा पब्लिक स्कूल डूंडा की कक्षा 9वीं की छात्रा हैं। वे 4 साल की उम्र से कथक का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। रीति तरुण शर्मा की शिष्या एवं राजेश लाल एवं शुचिता बघेल लाल की पुत्री हैं।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर जिला - कोरिया (छ.ग.)

Phone No. :- 07836-232224 Email ID :- nppbkp@gmail.com

क्रमांक/1026/न.पा.परि./रा./2025 बैकुण्ठपुर दिनांक 28/03/2025

**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर के स्वामित्व की बाईसागर शांपिंग कॉम्पलेक्स के सामने 04 दुकान, नया बस स्टैण्ड में 01 दुकान, आई.डी. एस. एम. टी. सुपर कॉम्पलेक्स 01 दुकान एवं पुराना बस स्टैण्ड के सामने 03 दुकान का आबंटन निर्धारित प्रीमियम (जो कभी वापसी योग्य नहीं होगा) तथा मासिक किराये पर किये जाने हेतु स्पीड पोस्ट या पंजीकृत डाक द्वारा दिनांक 15.04.2025 को अपरान्ह 2:00 बजे तक निर्धारित प्रारूप में शील्ड ऑफर आमंत्रित किये जाते है। प्राप्त ऑफर दिनांक 15.04.2025 को ही उपस्थित ऑफरदाताओं के समक्ष अपरान्ह 3:00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा खोले जायेंगे तथा दिनांक 05.04.2025 तक ऑफर प्रपत्र का निर्धारित शुल्क भुगतान उपरांत नगर पालिका के राजस्व कार्यालय (बाईसागर कॉम्पलेक्स, नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर) से ऑफर प्रपत्र प्राप्त किये जा सकते है। ऑफर प्रपत्र के साथ नगर पालिका का बकाया नहीं प्रमाण- पत्र एवं जमा अमानत राशि बैंक ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक, डी. डी. जो मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर के पक्ष में देय हो संलग्न करना अनिवार्य होगा। अपूर्ण एवं बिना अमानत राशि जमा किये तथा निर्धारित तिथि एवं समयावधि समाप्ति के पश्चात तथा निर्धारित प्रीमियम से कम प्रीमियम राशि का कोई भी ऑफर स्वीकार्य नहीं किया जायेगा। प्राप्त ऑफर को किसी भी स्तर पर स्थगित करने या स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार मुख्य नगरपालिका अधिकारी / प्रशासक नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर के पास सुरक्षित होगा। विवरण :

| क्र. | दुकान का क्षेत्र | दुकान की स्थिति | दुकानों की संख्या | दुकान क्र. | दुकान का आकार | निर्धारित प्रीमियम (प्रति दुकान) | मासिक किराया (प्रति दुकान) | धरोहर राशि (प्रति दुकान) | आवेदन शुल्क (प्रति दुकान) | आरक्षण की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बाईसागर शॉपिंग कॉम्पलेक्स के सामने 22 दुकान में से | भू-तल | 01 | C-6 | 404.38 वर्गफीट | 927493.00 | 5000.00 | 93000.00 | 500.00 | अ.जा. मुक्त |
| 2 | बाईसागर शॉपिंग कॉम्पलेक्स के सामने 22 दुकान के पीछे | प्रथम तल | 04 | G-5 | 326 वर्गफीट | 715795.00 | 3000.00 | 72000.00 | 500.00 | अ.ज.जा. मुक्त |
| | | | | G-6 | 326 वर्गफीट | 715795.00 | 3000.00 | 72000.00 | 500.00 | अ.जा. मुक्त |
| | | | | G-10 | 326 वर्गफीट | 715795.00 | 3000.00 | 72000.00 | 500.00 | अनारक्षित |
| 3 | नया बस स्टैण्ड | भू-तल | 01 | 16 | 120 वर्गफीट | 277242.00 | 1200.00 | 28000.00 | 500.00 | स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के लिये |
| 4 | आई.डी.एस.एम.टी. योजनांतर्गत पोस्ट ऑफिस के सामने | भू-तल | 01 | 11 | 110 वर्गफीट | 237182.00 | 500.00 | 24000.00 | 500.00 | अ.जा. मुक्त |
| 5 | पुराना बस स्टैण्ड के सामने | प्रथम तल | 03 | 1 | 58.74 वर्गमीटर | 1401252.00 | 4200.00 | 150000.00 | 500.00 | स्व. संग्राम सेनानी, भूतपूर्व सैनिक, विकलांग, विधवा, परित्यक्ता, तृतीय लिंग, शिक्षित बेरो, |
| | | | | 2 | 54.74 वर्गमीटर | 1390000.00 | 4200.00 | 140000.00 | 500.00 | अनारक्षित |
| | | | | 3 | 52.8 वर्गमीटर | 1259552.00 | 3800.00 | 130000.00 | 500.00 | अ.जा./ अ.ज.जा. |

नोट :- 1. आरक्षित वर्ग की दुकानों का ऑफर उन्हीं वर्ग के उम्मीदवारों द्वारा ही प्रस्तुत किया जायेगा तथा ऑफर प्रपत्र के साथ आरक्षित वर्ग का सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। 2. अन्य शर्ते नगर पालिका कार्यालय के राजस्व शाखा (बाईसागर कॉम्पलेक्स, नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर) में कार्यालयीन कार्य दिवस एवं समयावधि में अवलोकन किया जा सकता है, जो उपरोक्त शर्तो की पूरक होगी। 3. ऑफर प्रपत्र के साथ संलग्न नियम एवं शर्तो की प्रति पर भी हस्ताक्षर कर ऑफर प्रपत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)



## कार्यालय नगर पंचायत लखनपुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)

Ph. 07774-261501 email: cmolakhanpur@gmail.com

क्रमांक/435/राज. शाखा/2025 लखनपुर, दिनांक 28/03/2025

**नीलामी आमंत्रण सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत लखनपुर द्वारा निर्मित वार्ड क्रमांक 09 में अटल परिसर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स एवं शिवम कॉम्प्लेक्स के दुकानों की आम नीलामी दिनांक 16.04.2025 दिन बुधवार को समय 12:00 बजे सामुदायिक भवन के सभा कक्ष में की जावेगी । इच्छुक व्यक्ति नीलामी के पूर्व दिनांक 15.04.2025 दिन मंगलवार कार्यालयीन समय तक आवेदन शुल्क 1500.00 रूपये एवं अमानत राशि का एफ.डी.आर./डी.डी./नगद के माध्यम से जमा कर नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

**वार्ड क्रमांक 09 अटल परिसर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स नीलामी हेतु दुकानों का विवरण निम्नानुसार है:-**

| क्रं. | दुकान क्रं. | आरक्षित वर्ग | ऑफसेट प्राईज | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 02, 07 | अनुसूचित जन जाति | 435679.00 | 43568.00 |
| 2 | 03 | अनुसूचित जाति | 435679.00 | 43568.00 |
| 3 | 08 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 435679.00 | 43568.00 |
| 4 | 09 | महिला वर्ग | 435679.00 | 43568.00 |
| 5 | 01, 04, 05, 06 | अनारक्षित | 435679.00 | 43568.00 |

**वार्ड क्रमांक 09 शिवम कॉम्प्लेक्स नीलामी हेतु दुकानों का विवरण निम्नानुसार है:-**

| क्रं. | दुकान क्रं. | आरक्षित वर्ग | ऑफसेट प्राईज | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 10, 09, 14 | अनुसूचित जन जाति | 608277.00 | 60828.00 |
| 2 | 01 | अनुसूचित जाति | 608277.00 | 60828.00 |
| 3 | 08, 13 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 608277.00 | 60828.00 |
| 4 | 04, 06 | महिला वर्ग | 608277.00 | 60828.00 |
| 5 | 12 | शिक्षित बेरोजगार | 608277.00 | 60828.00 |
| 6 | 02, 03, 05, 07, 11, 15 | अनारक्षित | 608277.00 | 60828.00 |

1. आरक्षित वर्ग की दुकानों के लिए नीलामी के पूर्व जाति प्रमाण पत्र संलग्न कर सत्यापन कराना आवश्यक है।
2. नीलामी मे भाग लेने हेतु आवेदन शुल्क 1500.00 नगद एवं अमानत राशि को एफ.डी.आर./ बैंक ड्राफ्ट/नगद के माध्यम से दिनांक 15.04.2025 दिन मंगलवार कार्यालयीन समय तक निकाय में जमा करना अनिवार्य है।
3. बोलीकर्ता पिता/पुत्र/परिवार के किसी भी सदस्य का निकाय का बकाया नहीं प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
4. नीलामी में प्राप्त उच्चतम बोली राशि का 50 प्रतिशत तत्काल जमा करना अनिवार्य होगा एवं शेष राशि 07 दिवस के अंदर जमा करना होगा, जमा नही होने की स्थिति में बोली स्वयमेव निरस्त माना जायेगा साथ ही जमा किया गया एफ.डी.आर./डी.डी./नगद अमानत राशि राजसात कर लिया जायेगा।
5. छ.ग. नगर पालिका (अचल सम्पति) नियम 1996 के नियम 3 अनुसार शासन द्वारा जारी नियम शर्तों का पालन किया जाना होगा।
6. दुकान का अधिपत्य देने संबंधी सूचना जारी होने के दिनांक से किराया प्रारंभ होगा।
7. अधिपत्य देने के पूर्व प्रीमियम की समस्त राशि अदा करना होगा एवं शासन के नियमों के अनुसार निर्धारित राशि के स्टाम्प पेपर पर अनुबंध करना होगा ।
8. नीलामी की शेष नियम एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि/दिवस में नगर पंचायत कार्यालय में देखी जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत लखनपुर
जिला सरगुजा (छ.ग.)


MARUTI SUZUKI
NEXA
GRAB IT BEFORE THE PRICE HIKE IN APRIL.
Enjoy a 5 Year Extended Warranty along with unbeatable offers.
17th March 2025
Maruti Suzuki India Ltd. to hike car prices by up to 4% from April.
Maruti Suzuki India Ltd. announced on March 17th that it will increase car prices by up to 4% starting from April 2025, citing rising raw material and operational costs. The price hike will vary across different models.
STRONG HYBRID
GRAND VITARA
GRAND VITARA
PANORAMIC SUNROOF
VENTILATED SEATS
6 AIRBAGS
EV MODE
WIRELESS SMARTPLAY PRO+
5 YEAR WARRANTY 3 YEARS + 2 EXTENDED YEARS
1200+km IN ONE FULL TANK
INTELLIGENT ELECTRIC HYBRID
8 YEAR WARRANTY ON THE BATTERY
Maruti Suzuki offers warranty of 8 years on Strong Hybrid battery.
ONLY 03 DAYS LEFT
BENEFITS UP TO ₹ 1 30 000**
ADDITIONAL SCRAPPAGE BONUS AVAILABLE AGAINST VALID CERTIFICATE OF DEPOSIT.
For any bulk purchase enquiries please email to renjith.nair@maruti.co.in
SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
FOR MORE DETAILS CONTACT MR. SHREY SHIKHAR PH: +91 81308 49972
E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM
Contact us at
1800-200-6392
1800-102-6392
For detailed T&C kindly visit nearest dealership. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice and offers may vary across variants. **Offer includes consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offer (wherever applicable) on select models/variants. Finance is at the sole discretion of financier. #Fuel efficiency as certified by test agency under rule 115 of CMVR 1989, with Fuel Tank capacity of 45L, range is 1258.65 km (45L x 27.97km/l) under standard test conditions. Results may differ depending on actual driving, road, and other conditions. Scrappage offer valid for limited period only and is brought to you by Maruti Suzuki Toyotsu India Private Limited (a joint venture company between Maruti Suzuki India Ltd and Toyota Tsusho Group). Above offers are valid till 31st March 2025. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper. ^Maruti Suzuki offers warranty of ninety six (96) months or 1 60 000 kilometers (whichever occurs first) for Hybrid Electric Vehicle (HEV) battery from the date of invoice to the first owner. ~This extended warranty is applicable for Zeta+ and Alpha+ models of Grand Vitara.

## चिंतन

# चालू खाता घाटा बढ़ने का पड़ेगा नकारात्मक असर

बेशक भारत तेज जीडीपी दर वाला देश हो, लेकिन आर्थिक संकेतक चेतावनी दे रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश का चालू खाता घाटा मौजूदा वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बढ़कर 11.5 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 1.1 प्रतिशत हो गया। चालू खाते के घाटे (कैड) में वृद्धि का मुख्य कारण व्यापार घाटे का अधिक होना है। एक साल पहले की समान तिमाही में यह 10.4 अरब डॉलर (सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी का 1.1 प्रतिशत) था। राजस्व घाटे में भी लगातार वृद्धि हुई है। उद्योग जगत से भी चिंताजनक आंकड़े आए हैं। देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी में घटकर पांच महीने के निचले स्तर 2.9 प्रतिशत पर आ गयी। पिछले साल इसी महीने में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत रही थी। मासिक आधार पर इन उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी में दर्ज 5.1 प्रतिशत की वृद्धि से कम रही। इससे पहले सितंबर में 2.4 प्रतिशत की न्यूनतम वृद्धि दर्ज की गई थी। फरवरी में कच्चा तेल तथा प्राकृतिक गैस उत्पादन की वृद्धि में गिरावट आई। आठ प्रमुख क्षेत्र (क्रूड ऑयल, प्राकृतिक गैस, कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, सीमेंट, उर्वरक, इस्पात व बिजली) औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं। डॉलर के मुकाबले रुपये कमजोर होते जा रहे हैं, शेयर बाजार में उठापटक जारी है। सोने पर भारी दबाव है, पिछले दो तिमाही से जीडीपी दर सिकुड़ रही है, ऐसे में सरकार के लिए आर्थिक मोर्चे पर स्थिति जल्द संभालने की आवश्यकता है। चालू खाता घाटा (करेंट अकाउंट डेफिसिट-कैड) बढ़ने से अर्थव्यवस्था पर कई तरह के नकारात्मक प्रभाव पड़ सकते हैं, जैसे कि मुद्रा की कीमत में गिरावट, विदेशी निवेश में कमी, और ऋण स्तर में वृद्धि आदि। चालू खाता घाटा लगातार बना रहने पर सरकार को इसका वित्तपोषण करना पड़ता है और ऋण लेना पड़ता है। साथ ही कैड बढ़ने देश में आर्थिक संकट का संकेत मिलता है, जिसका अर्थ है कि क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां देश की रेटिंग घटा सकती हैं। कैड में व्यापार खाता (वाणिज्यिक वस्तुओं का आयात और निर्यात), सेवा खाता (सेवाओं का आयात और निर्यात) और विदेश से शुद्ध आय (जैसे कि प्रेषण) शामिल हैं। चालू खाता घाटा की स्थिति तब होती है जब किसी देश के वस्तु और सेवाओं के आयात का मूल्य उसके निर्यात से अधिक होता है। कैड बढ़ने का असर विकास पर पड़ता है, क्योंकि यह राष्ट्रीय निवेश और बचत से निकटता से जुड़ा हुआ है। यह विनिमय दरों को प्रभावित करता है और इस प्रकार किसी अर्थव्यवस्था की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को भी प्रभावित करता है। विदेशी मुद्रा बाजार में रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप से भी कोई मदद नहीं मिल रही है। रुपये में गिरावट जारी है। कैड और राजकोषीय घाटा संयुक्त रूप से दोहरा घाटा है जो शेयर बाज़ार और निवेशकों को प्रभावित कर सकते हैं। कैड का बढ़ना देश में निवेश सेंटिमेंट को बढ़ाता है। हाल के महीनों में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार से पैसे निकाले हैं। पिछले कुछ महीनों से भारत का व्यापार घाटा लगातार बढ़ा है, जिसका मतलब है हम निर्यात से अधिक आयात कर रहे हैं, यह स्थिति तब है जब सरकार मेक इन इंडिया व वोकल फोर लोकल अभियान चला रही है। व्यापार घाटा बढ़ने का ही नतीजा है कि केड बढ़ रहा है। आयात पर अंकुश लगाकर व निर्यात को बढ़ावा देकर सरकार चालू खाता घाटा को कम कर सकती है। भारत को ग्लोबल मार्केट में अपने लिए नए अवसर बनाने चाहिए।



विश्लेषण

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# देश में सहकारिता से आएगा बदलाव

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025 पेश कर दिया और सदन ने इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित भी कर दिया है। देश में निश्चय ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में गहरी सोच का अभाव था, स्वरोजगार और छोटी उद्यमिता के विकास में अरुचि थी। इससे न तो सामाजिक समावेशिता के लक्ष्य पूर्ण हो पा रहे थे और न ही नवाचार में हमारे युवाओं व वैज्ञानिकों के बीच सोच विकसित हो पा रही थी। भारत में नरेंद्र मोदी सरकार के बाद सहकारिता मंत्रालय की स्थापना एक दूरदर्शी लक्ष्य रहा है। भारत में सहकारिता में जनमानस की अपनी सहभागिता दिखती रही है।

भारत में सहकारिता का यह स्वर्णिम काल है। इस समय देश के गृह मंत्री अमित शाह ने स्वयं सहकारिता आन्दोलन की बयार को तेज कर दिया है। देश में आज़ादी के बाद सहकारिता को लेकर किया जा रहा कार्य स्वर्णाक्षरों में अंकित हो रहा है, ऐसा कहा जाए तो कोई अतिश्योक्तिपूर्ण बात न होगी। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025 भी पेश कर दिया और सदन ने इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया है। देश में निश्चय ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में गहरी सोच का अभाव था, स्वरोजगार और छोटी उद्यमिता के विकास में अरुचि थी। इससे न तो सामाजिक समावेशिता के लक्ष्य पूर्ण हो पा रहे थे और न ही नवाचार में हमारे युवाओं व वैज्ञानिकों के बीच सोच विकसित हो पा रही थी। भारत में नरेंद्र मोदी सरकार के बाद सहकारिता मंत्रालय की स्थापना एक दूरदर्शी लक्ष्य रहा है।

इस मंत्रालय की बागडोर सहकारिता में अभिरुचि रखने वाले नेता अमित शाह ने जब सम्हाली तो उन्होंने कम समय में बहुत कुछ कर दिखाया जिससे आज भारत का आम आदमी लाभान्वित हो रहा है। वस्तुतः भारत में सहकारिता में जनमानस की अपनी सहभागिता दिखती रही है। सहकारिता मंत्रालय बन जाने से इस क्षेत्र में फोकस होकर कार्य करने और उपलब्धियों को हासिल करने में बल मिला है। इससे जन सरोकार को बल मिला है और अच्छी बात यह है कि भारत के लोग अपने उद्यम, अपने श्रम और अपनी गरिमा को संयोजित व सुरक्षित करने लगे हैं। लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025 पेश करते हुए सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा भी कि सहकारिता एक ऐसा विषय है जो देश में हर परिवार को छूता है। हर गाँव में कोई न कोई ऐसी इकाई है जो सहकारिता के माध्यम से कृषि विकास, ग्रामीण विकास और स्वरोजगार के काम में जुटी हुई है और देश के विकास में योगदान करती है। आजादी के 75 वर्षों बाद आज देश को पहला सहकारिता विश्वविद्यालय मिल रहा है। इस विधेयक के पारित होने के बाद ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी, स्वरोजगार और छोटी उद्यमिता का विकास होगा, सामाजिक समावेशिता बढ़ेगी और नवाचार तथा अनुसंधान में कई नए मानांक स्थापित करने के अवसर भी मिलेंगे। सबसे अहम् बात जो अमित शाह ने कही, वह यह कि इस प्रकार पूरे देश को सहकारिता की भावना से युक्त और आधुनिक शिक्षा से लैस एक नया सहकारिता नेतृत्व मिलेगा।

भारतीय समाज में सहकारिता की यह अलख जगाने की इच्छाशक्ति निःसंदेह प्रशंसनीय है और अनुकरणीय भी है। भारतीय जनमानस को स्वावलंबन देने व अपने संकल्प से देश को विकास पथ पर आगे ले जाने की दिशा में यह अमित शाह का कार्य है। उनकी इस विश्वविद्यालय को स्थापित करने के पीछे मंशा बहुत पवित्र है, सबसे महत्वपूर्ण यह है। वह इस कोऑपरेटिव क्षेत्र के विकास और विस्तारित करने की कोशिश में हैं। वह चाहते हैं कि प्रशिक्षित मानव संसाधन की जरूरत हमें पड़ेगी, उसकी भरपाई त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी से वह पूरा कर सकें। अमित शाह ने उम्मीद ही नहीं विश्वास व्यक्त किया है कि सहकारी यूनिवर्सिटी बनने के बाद इसके डिप्लोमा और डिग्री धारकों को नौकरी



मिलेगी। इस यूनिवर्सिटी से हम डोमेस्टिक के साथ ग्लोबल वैल्यू चेन में भी बड़ा योगदान करेंगे। न्यू एज कोऑपरेटिव कल्चर भी इस यूनिवर्सिटी से शुरू होगा। उनकी चिंता है कि देशभर में हजारों की संख्या में सहकारी शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान फैले हुए हैं, मगर इनके कोर्स में कोई मानकीकरण नहीं है। वह चाहते हैं कि इसे हम व्यवस्थित कर सकें। उन्होंने इसीलिए लोक सभा में विधेयक पेश करते हुए अपने ज़वाब में कहा कि हमने यूनिवर्सिटी बनने से पहले ही कोऑपरेटिव क्षेत्र की जरूरत को ध्यान में रखकर कोर्स डिजाइन का काम शुरू कर दिया है। यूनिवर्सिटी में डिग्री, डिप्लोमा कोर्स भी होंगे और पीएचडी की डिग्री भी दी जाएगी। साथ ही सहकारिता के क्षेत्र में काम कर सभी मौजूदा कर्मचारियों के लिए अल्पावधि का सर्टिफिकेट कोर्स भी होगा।

सहकारिता क्षेत्र को समर्पित देश का पहला विश्वविद्यालय आजादी के 75 साल बाद बनेगा और सोचिए कि जब उससे हमारे देश की युवा आबादी प्रशिक्षित होगी तो सहकारिता को बढ़ावा देने वाले लोग, सहकारिता की सोच को आगे बढ़ाने वाले बौद्धिक वर्ग को हम तैयार करेंगे। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह चाहते हैं कि प्रतिवर्ष लाखों युवा लोग डिप्लोमा, डिग्री या सर्टिफिकेट लेकर सहकारी आंदोलन में सम्मिलित हों। शाह ने कहा भी कि वे 18 वर्ष की आयु से कोऑपरेटिव से जुड़े रहे हैं और इसकी खूबियों और कमियों का अनुभव किया है। मोदी जी एक समृद्ध भारत की नींव डाल रहे हैं और यह विधेयक इसमें मजबूत स्ट्रक्चर प्रदान करेगा। त्रिभुवन दास पटेल की सोच थी कि सहकारी क्षेत्र में मुनाफा हर गरीब महिला तक पहुंचे, इसलिए यह यूनिवर्सिटी उनके नाम पर रखने का प्रस्ताव किया गया है। इस विश्वविद्यालय के बनने से निश्चय ही अमित शाह के अपने सहकारिता सोच व स्वप्न को साकार होते हुए भारत के लोग देखेंगे और उससे लाभान्वित होंगे। दुनिया में बहु-क्षेत्रीय स्वनिर्भर सहकारिता संगठन आगे आकर कार्य कर रहे हैं। सहकारिता क्षेत्र को बढ़ावा देने वाली शिक्षण व कौशल निर्माण कार्यशालाओं का आयोजन विश्व भर में किया जा रहा है। जैसा कि केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस विधेयक के माध्यम से सहकारी सिद्धांतों और सहकारी गतिविधियों का विस्तार होगा, कोऑपरेटिव क्षेत्र को नई प्रोद्योगिकी का फायदा होगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। साथ ही अनुसंधान और नवाचार भी बढ़ेंगे और जमीनी स्तर पर कोऑपरेटिव क्षेत्र मजबूत भी होगा। त्रिभुवन दास जैसे महान व्यक्ति के नाम से जुड़े होने के कारण यह सहकारी यूनिवर्सिटी उच्च कोटि की यूनिवर्सिटी सिद्ध होगी। यह देश में बहुत अच्छे सहकारिता कर्मी देने का काम करेगी। यह उनका स्वाभाविक इच्छाशक्ति और अपनी आत्मशक्ति का प्रतिफल है। निःसंदेह अब त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय से सहकारी क्षेत्र को संगठनों की कार्यक्षमता में सुधार, प्रशिक्षित मानव संसाधनों से पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा। डिजिटल नवाचार के तहत सहकारी प्लेटफार्मों पर अनुसंधान, अंतरराष्ट्रीय मानकों पर सहकारी संस्थानों का निर्माण और नई फंडिंग योजनाओं के विकास के लिए वित्तीय रणनीतियों का सृजन होगा तो इससे देश ही विकास करेगा। अमित शाह ने अपने कम समय में जो प्रतिष्ठित अवदान विश्वविद्यालय के रूप में दिया है, उसका अभिनन्दन किया जाना चाहिए। यह सहकारिता के लिए नए नैरेटिव की स्थापना है। यह उनका भारत निर्माण की दिशा में किया जा रहा सद्प्रयास है। त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025 भले ही अभी शुरू हो रहा हो, लेकिन आने वाले 2047 तक यह विश्वविद्यालय लाखों युवा सहकारी पैरोकारों को तैयार कर चुका होगा।

(लेखक राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी रह चुके हैं और केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## वर्ल्ड बाइपोलर डे

खुशी जिंदल



# मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाना जरूरी

हम अक्सर शारीरिक बीमारियों के बारे में खुलकर बात करते हैं, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा करने से कतराते हैं। अगर कोई व्यक्ति डिप्रेशन या किसी अन्य मानसिक बीमारी से जूझ रहा हो, तो समाज उसे समझने की बजाय 'पागल' या 'अजीब' कहकर उसका आत्मविश्वास और भी गिरा देता है। यही कारण है कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को अक्सर नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है, जबकि ये उतनी ही वास्तविक और गंभीर होती हैं जितनी कोई शारीरिक बीमारी। आज के समय में, जहां तनाव और चिंता हमारे जीवन का हिस्सा बन चुके हैं, मानसिक बीमारियों का बढ़ना स्वाभाविक है।

आज के दिन यानि 30 मार्च को "वर्ल्ड बाइपोलर डे" मनाया जाता है ताकि बाइपोलर डिसऑर्डर जैसी मानसिक समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके और इस विषय पर खुलकर बात की जा सके। बाइपोलर डिसऑर्डर एक गंभीर मानसिक बीमारी है जिसमें व्यक्ति के मूड में तीव्र और अनियमित बदलाव होते हैं। यह बदलाव हफ्तों या महीनों तक रह सकते हैं और व्यक्ति की रोज़मर्रा की ज़िंदगी, रिश्तों और कामकाज पर गहरा असर डाल सकते हैं। इस बीमारी में व्यक्ति के भावनात्मक अनुभव दो विपरीत दिशाओं में जा सकते हैं। एक समय पर वह अत्यधिक उत्साहित, ऊर्जावान और आत्मविश्वासी महसूस कर सकता है। इस दौरान व्यक्ति को कम सोने पर भी थकान महसूस नहीं होती और उसका दिमाग तेज़ी से विचारों से भरा रहता है। वह एक बात पूरी किए बिना दूसरी पर चला जाता है और अत्यधिक बातें करने लगता है। इस



अवस्था में कई बार व्यक्ति बिना सोचे-समझे बड़े फैसले ले लेता है, जैसे बेवजह पैसे खर्च करना, तेज़ गाड़ी चलाना या जोखिम भरे काम करना। दूसरी अवस्था में व्यक्ति अत्यधिक उदास, अकेला और निराश महसूस करता है। उसे ऐसा लग सकता है कि उसकी ज़िंदगी में कुछ भी अच्छा नहीं है। पहले जिन चीज़ों में रुचि थी, उनमें अब कोई आनंद महसूस नहीं होता। व्यक्ति या तो बहुत ज़्यादा सोता है या बिल्कुल नहीं सो पाता। हर समय थकान और ऊर्जा की कमी बनी रहती है। नकारात्मक विचार हावी हो जाते हैं, यहां तक कि व्यक्ति आत्महत्या के बारे में भी सोच सकता है। अगर कोई व्यक्ति इनमें से कुछ लक्षण महसूस करता है या उसके आसपास कोई इनका अनुभव कर रहा है, तो उसे नजरअंदाज या तिरस्कार करने के बजाय एक अच्छे मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, जैसे कि साइकोलॉजिस्ट या साइकियाट्रिस्ट से संपर्क करना चाहिए। बाइपोलर डिसऑर्डर का सही इलाज संभव है और समय पर उपचार से व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकता है।

सबसे ज़रूरी यह है कि इस बीमारी से जूझ रहे व्यक्ति को समाज से समर्थन और समझ मिले, न कि तिरस्कार। इसे नियंत्रित रखने के लिए कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना चाहिए, नशे और शराब से बचें, क्योंकि ये लक्षणों को और बिगाड़ सकते हैं। समय पर डॉक्टर से सलाह लें। अपने परिवार और दोस्तों को अपनी स्थिति के बारे में बताएं ताकि वे सही समय पर सहायता कर सकें। नियमित दिनचर्या बनाए रखें, तनाव कम करें और पर्याप्त नींद लें। सबसे जरूरी बात, डॉक्टर द्वारा दी गई दवाओं को नियमित रूप से लें और बिना सलाह के बंद न करें। मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए सकारात्मक सोच, नियमित व्यायाम, अच्छी नींद, संतुलित आहार और अपनों से बातचीत करना जरूरी है। ये आदतें न केवल तनाव को कम करती हैं, बल्कि गंभीर मानसिक बीमारियों, जैसे बाइपोलर डिसऑर्डर, से भी बचाने में मदद करती हैं। जब हम अपनी भावनाओं को समझते और नियंत्रित करते हैं, तो अचानक आने वाले मूड स्विंग्स, अत्यधिक उदासी या अतिउत्साह जैसी स्थितियों से बच सकते हैं। मानसिक बीमारियों को जितना जल्दी पहचाना जाए, उतना ही जल्दी सही इलाज संभव होता है। इस वर्ल्ड बाइपोलर डे पर हमें मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ानी चाहिए, क्योंकि यह भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है।

(लेखिका क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# अहिंसा के प्रयोग




संकलित

दर्शन

हिंसा को किसी भी प्रकार से रोकना या इसके प्रभाव को कम करना, समाज का अनिवार्य कर्तव्य है। हिंसा अनेक तरह की हो सकती है। शारीरिक हिंसा के अतिरिक्त यह मानसिक, शाब्दिक या परोक्ष भी हो सकती है। ऐसी स्थितियां उत्पन्न कर देना, जिससे भय एवं आतंक की छाया में जीवन हर समय आशंकित हो, अव्यवस्थित हो- अप्रत्यक्ष हिंसा है। इसलिए प्रत्येक हिंसा का शमन ही मानव के लिए हितकारी है। हिंसा किसी पशु या अमानुष का विषय हो सकती है, परंतु मानव का धर्म कतई नहीं हो सकती। अहिंसा परमो धर्मः, यही सत्य वचन है। हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। अहिंसा सभी समस्याओं का हल है। लोगों के मन के भीतर प्रेम का बीज होता है, घृणा का फल नहीं। सावधानी से आदर्श व्यवहार का धैर्यपूर्वक पालन किया जाए तो विवाद की स्थिति नहीं आ सकती। किसी विवाद के उत्पन्न होने से शांति के लिए सदैव एक राह शेष रहती है, इस तथ्य को गांठ बांध लेना चाहिए।

वार्ता से रास्ता निकलता है। संवेदनहीनता से मानवता का मार्ग अवरुद्ध होगा। आप भगवान को मानें या न मानें, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे आपका महत्व अवश्य बढ़ेगा या घटेगा। इसी तरह प्रकृति के विषय में सार्थक सोच होना चाहिए। नैतिकता के पाठों में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। हिंसा तो मानवता के लिए विष के समान है। अहिंसा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति शांति के सच्चे नायक हैं।

# मूर्ख साधू और ठग



संकलित

प्रेरणा

किसी गाँव के मंदिर में देव शर्मा नाम का एक प्रतिष्ठित साधू रहता था। उसे अपने भक्तों से दान में तरह- तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य सामग्री और पैसे मिलते थे। उन वस्त्रों को बेचकर साधू ने काफी धन जमा कर लिया था। वह अपने धन को एक पोटली में रखता था और उसे हमेशा अपने साथ लेकर ही चलता था। उसी गाँव में एक ठग रहता था। ठग हमेशा साधू का पीछा किया करता था, लेकिन साधू उस गठरी को कभी अपने से अलग नहीं होने देता। उसने साधू से मिन्नत की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले क्योंकि वह ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। साधू तैयार हो गया और इस तरह से वह ठग साधू के साथ ही मंदिर में रहने लगा। ठग मंदिर की साफ सफाई से लेकर अन्य सभी कार्य भी करता था। एक दिन साधू को पास के गांव में एक अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया, साधू ने वह आमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित दिन साधू अपने शिष्य के साथ अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में एक नदी पड़ी और साधू ने स्नान करने की इच्छा व्यक्त की। उसने पैसों की गठरी को एक कम्बल के भीतर रखा और उसे नदी के किनारे रख दिया। उसने ठग से सामान की रखवाली करने को कहा और खुद नहाने चला गया। ठग को तो कब से इसी पल का इंतज़ार था। जैसे ही साधू नदी में डुबकी लगाने गया, वह रुपयों की गठरी लेकर चम्पत हो गया। शिक्षाः किसी अजनबी की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर ही उस पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### न्यायपालिका में सुधार की आवश्यकता

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक फैसले पर रोक लगा दी है। इससे रेप के मामले चर्चा में आ गए हैं। यह कोई पहला मामला नहीं है जब न्यायपालिका के किसी फैसले ने विवाद खड़ा किया हो। इससे पहले भी कई ऐसे निर्णय सामने आए हैं, जिन्होंने यौन हिंसा से जुड़े मामलों में न्याय व्यवस्था की संवेदनशीलता पर सवाल उठाए हैं। कई बार पीड़ितों को न्याय मिलने में सालों लग जाते हैं और कई मामलों में फैसले इतने कमजोर होते हैं कि अपराधियों को इसका लाभ मिल जाता है। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि न्यायपालिका को यौन अपराधों के मामलों में अधिक जागरूक और संवेदनशील होने की जरूरत है। सिर्फ कानून की किताबों में लिखी धाराओं का पालन करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह भी देखना जरूरी है कि इनका समाज पर क्या प्रभाव पड़ता है?

- प्रभात साहू, धमतरी

## ट्रेंड

### एकजुट होकर काम करेंगे



कर्नाटक के जिला कांग्रेस अध्यक्षों से मुलाकात की। वे पार्टी की विचारधारा की रक्षा और प्रचार में सबसे आगे हैं। हम सब मिलकर पार्टी को मजबूत करेंगे और लोगों के कल्याण और संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होकर काम करेंगे।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### शासन-प्रशासन निष्क्रिय



प्रतापगढ़ में दलित समाज की युवती की मौत पर शासन-प्रशासन की निष्क्रियता और उदासीनता से भीड़ के आक्रोशित होने के लिए भाजपा सरकार स्वयं ज़िम्मेदार है। शासन-प्रशासन 'पीडीए समाज' में किसी की मौत होने पर भी चुप्पी साधकर बैठ जाता है।

**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### सीमाओं को आगे बढ़ाएं



सफलता का मतलब नियमों का पालन करना नहीं है। इसका मतलब है उन्हें फिर से लिखना। अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाएँ, तेज़ी से आगे बढ़ें और हमेशा चादर से ज़्यादा पैर फैलाएं!

**-अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

### समय मन की रचना




जितना अधिक आप क्वांटम विज्ञान और रहस्यवाद का अध्ययन करते हैं, उतना ही आपको एहसास होता है कि कुछ भी शुरू नहीं हुआ और कुछ भी समाप्त नहीं हुआ। समय मानव मन की रचना है। इसलिए सबसे अच्छी कहानियाँ अंत का सुझाव देती हैं।

**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

# ऑस्ट्रेलिया में तीन मई को होगा चुनाव

ऑस्ट्रेलिया में तीन मई को आम चुनाव के लिए मतदान होगा जिसमें बढ़ती महंगाई और आवास की कमी मुख्य चुनावी मुद्दे हो सकते हैं। देश के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस की वामपंथी 'लेबर पार्टी' लगातार दूसरी बार सरकार बनाने की कोशिश कर रही हैं। अल्बानीज चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने के लिए शुक्रवार को गवर्नर जनरल सैम मोस्टिन के आधिकारिक आवास पर गए और उन्होंने बाद में संसद भवन में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान चुनाव की तारीख की घोषणा की। अल्बानीज ने कहा, ''हमारी सरकार ने वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई तरीका चुना है: भविष्य के लिए निर्माण करते हुए जीवनयापन की लागत के दबाव से जूझ रहे लोगों की मदद करने के तरीका।'' कई विश्लेषकों ने विपक्षी नेता पीटर डटन की 'लिबरल पार्टी' के नेतृत्व वाले रूढ़िवादी गठबंधन के चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने की संभावना जताई है। अल्बानीस के सत्ता में आने के बाद से ऑस्ट्रेलिया में जीवनयापन की लागत में वृद्धि हुई है। पिछले चुनाव के बाद से ब्याज दरों में 12 बार बढ़ोतरी की गई है।



## ऑफ बीट

# स्टेम सेल से मानव भ्रूण बनाने पर शोध

कृत्रिम मानव भ्रूण – जिन्हें भ्रूण शरीर, भ्रूण जैसी संरचनाएं या भ्रूण मॉडल भी कहा जाता है – 'प्राकृतिक मानव भ्रूण' के विकास की नकल करते हैं, जो निषेचन द्वारा निर्मित होते हैं। सिंथेटिक मानव भ्रूण में 'कोशिकाएं शामिल होती हैं जो आम तौर पर भ्रूण, प्लेसेंटा और जर्दी थैली का निर्माण करती हैं, और रोगाणु कोशिकाओं के अग्रदूत बनने के लिए विकसित होती हैं (जो शुक्राणु और अंडे का निर्माण करेंगी)।' यद्यपि प्राकृतिक मानव भ्रूण से संबंधित अनुसंधान कई देशों में कानूनी है, फिर भी यह विवादास्पद बना हुआ है। कुछ लोगों के लिए, कृत्रिम मानव भ्रूण से जुड़ा शोध कम विवादास्पद है क्योंकि ये भ्रूण 'प्रसवोत्तर चरण के मनुष्यों के बराबर विकसित नहीं हो सकते हैं।' दूसरे शब्दों में, ये भ्रूण अव्यवहार्य हैं और इनसे आगे जाकर किसी का जन्म नहीं हो सकता। इसके अलावा, कुछ का मानना है कि सिंथेटिक मानव भ्रूण का निर्माण 14–दिन की सीमा से परे अनुसंधान की अनुमति देगा जो आमतौर पर प्राकृतिक मानव भ्रूण पर लागू होता है। लेकिन क्या ऐसा होगा? यू.के. कानून मानव भ्रूण के अनुसंधान उपयोग को विकास के 14 दिनों तक सीमित करता है।



**हमारा पता**

हरिभूमि कार्यालय

रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर

फोन: 401050,271016,फैक्स-271018

ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com

वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# मोदी की सभा में रायपुर से 200 से ज्यादा वाहनों में दस हजार भाजपा नेता, कार्यकर्ता, समर्थक आएंगे

## रायपुर निगम को सात हजार, बिरगांव को दो हजार माना नगर पंचायत को एक हजार का लक्ष्य



हरिभूमि न्यूजः रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 30 मार्च को बिल्हा विधानसभा के मोहभट्ठा में होने वाली सभा में भाजपा ने प्रदेशभर से दो लाख की भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए सभी को अलग-अलग लक्ष्य दिया गया है। रायपुर से दो सौ से ज्यादा वाहनों में दस हजार लोगों को ले जाने की तैयारी है। रायपुर से लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, चारों विधानसभा के विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी, मोती लाल साहू, महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, निगम के सभी पार्षद, भाजपा के शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर अपने समर्थकों के साथ जाएंगे।

विधानसभा और लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का छत्तीसगढ़ आना हो रहा है। ऐसे में प्रदेश भाजपा संगठन ने उनकी सभा में बड़ा शक्ति प्रदर्शन करने का फैसला किया है। इसके लिए प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन यहां पर बैठक भी ले चुके हैं। बैठक में दो लाख की भीड़ जुटाने का लक्ष्य तय किया गया। यह भी तय किया गया है कि प्रदेश भर से पंच, सरपंच से लेकर विधायक, सांसद, प्रदेश के मंत्री और मुख्यमंत्री भी सभा में रहेंगे। हर संभाग और जिलों को लक्ष्य भी दिया गया है। सबसे बड़ा फोकस रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग के जिलों पर है। इसी के साथ बस्तर और सरगुजा के जिलों पर ज्यादा भार नहीं डाला गया है।

रायपुर को दस हजार का लक्ष्य दिया गया है। ऐसे में रायपुर शहर जिला की बैठक करके नगर निगम के हर वार्ड से सौ-सौ की कार्यकर्ता, समर्थकों को ले जाने लक्ष्य तय किया गया है। इसी के साथ यह भी तय किया गया है कि भाजपा नेता और कार्यकर्ता अपने-अपने निजी वाहनों में भी अपने समर्थकों के साथ जाएंगे। सभा स्थल तक जाने के लिए 70 बसों की भी व्यवस्था की गई है। रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने बताया, रायपुर नगर निगम क्षेत्र से सात हजार, बिरगांव नगर निगम से दो हजार और माना नगर पंचायत के एक हजार भाजपा के कार्यकर्ता और समर्थक सभा के लिए रायपुर से जाएंगे।

### भाजपा मंडल ने तैयारियों को लेकर किया मंथन

पीएम नरेंद्र मोदी के आगामी 30 मार्च को छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर तैयारियों के लिए मंथन तेज होने लगा है। बिरगांव भाजपा मंडल ने उनकी सभा को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को एक बैठक आयोजित की। बिलासपुर के मोहभट्ठा में प्रधानमंत्री मोदी प्रदेश की जनता को संबोधित करेंगे एवं कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाएंगे। बिरगांव निगम क्षेत्र के मंडलों की दौरे के मद्देनजर एक बैठक की गई। इसके बारे में बिरगांव मंडल के अध्यक्ष भागीरथी यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ के मोंहभट्ठा में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन होना तय है। इसके पूर्व तैयारी को लेकर निगम क्षेत्र के मां बंजारी मंडल के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी बांटने के लिए उरकुरा में एक बैठक की गई। प्रभारी सच्चिदानंद उपासने इसमें प्रमुख रूप से शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तय की। विभिन्न मुद्दों पर चर्चा में निगम के नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश साहू, पार्षद होरी लाल देवांगन, बेदराम साहू, शरद साहू एवं मां बंजारी माता मंडल के भाजपा कार्यकर्ता प्रमुख रूप से शामिल हुए।

## एनडीपीएस एक्ट का दिया प्रशिक्षण

रायपुर। कालीबाड़ी स्थित ट्रैफिक थाने में गुरुवार को रेंज आईजी अमरेश मिश्रा के मार्गदर्शन तथा एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह के निर्देशन में एनडीपीएस एक्ट विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण भारत सरकार गृहमंत्रालय के अधीन नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के वरिष्ठ अधिकारियों के सहयोग से दिया गया, जिसमें मुख्य रूप से एनसीबी के जोनल निदेशक रविशंकर जोशी तथा एसपी अनिल कुमार एवं अभियोजन अधिकारी भुवन साहू ने ड्रग्स के प्रकार, नशीले पदार्थों का वर्गीकरण, इस संदर्भ में फायनेशियल (आर्थिक) अन्वेषण, इसका निष्प्रयोजन, जब्ती एवं संकलन तथा निराकरण की कार्रवाई के बारे में जानकारी दी।

## शादी का प्रलोभन देकर युवती से किया अनाचार

रायपुर। शादी का प्रलोभन देकर युवती से रेप कर गर्भवती बनाने के आरोपी को गोलबाजार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवती ने पद्मलोचन जगत के खिलाफ शादी करने का झांसा देकर रेप तथा गर्भवती करने की शिकायत दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पद्मलोचन पुलिस को लगातार चकमा देकर भाग रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पद्मलोचन को गिरफ्तार किया है।


BAJAJ FINSERV

**सोने के गहनों की नीलामी के लिए समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना**
**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालयः मुंबई–पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे–411035

BFL सभी ऋणियों और सर्वसाधारण को सूचित करता है कि गोल्ड लोन लेते समय ऋणी ने बतौर सेक्युरिटी अपने लोन खाते में सोने के गहने गिरवी रखे और बार–बार नोटिस दिए जाने के बावजूद जो ऋणी लोन की राशि चुकाने या आवश्यक मार्जिन देने में विफल रहे उनके गहने 'जहां है जैसा है और जो है जैसा है' आधार पर नीलाम किए जाएंगे। निविदा करने वालों से अनुरोध है कि नीचे दी गई शर्तों का पालन करें:

(क) क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (लोन, गहनों का सकल वजन, स्थान और नीलामी की तिथि) की सम्पूर्ण जानकारी देखें।
(ख) सार्वजनिक नीलामी से संबंधित निविदा के सभी नियम और शर्तें ("टी एण्ड सी") वेबलिंक http://172.30.1.235:3000/?WOUB2QG9WU के माध्यम से पढ़ें;
(ग) नियम और शर्तें समझ लें और उसके बाद ही नीलामी की तिथि या उससे पहले बतौर अग्रिम जमा राशि रु.25,000 फंड ट्रांसफर (एनईएफटी/आरटीजीएस/बजाज गोल्ड ऑक्शन ऐप) कर दें;
(घ) नीलामी के स्थान पर सुबह 10 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज करें; तथा
(ङ) नीलामी के स्थान पर अपना पहचान और पते का वैध प्रमाण लेकर आएं।
(च) नीलामी की दिन में दोपहर 12 बजे के बाद नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
(छ) शाखा प्रबंधक/नीलामीकर्ता को बोली लगाने वालों की भागीदारी स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है, यदि वे निर्धारित समय सीमा में भाग नहीं लेते हैं, चाहे वे अग्रिम राशि जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान कर चुके हो।

स्कैन करें

नीलामी के स्थान और तिथि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो उसकी सूचना नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित की जाएगी। आपका निविदा करना उपरोक्त शर्तों पर सहमत होना माना जाएगा। यदि सार्वजनिक नीलामी से बिक्री निलंबित/निरस्त होती है तो बीएफएल ऋणी(ऋणियों) के कहने पर निजी तौर पर गहनों की बिक्री करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है। अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे इस ईमेल आईडी पर संपर्क करे – gold.auction@bajajfinserv.in

(11-04-25) बिलासपुर–अग्रसेन चौक; PGJ8GOL10702853, 0782385, 0783343, 0813311, 0854622, 0875763, 0876070, 0922412. बिलासपुर–मुंगेली नाका; PCZ5GOL8473959. बिलासपुर–सरकंडा; P42HGOL10570390, 0642515, 0706906, 0720953, 0745668, 0779323, 0798210, 0820399, 0848303, 0846972. (14-04-25) कटघोरा - BGL; P25EGOL10644376, 0832695, 0870357, 0865349, 0890540, 0925992, 0923492. कोरबा – सीएसईबी चौक; PEQ2GOL10665356, 0687044, 0778117, 0904039. (15-04-25) मनेन्द्रगढ़ - BGL; PV99GOL10569986, 0629927, 0777297, 0778412, 0779451, 0799470, 0812505, 0873442, 0920388. (17-04-25) भिलाई – जीई रोड; PBX2GOL10666699, 0666886, 0694453, 0783920. दुर्ग–स्टेशन रोड; P08IGOL10695323, 0733964. (18-04-25) राजनंदगाँव–जीई रोड; PEN6GOL10541286, 0688372, 0764163. (21-04-25) रायपुर – पियांक टावर; PEN5GOL10585340, 0664738, 0664978, 0709721, 0715293, 0718239, 0719850, 0782420, 0815891. रायपुर – तेलीबंधा रोड; PF45GOL8751975, 0585725, 0597362, 0609303, 0703927, 0720377. (22-04-25): महासमुंद- BGL; P6U8GOL10719260.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**



**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/एजीएम (हसदेव)/भू.रा./24-25/211 — **सूचना** — दिनांक 27.03.2025

इस प्रकाशन के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि एसईसीएल हसदेव क्षेत्रान्तर्गत शीतलधारा कुरजा यूजी माईन कालरी डिपलरिंग हेतु ग्राम- कुरजा के निम्नलिखित भू-विस्थापितों एवं उनके द्वारा नामित, आश्रित उम्मीदवार को एसईसीएल में रोजगार प्रदान करने हेतु एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से स्वीकृति प्राप्त किये जाने बाबत् औपचारिकताएं यथशीघ्र प्रारम्भ की जावेगी।

| Sl No. | Name as per Land Owner on date of sanction 9(i) | Name as per P-II & B-I Statement 1-A [Landowner on date of compensation assessment] | Name of PAP proposed for employment | | Document | Name |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संतरिया बेवा बुद्वसेन, केशर सिंह मंगल, राजकुमार पिता बुद्वसेन जाति -गोड़ ग्राम-कोरजा खसरा नं. - 256/1 रकबा-0.474 हे0 (1.17 एकड) | संतरिया बेवा बुद्वसेन, केशर सिंह मंगल, राजकुमार पिता बुद्वसेन जाति -गोड़ ग्राम-कोरजा खसरा नं. -256/1 रकबा-0.474 हे0 (1.17 एकड) | राजकुमार सिंह पिता स्व0 बुद्वसेन गोड़ | 1 | वंशवृक्ष | राजकुमार सिंह पिता बुद्वसेन गोड़ |
| | | | | 2 | निवास प्रमाण पत्र | राजकुमार सिंह पिता स्व0 बुद्वसेन गोड़ |
| | | | | 3 | राशन कार्ड | राजकुमार सिंह पिता स्व0 बुद्वसेन |
| | | | | 4 | मतदाता परिचय पत्र | राजकुमार सिंह पिता लेट बुद्वसेन गोड़ |
| | | | | 5 | आधार कार्ड | राजकुमार सिंह पिता स्व0 बुद्वसेन गोड़ |
| | | | | 6 | शिक्षा प्रमाण पत्र | राजकुमार गोड़ पिता बुद्वसेन सिंह गोड़ |
| | | | | 7 | रोजगार पंजीयन | Rajkumar Singh |
| | | | | 8 | पेनकार्ड | RAJKUMAR SINGH S/0 BUDDHSEN SINGH |
| | | | | 9 | जाति प्रमाण पत्र | राजकुमार सिंह पिता स्व0 बुद्वसेन गोड़ |

उपरोक्त तालिका में दर्शाये गये भू-स्वामी एवं आश्रित रोजगार बाबत् प्रस्तावित सदस्य के संबंध में किसी भी संबंधित व्यक्ति को इस पर आपत्ति हो, तो अपना पूरा नाम हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजो/प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि के पश्चात् या दस्तावेजी प्रमाण नही होने की स्थिती में दावा-आपत्ति मान्य नही होगा।

क्षेत्रीय महाप्रबंधक, हसदेव क्षेत्र



**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

No. SECL/AGM(HSD)/L&R/24-25/198, — **सूचना** — Date: 17.03.2025

इस प्रकाशन के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि एसईसीएल हसदेव क्षेत्रान्तर्गत कुरजा शीतलधारा यूजी माईन के डिपलरिंग कार्य हेतु ग्राम – दलदल के निम्नलिखित भू–स्वामियों की भूमि का अधिग्रहण पश्चात निर्धारित मुआवजा का भुगतान किया जा चुका है एवं उनके द्वारा रोजगार के बदले नगद मुआवजा राशि प्राप्त करने हेतु एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से स्वीकृति प्राप्त किये जाने बाबत् औपचारिकताएँ यथाशीघ्र प्रारम्भ की जायेगी।

| Sl. No. | Name as per Land Owner on date of sanction 9(i) | Name as per P-II & B-I Statement 1-A [Landowner on date of compensation assessment] | Name of PAP proposed for employment | | Document | Name |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आषीश कुमार पिता प्रमोद कुमार नाबालिक सरपरस्त पिता प्रमोद कुमार खेड़िया जाति – खेड़िया ग्राम–दलदल खसरा नं. – 159/1 रकबा–2.114 हे. (5.22 एकड़) | आषीश कुमार पिता प्रमोद कुमार नाबालिक सरपरस्त पिता प्रमोद कुमार खेड़िया जाति – खेड़िया ग्राम–दलदल खसरा नं. – 159/1 रकबा–2.114 हे. (5.22 एकड़) | आषीश कुमार पिता प्रमोद कुमार | 1 | खसरा खतौनी | आषीश कुमार पिता प्रमोद कुमार जाति – खेड़िया |
| | | | | 2 | ऋण पुस्तिका | आषीश कुमार पिता प्रमोद कुमार जाति – खेड़िया |
| | | | | 3 | आधार कार्ड | आशीष खेड़िया पिता प्रमोद खेड़िया |
| | | | | 4 | बैंक पासबुक | MR. ASHISH KHEDIA |
| | | | | 5 | पेन कार्ड | ASHISH KHEDIA S/O PRAMOD KUMAR KHEDIA |
| 2 | गौरव कुमार पिता प्रमोद कुमार नाबालिक सरपरस्त पिता प्रमोद कुमार खेड़िया जाति – खेड़िया ग्राम–दलदल खसरा नं. – 159/2/क रकबा–1.103 हे. (2.73 एकड़) | गौरव कुमार पिता प्रमोद कुमार नाबालिक सरपरस्त पिता प्रमोद कुमार खेड़िया जाति – खेड़िया ग्राम–दलदल खसरा नं. – 159/2/क रकबा–1.103 हे. (2.73 एकड़) | गौरव कुमार पिता प्रमोद कुमार | 1 | खसरा खतौनी | गौरव कुमार पिता प्रमोद कुमार जाति – खेड़िया |
| | | | | 2 | ऋण पुस्तिका | गौरव कुमार पिता प्रमोद कुमार जाति – खेड़िया |
| | | | | 3 | आधार कार्ड | गौरव खेड़िया पिता प्रमोद खेड़िया |
| | | | | 4 | बैंक पासबुक | MR. GAURAV KHEDIA |
| | | | | 5 | पेन कार्ड | GAURAV KHEDIA S/O PRAMOD KUMAR KHEDIA |

उपरोक्त तालिका में दर्शाये गये भू–स्वामी के रोजगार के बदले नगद मुआवजा राशि प्राप्त करने हेतु किसी भी संबंधित व्यक्ति को इस पर आपत्ति हो, तो अपना पूरा नाम हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजों/प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि के पश्चात् या दस्तावेजी प्रमाण नहीं होने की स्थिती में दावा–आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क्षेत्रीय महाप्रबंधक, हसदेव क्षेत्र



**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/जीएम/रायगढ़/भू.रा./25/460 — **सूचना** — दिनांक 03.03.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र की बरौद वाशरी/साइलो परियोजना हेतु भूमि का अर्जन सी.बी.ए. (ए एण्ड डी) अधिनियम 1957 के तहत् किया गया है, जिसमें ग्राम- फगुरम, तहसील-घरघोड़ा, जिला-रायगढ़ के निम्नलिखित भू-प्रभावितों द्वारा अर्जित खाते सह-खातेदार को नामांकित कर एसईसीएल में रोजगार उपलब्ध कराने हेतु आवेदन पत्र एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र में जमा किया है। आवेदन में भूमि के खातेदारों/नामांकित उम्मीदवार द्वारा संलग्न किये गये भूमि एवं अन्य व्यक्तिगत दस्तावेजों में नाम में भिन्नता पाइ गयी है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| स क्र. | स्टे. V&IA के अनुसार भू- स्वामी का नाम | भूमि संबंधी एवं अन्य दस्तावेजों में भू-स्वामी का नाम | खसरा क्रमांक | रकबा (हे. मे) | नामांकन पत्र के अनुसार आश्रित उम्मीदवार का वास्तविक नाम | रोजगार हेतु नामांकित उम्मीदवार के व्यक्तिगत दस्तावेजों में नाम | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जगनी, रतई पि. बैगा, मु. चंपा बाई बेवा रतन, जानकी व. रतन, ना.बा. संतकुमार व. रतन, वली मां चम्पा बाई बेवा रतन, अंतराम व. बैगा, सहाद्रो व. बैगा | 1. नामांकन एवं वंश वृक्ष में नाम- जगनी उर्फ जगमती (पिता बैगा) पति अमर सिंह, रतई उर्फ रतई बाई राठिया उर्फ रतई बाई (पिता बैगा) पति रत्थो राठिया, चंपा बाई उर्फ चंपा राठिया बेवा रतन, जानकी (पिता रतन) पति सुखराम राठिया, संतुमार व. रतन, अंतराम उर्फ अंतुराम राठिया व. बैगा, सहोद्रा उर्फ सहद्रो उर्फ सहोद्रा बाई राठिया (पिता बैगा) पति कीर्तिराम<br>2. राजस्व दस्तावेजों में नाम- जगनी व. बैगा, रतई व. बैगा, मु. चंपा बाई बेवा रतन, जानकी व. रतन, ना.बा. संतकुमार उर्फ सन्तकुमार व., रतन, अंतुराम व. बैगा, सहद्रो उर्फ सहोद्रा व. बैगा<br>3. राजस्व आदेशो में नाम - जगमती उर्फ जगनी पिता बैगा राम पति अमर सिंह<br>4. आधार कार्ड में नाम - जगमती राठिया पति अमर सिंह राठिया, रतई बाई राठिया पति रत्थो राठिया, चम्पा राठिया पति रतन सिंह राठिया, जानकी पति सुखराम राठिया, संतकुमार पिता रतन, अंतुराम राठिया व. बैगा राम राठिया, सहोद्रा बाई राठिया W/o कीर्ति राम राठिया<br>5. वोटर आईडी में नाम - जगमती पति अमर, रतई राठिया पति रत्थो राठिया, चम्पा राठिया पति रतन राठिया, संतकुमार पिता रतन राठिया, अन्तूराम राठिया व. बैगा राम राठिया, सहोद्रा बाई पति कीर्ति राम<br>6. राशन कार्ड में नाम - जगमती राठिया पति अमर सिंह, रताई पति रत्थुराम, चम्पा राठिया पति रतन, जानकी पति सुखराम राठिया, संतुकुमार, अंतूराम, सहोद्रा बाई राठिया<br>7. चेक/बैंक पासबुक में नाम - जगमती राठिया, रतई बाई, चम्पा राठिया, जानकी, संतकुमार, अंतूराम राठिया, सहोद्रा बाई राठिया | 648<br>..........<br>कुल 01 | 0.470<br>..........<br>0.470 हे. (1.16 एकड़) | 1) संतकुमार पिता रतन | 1. नामांकन एवं वंश वृक्ष में नाम - संतकुमार पिता रतन<br>2. शैक्षणिक दस्तावेजों में नाम - संतकुमार पिता रतन<br>3. आधार कार्ड में नाम - संतकुमार पिता रतन<br>4. वोटर आईडी में नाम - संतकुमार पिता रतन राठिया<br>5. राशन कार्ड में नाम - संतकुमार<br>6. जाति एवं निवास प्रमाण पत्र में नाम - संतकुमार पिता रतन | भिन्न- भिन्न दस्तावेजों में एक ही व्यक्ति का भिन्न भिन्न नाम होने के संबंध में दावा आपत्ति बाबत्। |

उपरोक्त तालिका में दर्शित व्यक्ति के नाम एवं नामांकित व्यक्तियों के रोजगार के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजों प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत कार्यालय महाप्रबंधक एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र के समक्ष उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अंदर प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

प्रभारी अधिकारी (भू.रा.), एसईसीएल, रायगढ़ क्षेत्र



**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/महा.प्र./कुस./क्षेत्र/भू.रा./2025/1943 — **सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा ग्राम गेवरा (भैसमाखार) की भूमि का अर्जन एल.ए.एक्ट 1894 के तहत अवार्ड पारित दिनांक 27.01.2004 किया गया है, जिसमें से 01 भूस्वामी/आश्रित द्वारा रोजगार हेतु नामांकन पत्र जमा किया गया है, जिसका विवरण अधो लिखित तालिकानुसार है:-

| क्र | पत्रक 13 के अनुसार भूस्वामी का नाम/पिता का नाम | खसरा नम्बर | कुल रकबा (एकड. में) | उम्मीद्वार का नाम (नामांकित व्यक्ति का नाम) एवं खातेदार से संबंध | भूस्वामियों/नामित उम्मीद्वार द्वारा जमा किए गए पत्रों में भूस्वामी /उम्मीद्वार का नाम: विभिन्न दस्तावेज | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर खातेदार का नाम | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर उम्मीद्वार का नाम | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भगतराम वल्द हीरासाय मानकुंवर बेवा हीरासाय | 192/8, 223/1, 232/4, 247/2, 248/11 | 0.25 | कृष्ण कुमार पिता भगतराम | नामांकन पत्र | भगतराम आत्मज हीरासाय | कृष्ण कुमार आत्मज भगतराम | खातेदार एवं उम्मीद्वार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है। |
| | | | | | सत्यापन | भगतराम पिता हीरासाय,मानकुंवर बेवा हीरासाय (फौत) | कृष्ण कुमार पिता भगतराम | |
| | | | | | पत्रक 22 | भगतराम वल्द हीरासाय,मानकुंवर बेवा हीरासाय | - | |
| | | | | | पत्रक 13 | भगतराम पिता हीरासाय मानकुंवर बेवा हीरासाय | - | |
| | | | | | बी- 1 वर्ष 2003-2004 | भगतराम वल्द हीरालाल मानकुंवर बेवा हीरालाल | - | |
| | | | | | बी- 1 वर्ष 2004-2005 | भगतराम वल्द हीरालाल मानकुवर बेवा हीरालाल | - | |
| | | | | | बी- 1 वर्ष 1986-1987 | हीरासाय वल्द आशाराम | - | |
| | | | | | पी- 2 वर्ष 1994 -1995 से 1998-99 | भगतराम वगै0 | - | |
| | | | | | ऋण पुस्तिका | भगतराम वल्द हीरासाय मानकुंवर बेवा हीरासाय | - | |
| | | | | | वंशवृक्ष | हीरा साय पिता आशा राम(फौत) बेवा मानकुवर (फौत) | कृष्ण कुमार (पुत्र) | |
| | | | | | निवास प्रमाण पत्र | - | रा0प्र0क04227/बी-121/2015-16 में कृष्ण कुमार पिता भगतराम | |
| | | | | | जाति प्रमाण पत्र | - | कृष्णा कुमार पिता भगत राम | |
| | | | | | रोजगार पंजी | - | कृष्ण कुमार पिता भगतराम | |
| | | | | | आधार कार्ड | भगत राम पिता हीरा साय, | कृष्ण कुमार बिंझवार पिता भगत राम बिंझवार | |

उक्त भूस्वामी/नामांकित व्यक्ति (उम्मीदवार) के रोजगार या उनके नाम के संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की यदि आपत्ति हो तो वे प्रकाशन दिवस से 7 दिनों के अंदर अपना दावा आपत्ति महाप्रबंधक, कार्यालय एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र में प्रस्तुत कर सकते है, दिये गये समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

स्टाफ अधिकारी (भू-राजस्व), एसईसीएल, कुसमुण्डा क्षेत्र



**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/जीएम/रायगढ़/भू.रा./25/450 — **सूचना** — दिनांक 25.02.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र की बरौद (विस्तार) खुली खदान हेतु भूमि का अर्जन सी.बी.ए. (ए एण्ड डी) अधिनियम 1957 के तहत् किया गया है, जिसमें ग्राम-बरौद, तहसील-घरघोड़ा, जिला-रायगढ़ के निम्नलिखित भू-प्रभावितों द्वारा अपने प्रत्यक्ष आश्रितों को नामांकित कर एसईसीएल में रोजगार उपलब्ध कराने हेतु आवेदन पत्र एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र में जमा किया गया है। आवेदन में भूमि के खातेदार/नामित आश्रित द्वारा संलग्न किये गए भूमि एवं अन्य व्यक्तिगत दस्तावेजों में नाम में भिन्नता पाई गयी है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| स क्र. | स्टे. V&IA के अनुसार भू- स्वामी का नाम | भूमि संबंधी एवं अन्य दस्तावेजों में भू-स्वामी का नाम | खसरा क्रमांक | रकबा (हे. मे) | नामांकन पत्र के अनुसार आश्रित उम्मीदवार का वास्तविक नाम | रोजगार हेतु नामांकित उम्मीदवार के व्यक्तिगत दस्तावेजों में नाम | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | माधोबाई पिता धनीराम | 1. नामांकन एवं वंश वृक्ष में नाम- माधोबाई पिता धनीराम उर्फ माधो बाई पिता धनीराम<br>2. राजस्व दस्तावेजों में नाम- माधोबाई पु. धनीराम उर्फ माधो पुत्री धनीराम उर्फ माधो पुत्री कंवर उर्फ माधो कंवर उर्फ माधो पुत्री धीनीराम<br>3. राजस्व आदेशो में नाम - माधोबाई पिता धनीाम उर्फ माधोबाई पिता धनीाम कंवर उर्फ माधोबाई कंवर पिता घसियाराम कंवर, माधोबाई पति घसियाराम उर्फ मांगमती<br>4. आधार कार्ड में नाम- माधोबाई कंवर पति घांसीराम राठिया<br>5. वोटर आईडी में नाम- माधोबाई कंवर पति घासीराम कंवर<br>6. राशन कार्ड में नाम- माधो बाई कंवर<br>7. चेक में नाम- माधोबाई व. धनीराम | 264/1<br>338/1<br>441/1<br>442/1<br>462<br>463/1<br>..........<br>06 | 0.081<br>0.305<br>0.105<br>0.291<br>0.324<br>0.340<br>..........<br>1.446 हे. (3.57 एकड़) | 1) संजय कुमार पिता घांसीराम माता माधोबाई | 1. नामांकन एवं वंश वृक्ष में नाम- संजय कुमार पिता घांसीराम माता मधोबाई उर्फ संजय माता माधोबाई<br>2. शैक्षणिक दस्तावेजों में नाम- संजय कुमार पिता घांसीराम माता मांगमती<br>3. आधार कार्ड में नाम- संजय कुमार राठिय आ. घासीराम राठिया<br>4. वोटर आईडी में नाम- संजय राठिया पिता घांसीराम राठिया<br>5. राशन कार्ड में नाम- संजय कुमार राठिया<br>6. जाति प्रमाण पत्र में नाम- संजय कुमार पिता घांसीराम<br>7. निवास प्रमाण पत्र में नाम- संजय कुमार पिता घांसीराम | भिन्न- भिन्न दस्तावेजों में एक ही व्यक्ति का भिन्न भिन्न नाम होने के संबंध में दावा आपत्ति बाबत्। |
| 2 | दयाराम व. विदुर सिंह (वर्तमान में फौत) | 1. नामांकन एवं वंश वृक्ष में नाम- धनेश्वर उर्फ धनेश्वर राठिया व. दयाराम, रामदुलारी कंवर उर्फ रामदुलारी बेवा दयाराम<br>2. राजस्व दस्तावेजों/राजस्व आदेश में नाम- धनेश्वर उर्फ धनेश्वर राठिया व. दयाराम उर्फ दयाराम राठिया, रामदुलारी उर्फ रामप्यारी<br>3. आधार कार्ड में नाम- धनेश्वर व. दयाराम, रामदुलारी कंवर पति दयाराम कंवर<br>4. वोटर आईडी में नाम- धनेश्वर कंवर पिता दयाराम कंवर, रामदुलारी कंवर पति दयाराम कंवर<br>5. राशन कार्ड में नाम- धनेश्वर, रामदुलारी पति दयाराम<br>6. चेक में नाम- दयाराम व. विदुर सिंह | 75/3<br>78/3<br>79/3<br>81/2<br>236/5<br>613<br>..........<br>कुल 06 | 0.024<br>0.190<br>0.231<br>0.228<br>0.087<br>0.619<br>..........<br>1.379 हे. = 3.40 एकड़ | 1) विनोद कुमार राठिया पिता धनेश्वर राठिया | 1. नामांकन एवं वंश वृक्ष नाम- विनोद कुमार राठिया उर्फ विनोद राठिया पिता धनेश्वर राठिया उर्फ धनेश्वर<br>2. शैक्षणिक दस्तावेजों में नाम- विनोद कुमार राठिया पिता धनेश्वर राठिया<br>3. आधार कार्ड में नाम- विनोद कुमार राठिया आ. धनेश्वर राठीया<br>4. राशन कार्ड में नाम- विनोद कुमार<br>5. जाति प्रमाण पत्र में नाम- विनोद राठिया पिता धनेश्वर राठिया<br>6. निवास प्रमाण पत्र में नाम- विनोद राठिया पिता धनेश्वर राठिया | |

उपरोक्त तालिका में दर्शित व्यक्ति के नाम एवं नामांकित व्यक्तियों के रोजगार के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजों प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत कार्यालय महाप्रबंधक एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र के समक्ष उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अंदर प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

प्रभारी अधिकारी (भू.रा.), एसईसीएल, रायगढ़ क्षेत्र

# गर्मी में पानी की समस्या से निबटने सरकार सतर्क

## वरिष्ठ अफसर निगम से लेकर नगर पंचायत तक रखेंगे नजर

**रायपुर।** इस साल मार्च के अंतिम सप्ताह से तेज धूप, बढ़ती गर्मी और तेजी से गिरते भू-जल स्तर के मद्देनजर राज्य सरकार छत्तीसगढ़ में आसन्न पानी के संकट को लेकर सतर्क हो गई है। सरकार ने ग्रीष्मकालीन पेयजल संकट से निपटने के लिए नगरीय प्रशासन विभाग के संचालक सहित वरिष्ठ अधिकारियों को जिम्मेदारी दी है। इसके साथ ही 15वें वित्त आयोग अंतर्गत विगत 3 वर्षों में पेयजल व्यवस्था के लिए राशि रुपए 1033.00 करोड़ की अनुमति दी गई है। उक्त स्वीकृत सभी कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिए गए हैं। ग्रीष्मकालीन पेयजल संकट निवारण के लिए उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन विभाग के भारसाधक मंत्री अरूण साव ने सबसे पहले 13 मार्च और फिर 21 मार्च को वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से निर्देश दिये गये थे। ग्रीष्मकालीन पेयजल संकट के संबंध में आयोजित बैठक में नगरीय निकायों में पेयजल के उचित व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है। निकायों में स्थापित हैण्डपंप, बोरवेल एवं अन्य जलप्रदाय प्रणाली का शत प्रतिशत चेकिंग 7 दिन के भीतर पूर्ण कर आवश्यक मरम्मत करेगें एवं पालन प्रतिवेदन संचालनालय को देने कहा गया है। निकायों के अधिकारियों से कहा गया है कि जल प्रदाय योजना के लिए बिछाई गई पाइप लाइन में लीकेज या टूट-फूट हो तो तत्काल उसका सुधार कार्य कराएं। निकायों के अंतर्गत जिन वार्डों, बस्तियों में जलस्तर नीचे चला जाता है, उन स्थानों को चिन्हित कर टैंकर के माध्यम से जलप्रदाय करने कहा गया है।

निर्देश दिया गया है कि बस स्टैण्ड, बाजार एवं अन्य प्रमुख स्थलों पर प्याऊ घर की स्थापना किया जावें तथा ये सुनिश्चित किया जावे कि प्याऊ घर में पानी की व्यवस्था के साथ मानव बल भी उपलब्ध रहे। इस कार्य हेतू सामाजिक संस्थाओं एवं एनजीओ से भी स्वेच्छानुसार सहयोग लिया जा सकता है। अधिकारियों से कहा गया है कि हर दिन संधारण हेतु प्राप्त शिकायत, रजिस्टर में दर्ज कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जायें। ग्रीष्म कालीन पेयजल संकट निवारण हेतु आयुक्त तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रति दिवस स्वयं शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करेगें। हैण्डपंपों के जल को कीटाणु रहित करने के लिए ब्लीचिंग पावडर का घोल एवं सोडियम हाईपोक्लोराईड आवश्यक मात्रा में डालना सुनिश्चित करें। टंकियों के टेल एंड में रेसीड्यूल क्लोरीन की मात्रा मानक के अनुरूप हो। निर्धारित मात्रा से कम पाये जाने की स्थिति में जलागारों में आवश्यकतानुसार रि-क्लोरीनेशन (सोडियम हाइपोक्लोराइड / ब्लीचिंग पावडर) का डोजिंग किया जाए। संचालक समेत अफसर रखेंगे निगरानी

पेयजल संकट निवारण के लिए सरकार से मिले निर्देशों पर त्वरित क्रियान्वयन के लिए सरकार ने वरिष्ठ अधिकारियों को इस काम पर निगरानी के लिए तैनात किया है।

**रायपुर।** शहर की तीन अलग-अलग जगहों पर पेयजल संकट से निपटने नगर निगम नई पानी टंकी का निर्माण करायेगा। ठक्कर बापा वार्ड के दीक्षा नगर गीतांजली सोसाइटी गार्डन के समीप, नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड के खम्हारडीह इलाका और नगर निगम जोन 6 क्षेत्र में नए बस टर्मिनल भाठागांव के पास पानी टंकी बनाने का प्रस्ताव है। इसके लिए शहरी सरकार के निगम बजट में 70 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा जा रहा है।










epaper- www.haribhoomi.com

# हरिभूमि Classified

Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**- क्लीनिक में काम करने हेतु लड़की की आवश्यकता है योग्यता-10वीं, 12वीं, वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- चौहान डेंटल एंड कॉस्मेटिक्स क्लीनिक राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर 7987694540 **(37237)**

**आवश्यकता है**- ड्राइवर की आवश्यकता है राज किशोर नगर में टैक्सी गाड़ी चलाने के लिए ड्राइवर की जरूरत है, अनुभवी संपर्क करेः- 7000776725 वेतन 10,000 भत्ता अलग से **(37233)**

**आवश्यकता है**- प्लाईवुड, हार्डवेयर, सनमाइका दुकान में मेहनती कार्य हेतु 8वीं पास व्यक्तियों एवं काउंटर संभालने हेतु शिक्षित सेल्सगर्ल/ सेल्समैन चाहिए। बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- सरस्वती ट्रेडिंग एजेन्सी पुराना हाईकोर्ट रोड बिलासपुर **(37229)**

**आवश्यकता है**- कम्प्यूटर आपरेटर- 2 पद, ड्राइवर- 4 पद, सफाई कर्मचारी- 2 पद की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सक्षम टूर एण्ड ट्रेवल्स, मंगला रोड, बिलासपुर 9755440437, 6264125145 **(37230)**

**आवश्यकता है**- रिटेल मेडिकल स्टोर में सभी कार्य करने हेतु लड़के चाहिए। (स्वयं की साईकिल) मिलने का समय- सुबह 10:30 2बजे, शाम 5:30- 10बजे गुरु मेडिकल स्टोर राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर **(37231)**

**आवश्यकता है**- तेलीपारा मेडिकल काम्प्लेक्स स्थित बुटीक में साड़ी एवं कुर्ती समेटने के लिये लड़की या महिला की आवश्यकता है समय सुबह 10 से शाम 8 बजे तक सम्पर्क करें- 94255 35829 **(15320)**

**आवश्यकता है**- अर्जेंट भर्ती, हॉस्पिटल शोरूम मॉल में, सैलरी 12500 से 17500, रहना खाना। ड्यूटी 8 घंटे, जिलेनुसार, पोस्ट, रिसेप्शन टेलीकॉलर, हेल्पर कंप्यूटर ऑपरेटर, वार्डबॉय, कॉल, 9 से 5 बजे तक, Whatsapp डॉक्यूमेंट, 9450095441 **(3406)**

**आवश्यकता है**- ड्राइवर की आवश्यकता है ईमानदार, कर्मठ, परमानेंट, वेतन 12000/- पता- राजेंद्र नगर बिलासपुर 7879012728 **(3408)**

**आवश्यकता है**- रोहित मेहता सिक्योरिटी एजेंसी में भूतपूर्व सैनिकों की आवश्यकता है सिक्योरिटी गार्ड के कार्य के लिए डी जी आर रेट पर सिर्फ कोरबा में ड्यूटी के इच्छित ही संपर्क करें 9109792914 **(3410)**

**आवश्यकता है**-होलसेल एजेंसी में काम करने के लिए सेल्समैन, सप्लायर एवं ऑटो ड्राइवर की आवश्यकता है अनुभवी ही सम्पर्क करें- 9827499306 **(3168)**

**आवश्यकता है**- उद्योग फाइनेंस को बैंकिंग कार्य हेतु शाखा प्रबंधक, काउंसलर, टेलीकॉलर, फील्ड ऑफिसर की आवश्यकता है । वेतन 10000 से 25000 सम्पर्क करें- A/216, सेकेण्ड फ्लोर नारायण प्लाजा बिलासपुर 9755990933, 9111881999 **(37235)**

**आवश्यकता है**-सुपर बाजार में कार्य करने हेतु कैशियर-1 पद, सेल्समेन- 4 पद की शीघ्र आवश्यकता है पता- ब्रांड बाजार मुंगेली नाका मैदान के सामने बिलासपुर 7441151111 **(37220)**

**आवश्यकता है**-दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- मां अम्बे रेडीमेड, आहूजा मोबाइल के आगे करबला रोड बिलासपुर **(37224)**

**आवश्यकता है**-डेंटल क्लीनिक में कार्य हेतु अटेंडर, साफ सफाई हेतु कर्मचारी चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- जी.वी. डेंटल क्लीनिक स्टेट बैंक के सामने राजकिशोर नगर एवं मंगला चौक बिलासपुर **(37221)**

**Wanted**- Job vacancy CA office Key Responsibilities handling GST Accounts in tally work in Excel, Ms word, Mail your CV-rapidbsp@gmail.com, Both Article & staff can apply **(3409)**

**आवश्यकता है**- कुशल लेथ मशीन ऑपरेटर, वेल्डर एवं हेल्पर की अतिशीघ्र आवश्यकता है। सम्पर्क करें- कृष्णा जेसीबी के पीछे सिरगिट्टी बिलासपुर 7828070065 **(37238)**

**आवश्यकता है**-रेल्वे ठेके अंतर्गत प्राइवेट कंपनी में जीप चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है संपर्क करें 6261113408, 9109310130, 7828947265 **(37226)**

**आवश्यकता है**-सीसीटीवी कैमरा की वायरिंग एवं फिटिंग हेतु युवकों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें-पारस इन्टरप्राइजेस गुप्ता गली, टिकरापारा, मन्नू चौक बिलासपुर 94255 30470 **(37207)**

**आवश्यकता है**- टेलीकॉलिंग हेतु लड़की की आवश्यकता है थोड़ा बहुत कम्प्यूटर का ज्ञान हो। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- एसके प्रोडक्ट्स इंडस्ट्रीयल एरिया सिरगिट्टी, बिलासपुर 6262679797, 8109963525 **(1463)**

**Wanted**-Bilaspur based road construction company requires Qualified Senior Civil Engineer (Exp 7 to 10 years in Road & structure) Contact- 11am to 6pm 91744 70000 Email- resume.anandi@gmail.com **(37215)**

**आवश्यकता है**- इलेक्ट्रीकल दुकान मे माल निकालने एवं कार्य करने हेतु युवक युवतियो की आवश्यकता हैं वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- भारती इलेक्ट्रीकल तेलीपारा मेनरोड बिलासपुर 9641114111 **(37236)**

**आवश्यकता है**-घरेलू कार चलाने के लिए ड्राईवर की आवश्यकता है जिसे सभी गाडियां चलाना आता हो अनुभवी व्यक्ति ही आधार कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस सहित 12 से 5बजे तक सम्पर्क करे- 9109114978 **(1465)**

**आवश्यकता है**-एक अनुभवी ड्राइवर (इंट्रा, जीतो, कैसीनो चलाने हेतु एवं हमाली की आवश्यकता है स्थान- बिलासपुर वेतन योग्यता के अनुसार सम्पर्क करें- 88278 21421, 6268970045 **(37216)**

**आवश्यकता है**-अनुभवी रिसेप्शनिस्ट हॉस्पीटल मैनेजमेंट, ओटी टेक्नीशियन, नर्सिंग स्टाफ, एक्सरे टेक्नीशियन की आवश्यकता है सम्पर्क करें- प्रभा हॉस्पीटल, महामाया चौक, रतनपुर रोड, लोधीपारा सरकंडा बिलासपुर 7470946314 **(37219)**

**Requirment**-Primary Middle School Teacher (Female) English, SST, Maths, Science, Sanskrit, Computer Qualification Graduate/ B.Ed /D.EL.Ed Candidate must be fluent in English Salary 5000 TO 10000 Candidates can submit thir resume through Whats App at 93407 61548, 6264973134 Add Krishnan Sr.Sec. School Sambalpuri, Sakri Bilaspur **(37206)**

**आवश्यकता है**-सीए ऑफिस कार्य हेतु कम्प्यूटर अनुभवी एकाउंटेंट की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार पता- जी.एल. जैन एण्ड एसोसिएट्स, थर्ड फ्लोर, गौरव टॉवर, सेंट जेवियर स्कूल रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर 9630195928 **(1464)**

**आवश्यकता है**-श्रीबालाजी सेल्स एण्ड सर्विसेस मगरपारा रोड बिलासपुर में वर्कशॉप कार्य हेतु महिंद्रा मैकेनिक- 2पद, हुंडई टाटा मारुति मैकेनिक- 2पद, डेंटर- 2पद, दुकान में कार्य करने हेतु लड़के लड़कियां 4पद सेल्समेन लड़का या लड़की 1पद सम्पर्क करें- सुबह 10 से 11 दोपहर 2 से 3बजे **(1597)**

**आवश्यकता है**-एलईडी टीवी, स्टेबलाइजर, इंडक्शन कुकर, होम थिएटर इत्यादि सभी इलेक्ट्रॉनिक्स समानों को सुधारने हेतु टेक्नीशियन चाहिए सम्पर्क करें- श्रीशारदा इंटरप्राइजेस सिटी कोतवाली चौक के पास तेलीपारा मेन रोड बिलासपुर 9425219963 **(487)**

**आवश्यकता है**-निजी प्रसूति चिकित्सालय में कार्य करने के लिए अनुभवी महिला नर्स नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है (निवास की सुविधा उपलब्ध है) सम्पर्क करें- 98261 34710, 7693807006 **(37223)**

**आवश्यकता है**-सुपर मार्केट में पैकिंग हेल्पर, घरेलू काम हेतु (M/F) चाहिए समय 9.30 से 8) सैलरी 6000-9000 अनुभवी को प्राथमिकता, पता- फॉर्मर्स प्राइड ऑर्गेनिक स्टोर मेनरोड नेचरसिटी गेट, सकरी 7225849081, 7987551332 **(1589)**

**आवश्यकता है**-शहर के प्रतिष्ठित लाज होटल रोहित के मालिक की कार चलाने हेतु अनुभवी कार ड्राइवर एवं लाज मे रिसेप्शनिस्ट (मेल) की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 6264858660 **(37210)**

**आवश्यकता है**-कंस्ट्रक्शन कंपनी में मैनेजर-3 (सिविल कार्य अनुभवी), एक एकाउंटेंट (कम्प्यूटर संबंधी जानकार) ड्राइवर-1, प्यून-1 बायोडाटा सहित समय 12 से 5बजे तक सम्पर्क करें-अनुमेष कंस्ट्रक्शन तोरवा बिलासपुर 99934 95123 **(15318)**

**आवश्यकता है**-डिप्लोमा इंजिनियर, डाटाएंट्री ऑपरेटर, सुपरवाइजर Ajax सीमेंट कांक्रीट मिक्सर मशीन, मेंटेनेंस हेतु मिस्त्री मैकेनिक इंजिनियर ड्राइवर ऑपरेटर की। सैलरी- 12000 से 30000 सम्पर्क करें- 8602366077, 79744 17600 **(37205)**

**आवश्यकता है**-फील्ड साइड मैनेजर, कम्प्यूटर कार्य एवं हिंदी टाइपिंग, ऑफिस वर्क हेतु एवं घरेलू कार्य, वृद्ध महिला की देखभाल हेतु महिला तथा अनुभवी कार ड्राइवर की। सम्पर्क करें- 8120879158, 7000741112 **(37175)**

**आवश्यकता है**-इलेक्ट्रॉनिक शॉप में काम करने के लिए एक AC टेक्नीशियन एवं दो हेल्पर की शीघ्र आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- वर्मा इलेक्ट्रॉनिक्स निहारिका कोरबा 9826662063, 7898878808 **(37213)**

**आवश्यकता है**-गवर्मेंट कॉन्ट्रैक्टर कर ऑफिस में कार्य करने कम्प्यूटर ऑपरेटर सह ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है (टेली, MS आफिस, emails) की सम्पूर्ण जानकारी हो इच्छुक उम्मीदवार बायोडाटा भेजे- 97708 57830 **(37211)**

**Requirment**-(1) Civil Draftman (2) Site supervisor (3) Architect/ Urban Planner (4) Office Boy Qualification ITI, Diploma in Civil Engg. BE Civil, B.Arch. for Architecture firm in Bilaspur Send CV @ WhatsApp 9893542408 **(37218)**

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

**आवश्यकता है**-छड़ एवं सीमेंट दुकान में मार्केटिंग कार्य हेतु मेहनती लड़कों एवं ट्रैक्टर ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- ममता ट्रेडर्स मोपका बिलासपुर 9300307926, 9993443207 **(37212)**

**आवश्यकता है**-रेडीमेड होजरी होलसेल दुकान में कार्य हेतु लड़के की आवश्यकता है वेतन 6000-12000 संपर्क- श्रीगणेश होजरी, LT गली करबला रोड 9826118114 (मिलने का समय 11-8) (काम 10-8:30) **(3395)**

**आवश्यकता है**-पेंड्रा में सीमेंट डिपो में लोडिंग, अनलोडिंग कार्य संभालने हेतु मैनेजर की आवश्यकता है सैलरी 8000 सम्पर्क करे- 9754002100 **(3398)**

**आवश्यकता है**-यश सुपर बाजार में काम करने के लिए लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- (1) रिंग रोड नं-2 महाराणा प्रताप चौक (2) भारतीय नगर चौक व्यापार विहार रोड बिलासपुर **(37208)**

**आवश्यकता है**-ड्राइवर की आवश्यकता है जो ऑटोमैटिक और मैनुअल कार चला सके, 5-10 साल का अनुभव होना चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार स्थान- 73, लास विस्टा सोसायटी अमलीडीह रायपुर सम्पर्क करे- 9575042804 **(3405)**

**आवश्यकता है**-वेटर/ झाड़ू पोछा सफाई के लिए कर्मचारी/ लड़कों की आवश्यकता है वेतन 10000 ग्रामीणों को रहना खाना निःशुल्क। सम्पर्क करें- अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 9406390898, 9827940898 **(37217)**

**आवश्यकता है**-ड्राईवर की आवश्यकता है लाईसेंस अनिवार्य है आटोमैटीक व मैनूवल गाड़ी चालाना जानता हो 5 साल से अधिक अनुभव वाले ही सम्पर्क करें- मिनोचा कॉलोनी के पास बिलासपुर 7024691300 **(37185)**

**आवश्यकता है**-मल्टी नेशनल कंपनी के डिपो में काम करने हेतु मैनेजर गोडाउन इंचार्ज, असिस्टेंट, सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। अनुभवी व नजदीक रहने वालों को प्राथमिकता। PF, ESIC की सुविधा उपलब्ध। साक्षात्कार सुबह 10 से 12बजे तक दिए गए पते पर संपर्क करें- श्रीवासु लॉजिस्टिक लिमिटेड, विकास गर्ग, अंबिका ऑटो सेल्स & सर्विस कैंपस अंबिकापुर 7828901614, 78289 01615 **(3400)**

**आवश्यकता है**- इंदौर मध्यप्रदेश में ऑफिस कार्य हेतु 18-30 वर्ष, 10th 12th , ग्रेजुएट लड़के चाहिए। वेतन 11000 + कमीशन बोनस के साथ कमाए 15000 से 20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें- 78988 82634, 7415455110 **(311)**

**आवश्यकता है**-टेली कॉलिंग हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है योग्यता 10वीं पास सैलरी+ कमीशन+ बोनस सम्पर्क करें- अग्रसेन चौक के पास लिंक रोड बिलासपुर 96910 77324, 6266945733 **(746)**

**आवश्यकता है**-Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घर बैठे पार्ट/ फुल टाईम SMS जॉब करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए 15000 से 45000 महिना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त Call/ Whats App/ SMS करें- 9264268269 **(741)**

**आवश्यकता है**- मैरिज ब्यूरो में कार्य करने हेतु महिलाएं, लड़कियां चाहिए कोई टार्गेट नही सैलरी 5000 से 7000 योग्यता अनुसार+ बोनस कमीशन अलग से पता- खमतराई चौक सरकंडा बिलासपुर 9179176847, 9109832430 **(1591)**

**आवश्यकता है**-नौकरी ही नौकरी तहसील स्तरीय भर्ती पद संख्या- 975 वन रक्षक फील्ड ऑफिसर माली सिपाही ड्राइवर वेतन 27500+52400 तक आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्क शीट पैन कार्ड व्हाट्सएप करे 7460994309 **(745)**

**आवश्यकता है**-नौकरी का अवसर सिविल साइट सुपरवाइजर हमारी कंपनी में सिविल साइट सुपरवाइजर के लिए अवसर हैं, काम की जिम्मेदारियाँ- निर्माण स्थल पर कार्य प्रबंधन, टीम का नेतृत्व और मार्गदर्शन, गुणवत्ता नियंत्रण और सुरक्षा मानकों का पालन आवश्यक योग्यता- सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा/ बी.टेक, 3-5वर्ष का अनुभव, आवेदन करें-79700 10958 (सरकंडा बिलासपुर) **(3402)**

**आवश्यकता है**-मॅट्रिमोनी में कार्य हेतु 18 से 30वर्ष की युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000 से 20000 कमाने का अवसर सम्पर्क करे- पत्रकार कॉलोनी आरबी हॉस्पिटल के पास बिलासपुर 6268331784, 7987392821 **(3399)**

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की उम्र 18 से 30 साल तक ऑफिस टाइम 10 से 5:30 सम्पर्क करे- उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक बृजवासी रेस्टोरेंट के पास राजेंद्र नगर बिलासपुर 9202588658 **(3401)**

## वाहन बेचना है

**वाहन बेचना है**-मारुति सियाज कार बेचना है। दिसम्बर 2018 मॉडल। एकदम सही कंडीशन। 62000 किलो मीटर चली है। सम्पर्क करें- अग्रवाल 9300416538 **(37228)**

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM**




## बेचना है

**बेचना है**-मोपका गणपति होम्स कॉलोनी में 1050 वर्गफीट में निर्मित 2BHK स्वतंत्र पूर्व मुखी मकान बेचना है कीमत 35 लाख कृपया खरीददार ही सम्पर्क करें- 9685833889 **(3389)**

**बेचना है**-वार्ड नं.-16 कुदुदण्ड पानी टंकी के सामने गली में 1डिसमिल जमीन में बना 2मंजिला मकान नीचे 1कमरा, किचन अटेच लेटबाथ, ऊपर 1हाल लेटबाथ 24घंटे पानी सर्वसुविधायुक्त। सम्पर्क करें- 9753505350, 95222 48786 **(37214)**

**बेचना है**-रतनपुर केरा तालाब से लगा हुआ पूर्व मुखी 20 फीट रोड पर 44×55= 2420 वर्गफीट का प्लाट अति शीघ्र बेचना है खरीददार ही सम्पर्क करें- 9407912771, 88272 88033 **(37234)**

## किराया


**किराया**- मकान किराये पर देना है भूतल 5 कमरे, किचन, लेटबाथ, आंगन आगे पीछे प्रथम तल 2 हाल, 2 बेडरूम किचन, लेटबाथ, बाल्कनी, छत। नौकरी, परिवार को प्राथमिकता सम्पर्क- 98271 50429, 7987450893 **(37239)**

**किराया**-VR Plaza Link Road में First Floor में 250 वर्गफुट शानदार आफिस किराये से देना है सम्पर्क करें- 7412933333 **(36987)**

**किराया**-2BHK मकान किराए पर देना है पर्सनल बोर, किचन हॉल पोर्च, दो लेटबाथ पर्सनल स्वतंत्र मकान महामाया पार्क कॉलोनी मंगला चौक के पास हाउस नम्बर 18 सम्पर्क करें- 7999371005, 70476 60000 **(37174)**

## फाइनेन्स

**फाइनेन्स**-रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ में लोन सिर्फ आधार कार्ड पर 50000 से 25 लाख तक 1% ब्याज सालाना प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी, ग्रुप लोन सिविल खराब लोन पाये सम्पर्क करे-9289384524 **(744)**




## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## CLASSIFIED RATE CARD

01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

COLOUR 20% Extra Charge For Disply

**SCHEME**

(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25

1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

ADVT. Booking Time 10.30 am to 3.00 pm.

5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| Edition | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS

Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com

Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Mob.: 9826782100
E-mail- hbclassified375@gmail.com

## राजशाही और हिंदू राष्ट्र की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे लोग

# नेपाल में उबाल... कई इलाकों में कर्फ्यू, सड़कों पर सेना तैनात

*काठमांडू। नेपाल की राजधानी काठमांडू में शुक्रवार को सुरक्षाबलों और राजशाही समर्थकों के बीच झड़प हुई है। ये तब हुआ, जब राजशाही और हिंदू राष्ट्र बहाली की मांग के लिए प्रदर्शन कर रहे लोग और पुलिसकर्मी आमने-सामने हो गए। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस और रबर की गोलियां चलाईं। वहीं प्रदर्शनकारियों ने कई घरों, इमारतों और वाहनों में आगजनी की है। बिगड़ी स्थिति के बाद तिंकुने, सिनामंगल और कोटेश्वर इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया है।*

### ऐसे बिगड़े हालात

स्थानीय मीडिया के मुताबिक, शुक्रवार को हालात तब बिगड़ना शुरू हुए, जब प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा घेरा तोड़ने की कोशिश करते हुए पुलिस पर पत्थर फेंके। इसके जवाब में सुरक्षाबलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया। इससे भड़के प्रदर्शनकारियों ने एक बिजनेस कॉम्प्लेक्स, शॉपिंग मॉल, एक राजनीतिक पार्टी के मुख्यालय और एक मीडिया हाउस की इमारत में आग लगा दी। इस घटना में 12 से ज्यादा पुलिस अधिकारी घायल हुए हैं।




**'राजा आओ, देश बचाओ' :** काठमांडू में राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) और अन्य कई समूह शुक्रवार के इस प्रदर्शन में शामिल हुए। ये लोग राजशाही समर्थक नेपाल के राष्ट्रीय झंडे लहरा रहे थे। इन हाथों में पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह की तस्वीरें थीं। ये लोग 'राजा आओ, देश बचाओ', और 'हमें राजशाही वापस चाहिए' जैसे नारे लगा रहे थे। काठमांडू में तनाव की स्थिति को देखते हुए विशेष बलों को तैनात किया गया है। कई लोगों को हिरासत में लिया गया है।

### 2008 में हुई थी राजशाही समाप्त

नेपाल ने 2008 में एक संसदीय घोषणा के माध्यम से अपनी 240 साल पुरानी राजशाही को समाप्त कर दिया था। इसके बाद नेपाल को हिंदू राष्ट्र की बजाय एक धर्मनिरपेक्ष, संघीय, लोकतांत्रिक गणराज्य में बदल दिया गया। हालिया महीनों में देश में कुछ संगठन फिर से राजतंत्र की वापसी की मांग कर रहे हैं। खासतौर से पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह की ओर से लोकतंत्र दिवस, 19 फरवरी को एक वीडियो संदेश में सार्वजनिक समर्थन की अपील के बाद राजशाही की बहाली की मांग उठी है।





### राजशाही समर्थन की बढ़ती लहर

राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि नेपाल में हिंदू राजशाही की बहाली की मांग को लेकर एक मजबूत आंदोलन आकार ले रहा है। इसका मुख्य कारण भ्रष्टाचार और आर्थिक गिरावट को लेकर जनता में बढ़ती निराशा है। नेपाल में 2008 के बाद से 13 सरकारें बदल चुकी हैं, लेकिन राजनीतिक अस्थिरता बनी हुई है।

## राज्यसभा में राणा सांगा को लेकर हंगामा

### सत्तारूढ़ दल के सांसदों ने की जमकर नारेबाजी

# सांसद सुमन और खड़गे की माफी पर अड़ी भाजपा

*संसद के बजट सत्र के दौरान राज्यसभा में शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ। भाजपा ने सपा सांसद रामजी लाल सुमन की राणा सांगा को लेकर की गई टिप्पणी पर विरोध किया। भाजपा सांसदों ने कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे पर भी निशाना साधा। भाजपा का आरोप है कि खड़गे मामले को जाति से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा ने मांग की है,जब तक रामजी सुमन और विपक्ष के नेता खड़गे मामले में माफी नहीं मांगते, तब तक कोई समझौता नहीं किया जाएगा। भाजपा सांसद डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने सपा सांसद रामजी लाल सुमन के राजपूत राजा राणा सांगा पर दिए गए बयान का मुद्दा उठाया।

इससे बाद ही राज्यसभा में हंगामा शुरू हुआ। भाजपा सांसद ने कहा, 'जब तक कांग्रेस और रामजी सुमन माफी नहीं मांग लेते, हम इस मुद्दे पर समझौता नहीं करेंगे।' भाजपा के सांसदों और मंत्रियों ने राजपूत राजा राणा सांगा के खिलाफ समाजवादी पार्टी के नेता रामजी लाल सुमन की टिप्पणी की निंदा की और बिना शर्त माफी की मांग को लेकर राज्यसभा में हंगामा किया। हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित करनी पड़ी।

### सभापति धनखड़ ने दिया दखल

मामले में सभापति जगदीप धनखड़ को भी दखल देना पड़ा। उन्होंने राजपूत राजा को राष्ट्रीय नायक बताया। उन्होंने उनकी बहादुरी का जिक्र किया और उनके खिलाफ टिप्पणी को अपमानजनक बताया। उन्होंने कहा कि सदस्यों को संवेदनशील मुद्दों पर बोलते समय सावधानी बरतनी चाहिए और गरिमा बनाए रखनी चाहिए।

**राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक करनी पड़ी स्थगित**



### यह कहा था सुमन ने

सुमन ने पिछले शुक्रवार को राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज की समीक्षा पर बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा था कि भाजपा के लोगों का तकिया कलाम हो गया है कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है। आखिर, बाबर को लाया कौन। इब्राहिम लोधी को हराने के लिए बाबर को राणा सांगा हिंदुस्तान में लाया था। अगर मुसलमान बाबर की औलाद हैं तो फिर तुम गद्दार राणा सांगा की औलाद हो।

### खड़गे के बयान पर भी भड़की भाजपा

इस बीच विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि वह और उनकी पार्टी उन सभी देशभक्तों का सम्मान करते हैं, जिन्होंने देश के लिए लड़ाई लड़ी और अपनी जान कुर्बान की, लेकिन किसी को भी कानून और व्यवस्था को अपने हाथ में लेने और एक सांसद के घर में घुसकर तोड़फोड़ करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने सुमन के घर और संपत्ति पर उनके विवादास्पद बयान के बाद हुए हमलों का जिक्र किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस तरह की दलित विरोधी कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खड़गे की टिप्पणी से सत्तारूढ़ पार्टी भड़क गई। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने खड़गे की निंदा करते हुए कहा कि यह जाति या धार्मिक मुद्दा नहीं है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि खड़गे मामले को जाति की ओर मोड़ने की कोशिश कर रहे हैं और यह निंदनीय है।

### लोकसभा में कार्यवाही स्थगित



लोकसभा में भी यह मुद्दा उठा। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच वाद विवाद बढ़ने पर सदन की कार्रवाई स्थगित करनी पड़ी भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने भी राणा सांगा को लेकर एक राज्यसभा सदस्य के बयान पर उठे विवाद का मुद्दा शुक्रवार को लोकसभा में उठाया और कहा कि राणा सांगा जैसे महान सपूतों का अपमान देश नहीं सहेगा। सदन में शून्यकाल के दौरान पहले भाजपा सांसद राव राजेंद्र सिंह ने यह विषय उठाया। इसके बाद प्रसाद ने भी राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन के बयान की निंदा की। प्रसाद ने कहा, "राणा सांगा भारत की विरासत हैं।

### एक्टर तलपड़े के खिलाफ जुर्म दर्ज

**मुंबई।** मशहूर बॉलीवुड अभिनेता श्रेयस तलपड़े के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ है। उत्तर प्रदेश के महोबा में श्रेयस सहित 15 लोगों के खिलाफ ठगी का मुकदमा दर्ज हुआ है। एक्टर पर आरोप लगा है कि उन्होंने चिट फंड कंपनी के नाम पर करोड़ों रुपयों की धोखाधड़ी की है। इस कंपनी के लिए श्रेयस तलपड़े बतौर प्रमोटर काम कर रहे थे। महोबा में पिछले 10 सालों से 'द लोनी अर्बन मल्टीस्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड' नाम की एक कंपनी का संचालन हो रहा था।

### भड़काऊ कविता मामले में प्रतापगढ़ी की जीत



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है।। कोर्ट ने कांग्रेस सांसद के खिलाफ गुजरात में दर्ज एफआईआर को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति अभय ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कांग्रेस सांसद ने जो किया वो कोई अपराध नहीं है। कथित तौर पर सौहार्द बिगाड़ने वाले सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर गुजरात पुलिस ने केस दर्ज किया था। न्यायमूर्ति ओका ने फैसला सुनाते हुए कहा कि साहित्य, कला, व्यंग्य, जीवन को अधिक सार्थक बनाते हैं; गरिमापूर्ण जीवन के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता आवश्यक है। कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया था। जिसमें वो हाथ हिलाते हुए चल रहे थे और उनपर फूलों की पंखुड़ियां बरसाई जा रही थी। इस 46 सेकेंड के वीडियो में बैकग्राउंड से एक गाने "ऐ खून के प्यासे बात सुनो" की आवाज भी आ रही थी।

**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्र. 34/न.पा.नि./जोन क्र. 05/2024-25 — दिनांक 27/03/2025

नगर पालिक निगम बिलासपुर के विभिन्न विभाग अंतर्गत कर्मचारी उपलब्ध कराये जाने हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | निविदा डाउनलोड/सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 166355 | जोन क्र. 05 अंतर्गत सफाई कार्य हेतु ठेके के माध्यम से 70 श्रमिक प्रदाय कार्य। | 90.01 | 22/04/2025 |

उपरोक्त प्रदाय कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि. बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
NO.021-1710/PUBLICATION/1295 — Korba West, dtd. 27-03-2025
**TENDER NOTICE No. 311/2025. (e-Bidding)**

**Online tenders** are invited from experienced & prospective bidders for the following Works:

| S. No | Tender No. | Particulars | Cost of tender doc | E.M.D. (Rs.) | Last date and time of submission |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RFX No. 8100042358 | Deployment of one no. vehicle (Category-SUV) for EE [(C&I-III) (BTG+BOP)] and EE (CHP:INT:Elec.Maint.), 1x500 MW, HTPS, Korba West. | 590/- | 6,285/- | 21.04.2025 |

NOTE: - 1. Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website www.cspc.co.in– e-Bidding. 2. Quantity as per tender schedule.

SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION — SUPERINTENDING ENGINEER (C-II) O/o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (S&P)HTPS, CSPGCL, KORBA WEST

**अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद**
(शिक्षा मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग के अंतर्गत भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय)
नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली - 110070

विज्ञापन संख्या - अभातशिप/प्रशासन ब्यूरो/02 (03)/2025

**अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (अभातशिप) के सदस्य सचिव के पद हेतु विज्ञापन – आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाने के सम्बन्ध में।**

यह विज्ञापन संख्या अभातशिप/प्रशासन ब्यूरो/02 (02)/2025 के संदर्भ में है कि अभातशिप के सदस्य सचिव के पद हेतु आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 11.04.2025 तक बढ़ा दी गई है। अन्य शर्तें उल्लिखित विज्ञापन के अनुरूप ही हैं।

cbc21300/12/0020/2425

# कामरा को मद्रास हाईकोर्ट से बड़ी राहत, मिली अंतरिम जमानत

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

मद्रास हाईकोर्ट ने शुक्रवार को कॉमेडियन कुणाल कामरा को अंतरिम अग्रिम जमानत दे दी। कामरा महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर अपने जोक को लेकर विवाद का सामना कर रहे हैं। अदालत ने कामरा को इस शर्त पर राहत दी कि उन्हें तमिलनाडु के विल्लुपुरम जिले के वनूर में न्यायिक मजिस्ट्रेट की संतुष्टि के लिए एक बांड भरना होगा। न्यायमूर्ति सुंदर मोहन ने दूसरे प्रतिवादी (खार पुलिस) को भी नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई 7 अप्रैल को तय की।

### महाराष्ट्र डिप्टी सीएम शिंदे पर टिप्पणी मामला




**मुंबई पुलिस द्वारा गिरफ्तारी का डर**

कामरा ने बताया है कि वह 2021 में मुंबई से तमिलनाडु चले गए थे और तब से इसी राज्य के निवासी हैं और उन्हें मुंबई पुलिस द्वारा गिरफ्तारी का डर है। कामरा ने मुंबई में अपने हालिया शो के दौरान शिंदे पर तीखी टिप्पणियों के कारण परेशानी में पड़ गए और बड़ा विवाद खड़ा हो गया।

### अभिव्यक्ति की आजादी की दलील

खार पुलिस ने शिवसेना विधायक मुरजी पटेल की शिकायत पर कामरा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायत में उन्होंने उपमुख्यमंत्री के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। सुनवाई के दौरान कुणाल के वकील ने अदालत ने कहा कि गाने में किसी का नाम नहीं लिया गया है। कुणाल की तरफ से कहा गया कि 'सुप्रीम कोर्ट ने खुद माना है कि सटायर और पैरोडी अभिव्यक्ति की आजादी का हिस्सा हैं। कामरा ने दलील दी है कि जिन लोगों ने होटल में तोड़-फोड़ की, वो सभी बेल पर बाहर हैं।

## 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' में शामिल होंगे राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी 7 अप्रैल को बिहार आ रहे हैं। पटना के एसकेएम हॉल में पार्टी की ओर से आयोजित 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' में शामिल होंगे। राहुल गांधी का इस साल ये तीसरा दौरा है। इससे पहले 18 जनवरी और 5 फरवरी को पटना पहुंचे थे। चुनावी साल में राहुल के दौरे का काफी अहम माना जा रहा है। 18 जनवरी और 5 फरवरी के बिहार दौरे के बाद प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष को बदल दिया था। अब जिलाध्यक्षों की नई टीम तैयार करने के लिए स्क्रूटनी कमिटी बनाई गई है। विधानसभा चुनाव से पहले कन्हैया कुमार को भी एक्टिव कर दिया गया। 2 दिन पहले बिहार के नेताओं के साथ दिल्ली में हुई बैठक में भी राहुल गांधी के तेवर दिखे थे।

ज्यादा देर तक भाषण देकर माहौल बनाने वाले नेताओं को उन्होंने टोका भी था। कांग्रेस ने संविधान सुरक्षा, सामाजिक न्याय और सांप्रदायिक सद्भाव के लिए कार्य करने वाले सभी संगठनों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील है। कांग्रेस का कहना है कि 'ऐसे संकट के समय जब संविधान पर खतरे के गिद्ध मंडरा रहे हों, न्याय योद्धा राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रहे संविधान सुरक्षा आंदोलन में भागीदार बनें।'

**MANAPPURAM FINANCE LTD.**
CIN: L65910KL1992PLC006623, Registered Office : W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567. Kerala, India

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16/04/2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
बिलासपुर, बस स्टैंड बिलासपुर, 117040730044953, 117040750000060, मंगला चौक बिलासपुर, 122000700025068, 5079, 122000730033768, 122000750000166, 0182, सदर बाजार बिलासपुर, 129660700018052, 8099, 129660730016970, सरकंडा बिलासपुर, 121440700023342, 121440730028771, व्यापार विहार, 115450700019684, 115450730026327, जंजगीर चंपा, अकलतरा, 138220700004167, कोर्बा, निहारिका टॉकीज, 116970700022014, ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा, 114450700023840, सरगुजा, अंबेडकर चौक अंबिकापुर, 131880750000286,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

**आम सूचना**

**ICICI Bank**
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, चकली सर्किल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा- 390 007
कारपोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लिखित ऋणधारकों को स्वर्ण आभूषण के एवज में आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (ICICI Bank) से उन्हें उपलब्ध कराई गई ("सुविधा") में बकाया धनराशि को चुक्ता करने हेतु सूचना जारी की जा चुकी है। चूंकि ऋणधारक सुविधा अन्तर्गत बकाया भुगतान करने में असफल हो चुके हैं, हम **08 अप्रैल, 2025** को बंधक स्वर्ण आभूषणों की ई-नीलामी व्यवहृत करने को बाध्य हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी खाता को हटाने का/ई-नीलामी की तारीख में परिवर्तन करने का अधिकार रखता है। नीलामी ऑनलाईन **https://gold.samil.in पर 12:30 बजे अपराह्न से 3:30 बजे अपराह्न** के बीच आयोजित की जायेगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया दी गई वेबसाईट का अवलोकन करें। ऋणधारक की मृत्यु की स्थिति में उसके वैध उतराधिकारी पर सभी नियम एवं शर्तें लागू होंगी।

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : अंजोरा | |
| 328462000593 | पुनेश्वर यादव |
| शाखा का नाम : भाटापारा | |
| 134562001178 | प्रेमलाल साहू |
| शाखा का नाम : बिलासपुर-गुरूनानक चौक | |
| 242562001958 | नारायण सिंह ठाकुर |
| शाखा का नाम : बिलासपुर-मंगलाचौक | |
| 181462002574 | विभा श्रीवास्तव |
| 181462002595 | संजीव कुमार भारती |
| शाखा का नाम : बिलासपुर-व्यापार विहार | |
| 028262006607 | योगेन्द्र सिंह |
| शाखा का नाम : चांपा | |
| 177462002319 | होमेश चतुर्वेदी |
| शाखा का नाम : चिरमिरी | |
| 162562002798 | मनीष कुमार रवि |
| 162562002802 | ज्योति जोशी |
| 162562002803 | संदीप दे |
| शाखा का नाम : धरमजयगढ़, छत्तीसगढ़ | |
| 372362000514 | विसवनाथ साहू |
| शाखा का नाम : घरघोड़ा, छत्तीसगढ़ | |
| 372262001457 | केशव कुमार निषाद |
| 372262001464 | वैशकुमारी राठिया |
| शाखा का नाम : जगदलपुर | |
| 108562006077 | दयाराम मानिकपुरी |
| 108562011405 | सीमा ठाकुर |
| 108562012159 | कांति बाई कश्यप |
| 108562012035 | संजय संजय |
| शाखा का नाम : जगदलपुर II | |
| 443162000883 | शेख आरिफ |
| शाखा का नाम : खरसिया | |
| 202262002592 | नरेश निर्मलकर |
| शाखा का नाम : नारायणपुर | |
| 783562000194 | संतोष जायसवाल |
| 783562000192 | उमा गुप्ता |
| शाखा का नाम : पेण्ड्रा | |
| 784862000059 | सौरभ मिश्रा |
| 784862000125 | शेर सिंह |
| शाखा का नाम : रायगढ़ | |
| 092662002785 | हेम प्रसाद कर्ष |
| शाखा का नाम : रायपुर-भनपुरी | |
| 181762001479 | रेमन कुमार |
| शाखा का नाम : सक्ती | |
| 444562000101 | सफीक अहमद |
| शाखा का नाम : सारंगढ़, छत्तीसगढ़ | |
| 371862002648 | जुगधर भोयर |
| 371862002649 | घनश्याम पटनायक |
| शाखा का नाम : सुकमा | |
| 788262000057 | राजेश दास |
| शाखा का नाम : बालिंगा, ओडिशा | |
| 305962000498 | मुकेश कुमार यादव |
| शाखा का नाम : कोसा गुमडा | |
| 277362006338 | हेमलाल बघेल |

दिनांक : 29.03.2025
स्थान : बस्तर, रायगढ़, रायपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, सक्ती, सुकमा, बलौदाबाजार, बिलासपुर (छत्तीसगढ़), दुर्ग, जांजगीर-चांपा, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, नारायणपुर, जशपुर, सारंगढ़-बिलाईगढ़,

सही - प्राधिकृत अधिकारी
कृते, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण**
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)

**पचिरा टोल प्लाजा पर दिनांक 01.04.2025 से लागू उपयोगकर्ता शुल्क (टोल) दर हेतु जन सूचना**

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा भारत के राजपत्र में प्रकाशित शुल्क अधिसूचना का.आ. 70(अ) दिनांक 03.01.2020 एवं शुल्क दर अनुमोदन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के ई-ऑफिस (कम्प्यूटर न. 67104) नोट#139 दिनांक 22.03.2025 के अनुसार कि.मी. 331.000 से कि.मी. 363.000 (कटनी-गुमला सेक्शन) की रा.रा.-43 के उपयोग के लिए पचिरा टोल प्लाजा (सुरजपुर जिले में पचिरा गांव के पास, 348.860 कि.मी. पर) छत्तीसगढ़ राज्य में दिनांक 01.04.2025 से प्रभावी उपयोगकर्ता शुल्क निम्न दरों से लागू किया जा रहा है:-

राशि रु. में

| वाहन का प्रकार | एकतरफा यात्रा शुल्क | एक दिवस में वापसी यात्रा शुल्क | पचास यात्राओं के लिए मासिक शुल्क | जिले में पंजीकृत व्यवसायिक वाहनों के लिए शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| कार, जीप, वैन या हल्के मोटर वाहन | 35 | 55 | 1190 | 20 |
| हल्के वाणिज्यिक वाहन, हल्के माल वाहक वाहन अथवा मिनी बस | 60 | 85 | 1920 | 30 |
| बस या ट्रक (दो धुरी) | 120 | 180 | 4020 | 60 |
| तीन धुरी वाले वाणिज्यिक वाहन | 130 | 195 | 4385 | 65 |
| भां.सं.म. या अ.मू.उ. या ब.धु.व. (चार से छह धुरी वाले) | 190 | 285 | 6305 | 95 |
| बड़े आकार वाले वाहन (सात या अधिक धुरी वाले) | 230 | 345 | 7675 | 115 |
| टोल प्लाजा से 20 किमी के अंदर स्थानीय रहवासियों के लिए निजी वाहनों के लिए मासिक पास दर रुपये 350/-रहेगी। | | | | |

2. उपरोक्त खण्ड को सार्वजनिक निधियों के तहत विकसित किया गया था (उपरोक्त खण्ड EPC आधार पर दिनांक 23.12.2015 के अनुबंध के प्रावधान के अनुसार विकसित किया गया था और अथॉरिटी इंजीनियर द्वारा पत्र दिनांक 31.12.2018 को 32.000 कि.मी. की पूर्ण लंबाई व्यावसायिक उपयोग हेतु प्रमाणित किया गया था।) उपरोक्त दरें 32.000 किलोमीटर की पूरी लंबाई के लिए लागू हैं, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

| खण्ड के प्रकार | लंबाई (कि.मी.) | समतुल्य लंबाई (किलोमीटर) जिसके लिए उपयोग शुल्क लिया जाना है | लेन विन्यास |
|---|---|---|---|
| सीधा खण्ड | 23.802 | 23.802 | 2-लेन |
| | 8.000 | 8.000 | 4-लेन |
| बॉयपास (लागत > रू.10.00 करोड़) | 0 | 0 | 0 |
| संरचना (लंबाई > 60 मीटर) | 0.198 | 1.188 | 2-लेन |

3. उपरोक्त टोल प्लाजा पर निम्नलिखित रियायते उपलब्ध है:-
(अ) सभी प्रकार के वाहनों जिनमें FASTag लगा हो के लिए भुगतान से 24 घन्टे के अंदर वापसी यात्रा (छूट 25 प्रतिशत)।
(ब) सभी प्रकार के वाहनों जिनमें FASTag लगा हो के लिए भुगतान दिनांक से एक माह के अंदर 50 एकतरफा यात्रा (छूट 33 प्रतिशत)।
(स) टोल प्लाजा से 20 किमी के अंदर स्थानीय रहवासियों के लिए निजी वाहनों जिनमें FASTag लगा हो के लिए रुपये 350/- के दर पर मासिक पास।
(द) टोल प्लाजा के जिले में पंजीकृत वाणिज्यिक वाहन (राष्ट्रीय परमिट के अधीन चल रहे वाहनों को छोड़कर) जिनमें FASTag लगा हो एकतरफा यात्रा (छूट 50 प्रतिशत)।
4. छूट प्राप्त वाहनों की सूची 03.12.2010 जीएसआर 950 (ई) के संशोधन अनुसार होगी।
5. निर्धारित भार से अधिक भारग्रहित वाहनों से लागू शुल्क दर का दो से दस गुना भारत के राजपत्र अधिसूचना सा.का.नि. 920(अ) दिनांक 25.09.2018 के अनुसार वसूल किया जाएगा।
6. परियोजना की पूंजीगत लागत रु. 132.545 करोड़ है। पूँजी लागत की वसूली हो जाने पर उपयोगकर्ता शुल्क (टोल) दरें घटाकर 40 प्रतिशत की जाएंगी।
7. दिनांक 03.01.2020 के राजपत्र में प्रकाशित शुल्क अधिसूचना, एनएचएआई पत्र ई-ऑफिस नोट दिनांक 22.03.2025, जिसमें दरों की स्वीकृति शामिल है, आदि वेबसाइट http://nhaitis.org पर देखी जा सकती हैं।
8. किसी प्रकार की पूछताछ और/या शिकायातों/सुझावों के लिए नाम एवं पता निम्न प्रकार है।

| | |
|---|---|
| प्रतिनिधि का नाम | ज्ञानेश्वर दे. पार्लावार/परियोजना निदेशक, भा.रा.रा.प्रा., प.का.ई.-कोरबा (छ.ग.) |
| पता | एम.आई.जी. II/12, एम.पी. नगर विस्तार, हेलीपेड रोड़, घंटाघर के पास, निहारिका, कोरबा (छ.ग.) 495677 |
| संपर्क नम्बर | 07759-351000 |

**महत्वपूर्ण सूचना:-** दिनांक 15.02.2021 से सभी टोल लेन FASTag लेन घोषित कर दिये गये है एवं उपयोगकर्ता शुल्क भुगतान केवल FASTag के माध्यम से ही स्वीकार किया जायेगा।

सड़के ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

## खबर संक्षेप

### देसी चना पर एक अप्रैल से 10 प्रतिशत आयात शुल्क



**नई दिल्ली।** सरकार ने एक अप्रैल से देसी चना (बंगाल ग्राम) पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया है। सरकार ने घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए पिछले साल मई में चने के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति दी थी। यह शुल्क छूट 31 मार्च 2025 तक लागू थी।

### केंद्रीय जीएसटी कार्यालय 29 से 31 मार्च तक रहेंगे खुले



**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय जीएसटी के क्षेत्रीय कार्यालय 29 से 31 मार्च को खुले रहेंगे। सीबीआईसी का यह निर्देश केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड द्वारा आयकर विभाग के कार्यालयों के संबंध में जारी इसी प्रकार के निर्देश के कुछ दिन बाद आया है जिसमें कहा गया था कि " लंबित विभागीय कार्यों को पूरा करने में सुविधा प्रदान की जाए।

### बीएचईएल को सीएसपीजीसीएल से 11,800 करोड़ रुपए का ठेका



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड से 11,800 करोड़ रुपये का ठेका मिलने की शुक्रवार को जानकारी दी। हसदेव थर्मल पावर स्टेशन (कोरबा) में 2x660 मेगावाट सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के ईपीसी पैकेज के लिए 27 मार्च को आशय पत्र प्राप्त हुआ। कंपनी के कार्यक्षेत्र में प्रमुख उपकरणों को डिजाइन करने के साथ उसकी इंजीनियरिंग, विनिर्माण और आपूर्ति के अलावा विद्युत स्टेशन की पूर्ण स्थापना, परीक्षण तथा उसे चालू करना शामिल है।

## उद्योगों की वृद्धि दर घटकर पांच माह के निचले स्तर पर

# प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी में घटकर 2.9 फीसदी पर आई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी में घटकर पांच महीने के निचले स्तर 2.9 प्रतिशत पर आ गयी। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। पिछले साल इसी महीने में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत रही थी।

मासिक आधार पर इन उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी में दर्ज 5.1 प्रतिशत की वृद्धि से कम रही। इससे पहले सितंबर में 2.4 प्रतिशत की न्यूनतम वृद्धि दर्ज की गई थी। फरवरी में कच्चा तेल तथा प्राकृतिक गैस उत्पादन की वृद्धि में गिरावट आई।

### बिजली की उत्पादन वृद्धि 2.8 फीसदी रही

कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, इस्पात और बिजली की उत्पादन वृद्धि क्रमशः 1.7 प्रतिशत, 0.8 प्रतिशत, 5.6 प्रतिशत और 2.8 प्रतिशत रही। फरवरी 2024 में यह 11.6 प्रतिशत, 2.6 प्रतिशत, 9.4 प्रतिशत और 7.6 प्रतिशत थी। हालांकि, समीक्षाधीन महीने में उर्वरक तथा सीमेंट उत्पादन में क्रमशः 10.2 प्रतिशत और 10.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### आईआईपी में 40.27 फीसदी का योगदान

चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-फरवरी अवधि में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली की वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत रही। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि में यह 7.8 प्रतिशत थी। आठ प्रमुख क्षेत्र औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं। आईआईपी समग्र औद्योगिक विकास को मापता है।



### राजकोषीय घाटा फरवरी अंत तक निर्धारित लक्ष्य पर

केंद्र का राजकोषीय घाटा फरवरी, 2025 के अंत तक समूचे वित्त वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य का 85.8 प्रतिशत हो गया। शुक्रवार को महालेखा नियंत्रक (सीजीए) ने यह आंकड़े जारी किए। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल 2024 से लेकर फरवरी 2025 के बीच केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा वास्तविक संदर्भ में 13,46,852 करोड़ रुपये रहा।

- पिछले साल इसी माह में वृद्धि दर 7.1 फीसदी रही
- फरवरी में कच्चा तेल व गैस के उत्पादन में रही गिरावट
- कोयला वृद्धि दर 1.7 प्रतिशत पर दर्ज की गई

*संशोधित अनुमान आरई का 86.5 प्रतिशत : सरकार के व्यय और राजस्व के बीच का अंतर राजकोषीय घाटा कहा जाता है। एक साल पहले की समान अवधि में यह घाटा वित्त वर्ष 2023-24 के संशोधित अनुमान (आरई) का 86.5 प्रतिशत था। सीजीए के आंकड़ों से पता चला है कि केंद्र सरकार का कर राजस्व (शुद्ध) 20 लाख करोड़ रुपये यानी वित्त वर्ष 2024-25 के संशोधित अनुमान का 78.8 प्रतिशत था।*

### राजकोषीय घाटा 15.69 लाख करोड़ रहने का अनुमान

मौजूदा कीमतों के आधार पर मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा 15.69 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-फरवरी अवधि में कुल राजस्व व्यय में से 9.52 लाख करोड़ रुपये ब्याज भुगतान और 3.63 लाख करोड़ रुपये प्रमुख सब्सिडी मद में हुए थे। सीजीए ने कहा कि फरवरी, 2025 तक सरकार ने करों के हिस्से के रूप में राज्य सरकारों को 11.80 लाख करोड़ रुपये हस्तांतरित किए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.47 लाख करोड़ रुपये अधिक है।

### घाटा जीडीपी का 4.8 प्रतिशत संभव

पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 79.6 प्रतिशत था। केंद्र सरकार के राजस्व-व्यय के आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों में कुल व्यय 38.93 लाख करोड़ रुपये यानी संशोधित अनुमान का 82.5 प्रतिशत था। एक साल पहले की अवधि में यह 83.4 प्रतिशत था। केंद्रीय बजट में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.8 प्रतिशत और 2025-26 के लिए 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है।

# रुपया 25 पैसे उछलकर 85.49 प्रति डॉलर पहुंचा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



- विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह में वृद्धि
- वृद्धि पिछले छह वर्षों में सबसे बेहतर रही

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुक्रवार को 25 पैसे उछलकर 85.49 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह बढ़ने से रुपये में मासिक वृद्धि पिछले छह वर्षों में सबसे बेहतर है। इस साल मार्च में रुपये में 2.17 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो नवंबर 2018 के बाद से सबसे ज्यादा है। उस समय रुपये में 5 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गयी थी। चालू वित्त वर्ष में रुपया दो प्रतिशत से अधिक कमजोर हुआ है। दो अप्रैल, 2024 को यह डॉलर के मुकाबले 83.42 पर था।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि पूंजी बाजार में एफआईआई के मजबूत पूंजी प्रवाह से रुपये को समर्थन मिला। विदेशी निवेशकों ने पिछले छह कारोबारी सत्रों में 32,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। हालांकि, कमजोर घरेलू बाजार और डॉलर की मजबूती ने रुपये के तेज उछाल पर रोक लगा दिया। इसके अलावा, निवेशक बढ़ती वैश्विक व्यापार चिंताओं के संभावित आर्थिक प्रभाव से भी जूझ रहे हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 85.64 पर खुला। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 85.40 प्रति डॉलर तथा नीचे में 85.70 प्रति डॉलर तक आया। अंत में यह डॉलर के मुकाबले 85.49 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद से 25 पैसे की तेजी है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे कमजोर होकर 85.74 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

# भंडारण सीमा के उल्लंघन पर चीनी मिलों लगेगा जुर्माना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि सरकार मासिक भंडारण रखने की सीमा के आदेशों का उल्लंघन करने वाली चीनी मिलों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। मंत्रालय ने जमाखोरी को रोकने और मूल्य वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए सफेद/परिष्कृत चीनी के लिए मासिक भंडारण सीमा निर्धारित की है। अप्रैल के लिए यह सीमा 23.5 लाख टन निर्धारित की गई है। मिलों को जारी निर्देश में मंत्रालय ने कहा कि उसने पाया है कि कुछ समूह और व्यक्तिगत चीनी मिलों द्वारा पूर्व में दी गई चेतावनियों के बावजूद बार-बार उल्लंघन किया जा रहा है, जिसके कारण नए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं। इसमें कहा गया है कि पहली बार उल्लंघन करने पर, बेची गई अतिरिक्त चीनी का 100 प्रतिशत अगले महीने जारी होने वाली खेप से दंड स्वरूप काट लिया जाएगा।



दूसरी बार उल्लंघन पर 115 प्रतिशत, तीसरे बार उल्लंघन पर 130 प्रतिशत तथा चौथे उल्लंघन पर 150 प्रतिशत की कटौती की जाएगी। बिना सूचना के कुल भंडार के 90 प्रतिशत से कम चीनी भेजने वाली मिलों को भविष्य में आवंटन प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

### ओएनजीपीएल ने किया अयाना का अधिग्रहण पूरा

**नई दिल्ली।** ओएनजीसी एनटीपीसी ग्रीन प्राइवेट लिमिटेड ने 6,248.50 करोड़ रुपये में अयाना रिन्यूएबल पावर में 100 प्रतिशत शेयर हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। ओएनजीपीएल एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और ओएनजीसी ग्रीन लिमिटेड का 50:50 संयुक्त उद्यम है। यह अधिग्रहण 27 मार्च को 23.22 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 6,248.50 करोड़ रुपये की नकदी में पूरा हुआ। एनजीईएल ने कुल अधिग्रहण लागत में 50 प्रतिशत यानी 3,124.25 करोड़ रुपये का योगदान दिया। अयाना, एक अग्रणी नवीकरणीय ऊर्जा मंच है। इस अधिग्रहण के माध्यम से एनजीईएल का लक्ष्य 2032 तक 60 गीगावाट नवीकरणीय क्षमता के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अपनी क्षमता का विस्तार करना है।

## ओकरिज विशाखापत्तनम की छात्रा एमआईटी ग्लोबल स्टीम वीक के लिए चयनित



**विशाखापत्तनम।** ओकरिज इंटरनेशनल स्कूल, विशाखापत्तनम की कक्षा 8 की छात्रा महालक्ष्मी और शैली ने अमेरिका के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में 2025 ग्लोबल स्टीम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कला और गणित) सप्ताह में भाग लेने का प्रतिष्ठित अवसर अर्जित किया है। दोनों छात्राएं इस नवंबर में एमआईटी के दुनिया भर के नॉर्ड एंग्लिया स्कूलों के 62 अन्य छात्रों के साथ चार सदस्यीय समूह के हिस्से के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

चयन प्रक्रिया में छात्रों को वास्तविक दुनिया की समस्याओं के लिए अभिनव समाधान तैयार करने, अपनी रचनात्मकता, समस्या सुलझाने के कौशल और वैज्ञानिक योग्यता का प्रदर्शन करने की चुनौती दी गई थी। कार्यक्रम के दौरान, वे रोबोट बनाने से लेकर बायो इंजीनियरिंग, कोडिंग तक की गतिविधियों के माध्यम से वैश्विक चुनौतियों से निपटने वाली परियोजनाओं पर सहयोग करेंगी। 'उनकी यह उपलब्धि उनके समर्पण और नवाचार की भावना को दर्शाती है जिसे हम ओकरिज में प्रोत्साहित करते हैं। हम उन्हें वैश्विक मंच पर चमकते हुए देखने के लिए उत्साहित हैं।' एमआईटी-नॉर्ड एंग्लिया स्टीम कार्यक्रम छात्रों को एमआईटी में एक छात्र के रूप में जीवन का अनुभव करने का एक विशेष अवसर प्रदान करता है। उन्हें एमआईटी संकाय के साथ सीधे जुड़ने, एमआईटी की उन्नत प्रयोगशालाओं में इमर्सिव का पता लगाने, व्यवहारिक कार्यशालाओं में भाग लेने और हार्वर्ड विश्वविद्यालय का दौरा करने का मौका मिलेगा।

## गीतम विवि की प्रवेश परीक्षा 2025 कई राज्यों में प्रारंभ



**विशाखापत्तनम।** गीतम डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने अपने परिसरों में विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए शुक्रवार को अपना प्रवेश परीक्षा (गेट) 2025 शुरू किया। विश्वविद्यालय देश के 12 राज्यों में फैले 42 केंद्रों पर गेट -2025 आयोजित कर रहा है। गीतम के कुलपति प्रो. वाई. गौतम राव ने विशाखापत्तनम केंद्र में ऑनलाइन प्रश्न पत्र का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर अभिभावकों को संबोधित करते हुए उन्होंने उद्योग जगत के नेताओं के सहयोग से अपने पाठ्यक्रम को लगातार अद्यतन करने, प्रयोगशालाओं को उन्नत करने और नए कार्यक्रम शुरू करने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि गीतम एक मजबूत शोध संस्कृति को बढ़ावा दे रहा है और छात्रों के बीच उद्यमशीलता को प्रोत्साहित कर रहा है। विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति को सक्रिय रप से लागू कर रहा है और छात्रों के समग्र विकास का समर्थन करने के लिए च्वाइस-बेस्ड क्रेडिट सिस्टम को सफलतापूर्वक अपनाया है। गीतम के एडमिशन डायरेक्टर एम. जगदीश ने गेट-2025 को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स पर संतोष जताया। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी इंजीनियरिंग, फार्मेसी, आर्किटेक्चर, लॉ, ह्यूमैनिटीज, बिजनेस मैनेजमेंट, नर्सिंग, पैरामेडिकल और साइंस प्रोग्राम समेत कई तरह के प्रोग्राम ऑफर करती है। उन्होंने यह भी बताया कि गीतम एडमिशन टेस्ट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को स्कॉलरशिप भी देती है। इसके अलावा, यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स कोटा स्कॉलरशिप के जरिए खेल प्रतिभाओं को पहचानती है और उनका समर्थन करती है। गीतम एडमिशन टेस्ट का पहला चक्र पूरे देश में 29 मार्च तक चलेगा। नतीजे जल्द ही घोषित किए जाएंगे, उसके बाद एडमिशन काउंसिलिंग की तारीखें तय की जाएंगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### म्यांमार से लेकर...

अधिक लोग रहते हैं, जिनमें से कई ऊंची इमारतों में अपार्टमेंट में रहते हैं।

स्विमिंग पूल छलक आया पानी

भूकंप इतना जोरदार था कि इसने ऊंची इमारतों में स्थित स्विमिंग पूलों से पानी बाहर छलक आया। इससे झटके की तीव्रता का अंदाजा लगाया जा सकता है। बैंकॉक का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें एक हाईराइज बिल्डिंग के रूफटॉप पर बने स्विमिंग पूल से पानी उछलता हुआ और दर्जनों मंजिलों से टकराता हुआ नीचे सड़कों पर गिरता देखा जा सकता है।

### पंचग्रहीय योग में नव...

12 बजकर 15 मिनट के मध्य रहेगा।

इस वर्ष का नाम सिद्धार्थ संवत है। नए वर्ष की शुरुआत रविवार के दिन होने से संवत के राजा सूर्य होंगे। वर्ष का समापन भी रविवार को होने के कारण मंत्री सूर्य ही होंगे। वहीं अन्न-धन, खनिज व धातु के स्वामी बुध, खाद्य पदार्थों के स्वामी मंगल होंगे। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा में रविवार 30 मार्च को नए संवत्सर 2082 का आरंभ ग्रह-गोचरों के शुभ संयोग में होगा। इस दिन शाम 6:14 बजे तक रेवती नक्षत्र फिर अश्विनी नक्षत्र विद्यमान रहेगा। मीन लग्न सुबह 06:26 बजे तक रहेगा फिर मेष लग्न का आरंभ होगा। मीन राशि में इस दिन पांच ग्रह के मौजूद होने से पंचग्रहीय योग बनेगा। मीन राशि में सूर्य, बुध, राहु, शनि और शुक्र ग्रह विद्यमान होंगे। केतु कन्या राशि में, देवगुरु बृहस्पति वृष राशि में तथा मंगल मिथुन राशि में रहेंगे।

### 15 हजार रिश्वत लेते ...

गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की जा रही है जबकि इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हडकंप मचा हुआ है। वहीं इस कार्रवाई के बाद विकासखंड में राजस्व विभाग की कार्यशैली को लेकर सवाल उठने लगे है। शुक्रवार की दोपहर प्रतापपुर तहसील कार्यालय में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने डीएसपी प्रमोद खेस के नेतृत्व में अचानक ही छापेमारी करते हुए लिपिक बृज भान सिंह को 10 हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि लिपिक के खिलाफ ग्राम पोड़ी निवासी शिवचरण कुमार ने एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत ही थी। एसीबी के अनुसार शिवचरण कुमार के भाई की मौत दंतैल हाथी के हमले में हो गई थी। भाई की मौत के बाद शासन से मिलने वाली क्सहित्पुर्ती मुआवजा राशि 6 लाख रूपए प्राप्त करने के शिवचरण द्वारा वन विभाग प्रतापपुर में आवेदन किया गया जिसके बाद मृतक के वारिसान के नाम प्रस्ताव हेतु वन विभाग द्वारा तहसील कार्यालय प्रतापपुर से जानकारी मांगी गई थी। यही जानकारी वन विभाग को भेजने के लिए शिव चरण कुमार तहसील कार्यालय के लिपिक से बात की तो उनसे जानकारी के बदले में 20 हजार रुपए की मांग की थी। लिपिक द्वारा लगातार ग्रामीण को परेशान किया जा रहा था ऐसे में शिवचरण ने मामले की शिकायत अंबिकापुर एंटी करप्शन ब्यूरो कार्यालय में की गई। शिकायत के बाद एसीबी द्वारा शिकायत की जांच के बाद ग्रामीण की लिपिक से बात कराई। इस दौरान लिपिक 10 हजार रुपए में काम करने को तैयार हो गया जिसके बाद 28 मार्च की दोपहर एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम द्वारा ट्रैप कार्रवाई की गई और जैसे ही शिवचरण ने लिपिक बृजभान सिंह ने 10 हजार रुपए की रिश्वत ली टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ धारा 7 पीसी एक्ट 1988 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल आरोपियों से एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा पूछताछ की जा रही है।

### चौहद्दी ले लिए पटवारी ...

प्रताप सिंह के पास गए। इस दौरान पटवारी मोगेंद्र प्रताप सिंह ने चौहद्दी बनाने के लिए ग्रामीण से 15 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। इस दौरान लगातार टाल मटोल करने के बाद भी जब पटवारी काम करने को तैयार नहीं हुआ तो उसने इसकी शिकायत एसीबी से की थी। एसीबी ने मामले की जांच व शिकायत सत्यापन के बाद शुक्रवार को ट्रैप की कार्रवाई की गई। ट्रैप कार्रवाई के तहत जैसे ही ग्रामीण ने पटवारी को 15 हजार रूपए प्रदान किया टीम ने पटवारी मोगेंद्र प्रताप सिंह को पकड़ लिया।

आरोपी के खिलाफ धारा 7 पीसीएक्ट 1988 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### ट्राइबल का मंडल...

रुपए ले लिए है और बाकी के रकम की मांग की जा रही है। इस पर प्रार्थी ने एंटी करप्शन ब्यूरो के दिशा निर्देशन में कार्य करते हुए आरोपी मंडल निरीक्षक को रंगे हाथों गिरफ्तार कराने की योजना बनाई। आरोपी द्वारा उसे रकम लेकर सक्ती जेठा स्थित आदिम जाति कल्याण विभाग के कार्यालय में बुलाया गया। इसकी सूचना प्रार्थी ने एंटी करप्शन ब्यूरो को दी, जिस पर एन्टी करप्शन ब्यूरो की टीम शुक्रवार 28 मार्च को वहां पर पहले से ही मुस्तैद रही। इस दौरान प्रार्थी राजेंद्र जांगड़े रिश्वत की शेष रकम में से 50 हजार रुपए लेकर जैसे ही आरोपी मंडल निरीक्षक को देने पहुंचा। इसके कुछ ही देर बाद पहले से मौजूद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम आ धमकी और रिश्वत की रकम के साथ उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। एन्टी करप्शन ब्यूरो के डीएसपी अजितेश सिंह ने बताया कि आरोपी मंडल निरीक्षक संदीप खांडेकर के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया है।इस कार्रवाई में एसीबी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### किसान के घर 11 ...

मारपीट करते हुए उसके हाथ-पांव को रस्सी से बांध दिया। पत्नी को धमकाते हुए नकदी, कैश की जानकारी ली राधेलाल को बंधक बनाने के बाद चार बदमाश उसकी बाहर निगरानी कर रहे थे। तीन बदमाश राधेलाल के कमरे के अंदर दाखिल हुए। उन्होंने राधेलाल की पत्नी को उसके पति को बंधक बनाए जाने की जानकारी देते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद बदमाशों ने राधेलाल की पत्नी को धमकाते हुए जेवर तथा नकदी के बारे में जानकारी ली। इसके बाद वे राधेलाल के कमरे से कैश तथा जेवर एक बैग में रख कर मौके से फरार हो गए। 25 मिनट में डकैती डालने के बाद हुए फरार- राधेलाल ने जैसा पुलिस को बताया है, उसके मुताबिक बदमाश रात 2.05 बजे घर के अंदर दाखिल हुए। इसके बाद 2.30 बजे नकदी तथा जेवर समेटकर मौके से फरार हो गए। किसान के घर जब डकैती की घटना हुई, उस समय उसका बेटा अपनी दादी के साथ अलग कमरे में सोया था। बड़ा बेटा हार्वेस्टर के काम से बाहर गया हुआ था। राधेलाल का बेटा बहू अलग कमरे में सोए थे। डकैत राधेलाल के कमरे को छोड़ किसी अन्य कमरे में दाखिल नहीं हुए। बदमाशों के जाने के बाद राधेलाल अपने हाथ तथा पैरों में बंधी रस्सी खोलने के बाद ग्रामीणों की मदद से घटना की शिकायत करने थाने पहुंचा। किस्त जमा करने संजोकर रखे थे रुपए - राधेलाल किसान होने के साथ जेसीबी तथा हार्वेस्टर चलाने का काम करता है। राधेलाल के साथ दो जेसीबी तथा एक हार्वेस्टर है। राधेलाल ने पुलिस को बताया है कि बदमाशों ने बैंक में किस्त जमा करने रखी नकदी लूट ली। राधेलाल गांव के आउटर में रहता है।

### चिंगरा पगार की ...

पर अब आपको जंगल की दुनिया जीवंत होती दिखेगी। विशाल अजगर की लहराती आकृति, शेर की दहाड़ती मुद्रा, तेंदुए की फुर्तीली छवि, मछली की तैरती शैली, मगरमच्छ की डरावनी शक्ल, बिच्छू की जहरीली बनावट, गिरगिट की रंग बदलती छटा, घेंघा की रहस्यमयी उपस्थिति, जंगली भैंसे की ताकत, कछुए की शांति, केकड़े की चाल और न जाने कितने वन्य प्राणियों की आकृतियां इन पत्थरों पर उकेरी गई हैं। इन चट्टानों को देखकर ऐसा लगता है मानो प्रकृति और कला का अनोखा संगम हो गया हो। हर एक नक्काशी इतनी बारीक और जीवंत है कि इसे देखने वाला हर शख्स आश्चर्यचकित हुए बिना नहीं रह पाता। यह कमाल का काम करने वाले धरम नेताम और मनीषा नेताम खैरागढ़ जिले के गंड़ई गांव से ताल्लुक रखते हैं। वन विभाग के सहयोग से यह दंपति चिंगरा पगार पहुंचा और यहां की प्राकृतिक संपदा को अपनी कला से संवारने का बीड़ा उठाया। दोनों ने खैरागढ़ में पत्थरों को मूर्त रूप देने का विशेष प्रशिक्षण लिया है और यह उनकी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन चुका है। हरिभूमि की टीम को बताया की वे हाल ही में अहमदाबाद से लौटे हैं, जहां उन्होंने भी अपनी कला का प्रदर्शन किया था। पिछले दो महीनों से वे चिंगरा पगार में दिन-रात मेहनत कर रहे थे ताकि इन चट्टानों को एक नया जीवन दिया जा सके। अब उनका काम पूरा हो चुका है और इसका नतीजा हर किसी के सामने है।

### राज्यपाल के ...

मैनपाट पहुंचे थे जहां उन्होंने उल्टापानी, मेहता प्वाइंट सहित अन्य पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। इसके पश्चात उन्होंने मैनपाट के करमा रिसोर्ट में रात्रि विश्राम किया। राज्यपाल शुक्रवार को भी मैनपाट में तिब्बती मोनेस्ट्री का भ्रमण करने के साथ ही सैनिक स्कूल में छात्र छात्राओं से संवाद करने वाले थे। इसके साथ ही प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया जाना था। जबकि इसके बाद केंद्र व राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर समीक्षा की जानी थी।

परिजनों ने की मुआवजे की मांग- बिसरपानी उल्टापानी निवासी 55 वर्षीया सुन्नी मझवार पति नान साय मझवार के भाई की मौत के बाद वह अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने गई हुई थी और अंतिम संस्कार कार्यक्रम से वापस लौटते समय ही गांव में राज्यपाल के काफिले में चल रही इनोवा कार की टक्कर से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। काफिला गुजर जाने के बाद स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस की मदद से महिला को कमलेश्वरपुर अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रिफर किया गया था। महिला को देर रात मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को मृतिका के पीएम को लेकर परिजन तैयार नहीं हो रहे थे। परिजन ने घटना की जांच के साथ ही मृतिका के परिजन को मुआवजा व पुत्र को शासकीय नौकरी की मांग की।

### सुबह अचानक हुआ...

अचानक स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या होने पर सरगुजा जिले में तय सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी 30 मार्च को बिलासपुर जिले में प्रस्तावित कार्यक्रम के वजह से भी राज्यपाल श्री डेका को आकस्मिक रूप से रायपुर हेतु प्रस्थान करना पड़ा।

### बीयर 20, विस्की 300 और ...

12 हजार करोड़ रुपए किया गया है। निर्धारित लक्ष्य हासिल करने राज्य में जहां नए 67 दुकानें खोली जा रही हैं। वहीं दूसरे राज्य से तस्करी कर लाए जाने वाले शराब पर अंकुश लगाने शराब की कीमतों में कमी की गई है। महंगी ब्रांड की शराब की कीमतों में तीन सौ रुपए तक की कमी की गई है। नए रेट के हिसाब से मैकडॉवेल नंबर वन व्हिस्की पूर्व में जहां 840 रुपए बोतल में मिलती थी वह अब 760 रुपए में मिलेगी। पूर्व में 840 रुपए में मिलने वाली ज्यादातर व्हिस्की की कीमत में 80 रुपए बोतल तक की कटौती की गई है। वहीं बीयर की कीमत में 20 रुपए तक की कटौती की गई है। किंगफिशर स्ट्रांग बीयर पूर्व में 220 रुपए बोतल में मिलती थी। वह अब ग्राहकों को 200 रुपए में मिलेगी।

### तैराकी सीखने गए...

ऊपर चढ़कर खेल रहे थे। इसी दौरान संतोष देवांगन भी नहाने के लिए पानी में उतर गया। उसे पानी ज्यादा होने का अंदाजा नहीं हो पाया। गहरे पानी में जाते समय उसे अचानक चक्कर आ गया। बीपी बढ़ जाने के कारण संतोष गहरे पानी में डूब रहा था। उसे डूबते देख किनारे में खेल रहे दोनों बच्चे बिना अपनी जान की परवाह किए पिता को बचाने पानी में छलांग लगा दी।

**संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़**
इंद्रावती भवन, ब्लॉक - 4, प्रथम तल, अटल नगर जिला - रायपुर, पिन - 492002
Phone : 0771.2331345 E-mail id - ttcdetraipur@gmail.com

क्रमांक/संरोप्र/एफि./सूचना / 2025 / 212 अटल नगर नवा रायपुर, दिनांक 28/03/2025

**सूचना**

सत्र 2025 से राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद् (एनसीवीटी) से आईटीआई संबंद्धता के लिये वर्तमान प्रचलित नियमों के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन की सुविधा, नेशनल इंस्ट्रक्शनल मीडिया इंस्टीयूट (निमी) पोर्टल पर दिनांक 30.04.2025 तक उपलब्ध रहेंगी । इच्छुक आवेदक जो नई आईटीआई की संबंद्धता/ प्रत्यायन, मौजूदा आईटीआई में ट्रेड / यूनिट जोड़ने, मौजूदा आईटीआई के स्थान को स्थानांतरित करने एवं निमी एफिलियेशन पोर्टल पर आईटीआई का नाम बदलने चाहते हो, वे नेशनल इंस्ट्रक्शनल मीडिया इंस्टीयूट (निमी) पोर्टल में जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। प्राप्त आवेदनों पर एफिलियेशन मैनुअल 2018 में वर्णित प्रक्रियाओं एवं इसके अतिरिक्त डीजीटी द्वारा जारी किसी भी पश्चातवर्ती दिशा-निर्देशों और मापदंडों के अनुसार विचार किया जाएगा। नेशनल इंस्ट्रक्शनल मीडिया इंस्टीयूट (निमी) पोर्टल पर आवेदन करने का मतलब यह नहीं है कि संस्था/ व्यवसाय को सत्र 2025 के लिये संबंद्धता प्रदान की जाएगी। आवेदकों को आवेदन करते समय संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ से प्राप्त नवीनतम वैध अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नेशनल इंस्ट्रक्शनल मीडिया इंस्टीयूट (निमी) पोर्टल पर अपलोड करना होगा। आवेदन करने के पूर्व पोर्टल पर समस्त जानकारी प्राप्त कर लेवे।

Signed by Rituraj Raghuvanshi
Date: 28-03-2025 11:01:53
संचालक, रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़

जी. 242506214/2

**कार्यालय संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग, रायपुर**
(इन्द्रावती भवन, विभागाध्यक्ष कार्यालय, ब्लाक नं. 1, द्वितीय तल, नवा रायपुर अटल नगर, छ. ग.) E-Mail – govtprintingstationerydept@gmail.com
दूरभाष : कार्यालय 2331302

विज्ञप्ति क्रमांक 1649/स्था./सीधी भर्ती/2025 नवा रायपुर दिनांक 27.3.2025

**-:विज्ञापन:-**

छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक एफ 2-08/2021 / सात- 4 नवा रायपुर दिनांक 28 मार्च 2024 में दिये गये निर्देशानुसार सीधी भर्ती के रिक्त पदों को भरने की सहमति दिये जाने के उपरांत आनलाईन आवेदन छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर के माध्यम से वेबसाईट vyapamcg.cgstate.gov.in पर आमंत्रित किये जाते है। पदों का विवरण निम्नानुसार है:-

**कापी होल्डर कुल 2 पद, प्लेट मेकर कुल 1 पद, ग्रेनिंग मशीन आपरेटर कुल 1 पद, फास्ट डिजिटल प्रिंटर आपरेटर कुल 2 पद, कनिष्ठ सिंगल कलर मशीन आपरेटर कुल 1 पद, सिंगल कलर सीटफेड आपरेटर कुल 1 पद, ट्रेसर / रिटेचर / पेस्टर कुल 1 पद, जूनियर रीडर कुल 1 पद।**

टीप:- 1. विज्ञापित किये गये पदों की रिक्तियों की सख्या में परिवर्तन भी हो सकता है। 2. उपरोक्त पदो के संबंध में विस्तृत विज्ञापन, परीक्षा का पाठ्यक्रम, एवं परीक्षा कार्यक्रम आनलाईन आवेदन की विधि तथा अन्य विस्तृत जानकारी व्यापम की वेबसाईट vyapamcg.cgstate.gov.in पर देखा जा सकता है। 3. उपरोक्त विज्ञापित पदों के लिए की जाने वाली चयन उपरांत नियुक्ति माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में दायर एस. एल.पी. (सी) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश/निर्णय के अध्यधीन होगी।

संचालक
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री
अटल नगर, नवां रायपुर

जी. 242506205/2

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)**

**निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| एन.आई.टी.क्र./ सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 232/ 166312 | S.R.,M.O.W., ADDITION ALTERATION AND MISCELLANEOUS WORK IN RESIDENCIAL BUILDING AT HIGHER OFFICIAL RESIDENTIAL CAMPUS AT SECTOR 18 NAWA RAIPUR UNDER CONSTRUCTION SUB DIVISION No.1, DIVISION NO 03 NAWA RAIPUR ATAL NAGAR | रू. 105.00 लाख |

**निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 11.04.2025 समय सायं 5:30 बजे तक**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
रायपुर मण्डल क्रं.-1, रायपुर (छ.ग.)

जी. 242506193/4

**कार्यालय आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़**

**"विज्ञप्ति"**

**वर्ष 2025-26 के लिए भांग की थोक दुकान का व्यवस्थापन**

क्रमांक/आब./ठेका/2025/1685 नवा रायपुर, दिनांक: 28.03.2025

सर्व साधारण की जानकारी एवं भांग के ठेकेदारों की विशेष जानकारी के लिए यह सूचना प्रकाशित की जाती है कि, छत्तीसगढ़ राज्य में भांग की थोक दुकान के लिए लायसेंस, आवेदन प्रणाली अंतर्गत वर्ष 2025-26 अर्थात दिनांक 21 अप्रैल, 2025 से 31 मार्च, 2026 तक की अवधि हेतु सारणी में वर्णित तिथि एवं स्थानों में दिनांक 29.03.2025 से 11.04.2025 तक अवकाश के दिनों को छोड़कर कार्यालयीन समय में निर्धारित प्रपत्र में समस्त औपचारिक्ताओं की पूर्ति पश्चात आवेदन पत्र कार्यालय आबकारी आयुक्त, जी.एस.टी. भवन, अटल नगर, नवा रायपुर में जमा किये जा सकेंगे। भांग की थोक दुकान की अनुज्ञप्ति के लिए एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा दिनांक 15.04.2025 को दोपहर 03:00 बजे से "मेन्युअल लॉटरी" के माध्यम से अनुज्ञप्तिधारियों का चयन किया जावेगा।

उपरोक्त विषय से संबंधित जानकारी, आबकारी आयुक्त कार्यालय से अवकाश के दिनों को छोडकर किसी भी दिन कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है। किसी कारणवश निर्धारित तिथि एवं समय में अनुज्ञप्तिधारी के चयन की कार्यवाही पूर्ण नहीं होने की परिस्थिति में थोक लायसेंस हेतु आबकारी आयुक्त द्वारा घोषित तिथि एवं समय में की जा सकेगी।

उपरोक्त विषय से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश/ विज्ञप्ति आबकारी विभाग के वेबसाईट https://excise.cg.nic.in पर भी उपलब्ध है।

सही/-
आबकारी आयुक्त,
छत्तीसगढ़

जी. 242506217/3




# आईपीएलः 17 साल बाद बेंगलुरु ने चेन्नई को उसके घर में हराया

## आरसीबी लगातार दूसरी जीत से तालिका में शीर्ष पर

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

कप्तान रजत पाटीदार के अर्धशतक और गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 17 साल बाद चेन्नई सुपर किंग्स को उसके गढ़ चेपॉक पर आईपीएल के मैच में मात देते हुए शुक्रवार को 50 रन से जीत दर्ज की। आरसीबी के सात विकेट पर 196 रन के जवाब में पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स आठ विकेट पर 146 रन ही बना सकी। आरसीबी की 2008 में आईपीएल के पहले सत्र के बाद चेपॉक पर चेन्नई के खिलाफ यह पहली जीत है। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर मजबूत स्कोर बनाने के बाद आरसीबी ने मेजबान टीम के शुरुआती विकेट जल्दी चटकाकर दबाव बनाया जो अंत तक कायम रहा।



### धोनी के नाबाद 30 रन

लगातार विकेट गिरने से रविंद्र (41) पर दबाव बढता गया और वह 13वें ओवर में यश दयाल का शिकार हुए जिन्होंने 18 रन देकर दो विकेट लिए। दयाल ने शिवम दुबे (19) को भी रवाना किया। इसके बाद चेन्नई ने धोनी की बजाय आर अश्विन को भेजा जिस पर सभी को हैरानी हुई। आखिर में धोनी ने 16 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 30 रन बनाए और आईपीएल के इतिहास में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए सर्वाधिक रन बनाने का सुरेश रैना का रिकॉर्ड तोड़ा।

### पाटीदार का अर्धशतक

कप्तान पाटीदार के 51 रन और टिम डेविड के आठ गेंद में 22 रन की मदद से आरसीबी ने सात विकेट पर 196 रन बनाए पाटीदार को चेन्नई के फील्डरों से तीन बार जीवनदान मिला और इसका फायदा उठाते हुए उन्होंने 32 गेंद में 51 रन बनाए। इससे पहले फिल साल्ट ने 16 गेंद में 32 रन और देवदत्त पड्डिकल ने 14 गेंद में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 27 रन बनाकर आरसीबी को शानदार शुरुआत दी। विराट कोहली हालांकि संघर्ष करते दिखे और 30 गेंद में 31 रन ही बना सके।

### स्कोर बोर्ड

| आरसीबी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिल साल्ट स्ट धोनी बो नूर | 32 | 16 | 5 | 1 |
| विराट कोहली का रविंद्र बो नूर | 31 | 30 | 2 | 1 |
| पड्डिकल का गायकवाड़ बो अश्विन | 27 | 14 | 2 | 2 |
| पाटीदार का कुरेन बो पथिराना | 51 | 32 | 4 | 3 |
| लियाम लिविंगस्टोन बो नूर | 10 | 09 | 0 | 1 |
| जितेश शर्मा का जडेजा बो खलील | 12 | 06 | 1 | 1 |
| टिम डेविड नाबाद | 22 | 08 | 1 | 3 |
| कृणाल पंड्या का हुड्डा बो पथिराना | 00 | 03 | 0 | 0 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 00 | 02 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 11, कुल : 20 ओवर में 196/7
**गेंदबाजी :** खलील 4-0-28-1, अश्विन 2-0-22-1, कुरेन 3-0-34-0, अहमद 4-0-36-3,जडेजा 3-0-37-0, पथिराना 4-0-36-2.

| सीएसके | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रचिन रविंद्र बो दयाल | 41 | 31 | 5 | 0 |
| त्रिपाठी का साल्ट बो हेजलवुड | 05 | 03 | 1 | 0 |
| ऋतुराज का भंडागे बो हेजलवुड | 00 | 04 | 0 | 0 |
| दीपक हुड्डा का शर्मा बो कुमार | 04 | 09 | 1 | 0 |
| कुरेन का पंड्या बो लिविंगस्टोन | 08 | 13 | 0 | 0 |
| शिवम दुबे बो दयाल | 19 | 15 | 2 | 1 |
| जडेजा का साल्ट बो हेजलवुड | 25 | 19 | 2 | 1 |
| अश्विन का साल्ट बो लिविंगस्टोन | 11 | 08 | 1 | 0 |
| एम एस धोनी नाबाद | 30 | 16 | 3 | 2 |
| नूर अहमद नाबाद | 00 | 02 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 03, योग : 20 ओवर में 146/8
**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 3-0-20-1, हेजलवुड 4-0-21-3, दयाल 3-0-18-2, लिविंगस्टोन 4-0-28-2, शर्मा 4-0-32-0, कृणाल 2-0-26-0.

खास खबर

## धोनी के प्रति जुनून अजीब यह खेल के लिए अच्छा नहीं




**चेन्नई।** भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू का मानना है कि महेंद्र सिंह धोनी के प्रति चेन्नई सुपर किंग्स के प्रशंसकों का अभूतपूर्व समर्थन धीरे-धीरे हानिकारक जुनून में बदल गया है जो अन्य बल्लेबाजों के लिए अच्छा नहीं है। इससे भविष्य में टीम की ब्रांडिंग को नुकसान पहुंच सकता है क्योंकि टीम हमेशा एक खिलाड़ी के इर्द-गिर्द घूमती रही है। रायुडू ने कहा, 'यह किसी नए बल्लेबाज के लिए बहुत बड़ी चुनौती होती है। दर्शकों का समर्थन अभूतपूर्व होता है लेकिन जब आप खेलने के लिए मैदान पर उतरते हो तब आपको पता चलता है कि यह समर्थन चेन्नई सुपर किंग्स से पहले महेंद्र सिंह धोनी के लिए है। यह बिल्कुल स्पष्ट है और सही भी है क्योंकि पिछले कुछ वर्षों से टीम को इसी तरह से तैयार किया गया है। उन्हें थाला (नेतृत्वकर्ता) नाम सही दिया गया है और उन्होंने चेन्नई की तरफ से अपना प्रभाव छोड़ा है। उन्होंने चेन्नई की टीम के लिए जो कुछ किया है उससे लोग उन्हें प्यार करते हैं।'

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलोर | 2 | 2 | 0 | 4 |
| लखनऊ | 2 | 1 | 1 | 2 |
| पंजाब | 1 | 1 | 0 | 2 |
| चेन्नई | 2 | 1 | 1 | 2 |
| दिल्ली | 1 | 1 | 0 | 2 |
| हैदराबाद | 2 | 1 | 1 | 2 |
| कोलकाता | 2 | 1 | 1 | 2 |
| मुंबई | 1 | 0 | 1 | 0 |
| गुजरात | 1 | 0 | 1 | 0 |
| राजस्थान | 2 | 0 | 2 | 0 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
145 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



शार्दूल ठाकुर
06 विकेट
लखनऊ

# 13 गेंद में सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड जायसवाल के नाम

## आईपीएल 2025 में निकोलस ने अपने बल्ले से किया जोरदार धमाका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल के 18वें सीजन का 2025 में धमाकेदार आगाज हो चुका है। इस सीजन में भी बल्लेबाजों के बेट आग उगल रहे हैं। इम्पेक्ट प्लेयर नियम के कारण भारत सहित विदेशी प्लेयर अंतिम ओवर में आकर ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर अपनी टीमों में जीताने में अहम भूमिका निभाई है। अब तक सत्र के 7 मैचों में युवा क्रिकेटरों के साथ दिग्गजों ने अपनी छाप छोड़ी है। आईपीएल 2025 में निकोलस पूरन ने अपने बल्ले से जोरदार धमाका किया। पूरन ने मात्र 18 गेंदों में अर्धशतक बना डाला। आईपीएल के 17 साल के इतिहास में सबसे तेज अधेशतक का रिकॉर्ड यशस्वी जायसवाल के नाम पर है। उन्होंने सिर्फ 13 गेंदों पर 50 रन ठोकर डाले थे।


### केएल राहुल

केएल राहुल का बल्ला भी आईपीएल में खूब गरजा है। राहुल ने साल 2018 में पंजाब की तरफ से खेलते हुए मात्र 14 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया था। यह मैच दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेला गया था।



### पैट कमिंस

वैसे तो पैट कमिंस एक तेज गेंदबाज हैं। लेकिन जब वह बल्लेबाजी करने उतरते हैं तो बल्ले से भी कोहराम मचा देते हैं। आईपीएल 2022 में ऐसा ही कुछ हुआ था। तब कमिंस केकेआर के खेमे में थे। उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में मात्र 14 गेंदों में फिफ्टी बनाई थी।





### यशस्वी जायसवाल

आईपीएल के इतिहास का सबसे तेज अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड यशस्वी जायसवाल के नाम पर दर्ज है। राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी ने यह कारनामा आईपीएल 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबले में किया था। यशस्वी मात्र 13 गेंदों में अपनी फिफ्टी पूरी की थी।

### ट्रैविस हेड



ट्रैविस हेड के नाम पर भी आईपीएल में तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड है। हेड ने 2024 के सीजन में दोनों अर्धशतक लगाए हैं और दोनों बार 16 गेंद का ही सामना किया है। इसमें से एक पारी एलएसजी के खिलाफ आई थी, जबकि दूसरी पारी डीसी के खिलाफ।

### इन खिलाड़ियों ने जड़ा 15 गेंद में अर्धशतक

#### यूसुफ पठान



यूसुफ पठान भी जब खेलते थे तो उनका बल्ला खूब रन बरसाता था। आईपीएल 2014 में यूसुफ पठान ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की थी। उन्होंने 15 गेंद में यह अर्धशतक बनाया था।

#### निकोलस पूरन

निकोलस पूरन के नाम आईपीएल में 15 गेंद में अर्धशतक लगाने का भी रिकॉर्ड है। पूरन ने लखनऊ सुपर जायंट्स की तरफ से खेलते हुए यह अर्धशतक आरसीबी के खिलाफ 2023 में लगाया था।

#### सुनील नारायण



सुनील नारायण ने भी 15 गेंदों में अर्धशतक जमाया है। उन्होंने साल 2017 में केकेआर और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइटराइजर्स के बीच हुए मुकाबले में यह पारी खेली थी।

#### जैक फ्रेजर मैक्गर्क


जैक फ्रेजर मैक्गर्क ने भी दो बार 15 गेंदों पर अर्धशतक पूरा करने का कारनामा किया है। उन्होंने यह दोनों पारियों 2024 में खेली थीं। एक बार मुंबई इंडियंस के खिलाफ और एक बार एसआरएच के खिलाफ।

## शिखर धवन से मिली सीख ने मेरे खेल को बदल दिया : आशुतोष



**कोलकाता।** दिल्ली कैपिटल्स के आक्रामक बल्लेबाज आशुतोष शर्मा ने कहा कि वह अपनी पुरानी फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन से मिली सीख के लिए हमेशा आभारी रहेंगे। घरेलू क्रिकेट में रेलवे का प्रतिनिधित्व करने वाले 26 साल के आशुतोष ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ आईपीएल की सबसे यादगार पारियों में से एक खेलते हुए 31 गेंद पर नाबाद 66 रन बनाकर टीम को आखिरी ओवर में एक विकेट की रोमांचक जीत दिलाई। जीत के बाद आशुतोष ने अपना 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार धवन को समर्पित करते हुए इस खब्बू बल्लेबाज के उनके करियर पर पड़ने वाले प्रभाव को स्वीकार किया। आईपीएल की पिछली नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने आशुतोष को 3.8 करोड़ रुपए की बोली के साथ टीम में चुना।

## पूरण के साथ बल्लेबाजी करने में आनंद आता है : मार्श



**हैदराबाद।** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिचेल मार्श ने कहा कि उन्हें लखनऊ सुपर जाइंट्स के अपने साथी खिलाड़ी निकोलस पूरण के साथ बल्लेबाजी करने में आनंद आता है और उन्हें खुशी है कि वेस्टइंडीज का यह आक्रामक बल्लेबाज अन्य लीग की तरह विरोधी टीम में नहीं है। पूरण लखनऊ की सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आसान जीत के नायक रहे। उन्होंने केवल 26 गेंद पर 70 रन बनाए। मार्श ने 31 गेंद पर 52 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया। मार्श ने कहा, 'पूरण की बल्लेबाजी के लिए मेरे पास एक ही शब्द है आकर्षक। मैं लंबे समय से उसके खिलाफ खेलता रहा हूं और उसकी इस तरह की बल्लेबाजी का मुझे हमेशा खामियाजा भुगतना पड़ा है।

### खबर संक्षेप



#### गुरिंदर ने 100 मीटर दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

**बेंगलुरु।** गुरिंदरवीर सिंह ने शुक्रवार को यहां इंडियन ग्रां प्री 1 में 10.20 सेकंड की तेज दौड़ के साथ पुरुषों की 100 मीटर फर्राटा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम करने के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। रिलायंस का प्रतिनिधित्व करने वाले 24 वर्षीय पंजाब के धावक ने अक्टूबर 2023 में मणिकांत होबलीधर द्वारा निर्धारित 10.23 सेकंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। गुरविंदर का पिछला व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 10.27 सेकंड था। उन्होंने इसे 2021 में बनाया था। रिलायंस के ही होबलीधर 10.22 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

#### बीसीसीआई को नए स्पिन गेंदबाजी कोच की तलाश

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' को साईराज बहुतुले की जगह जल्द ही नया स्पिन गेंदबाजी कोच मिलेगा। बहुतुले ने इस साल की शुरुआत में इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स से जुड़ने के लिए इस्तीफा दे दिया था। 'सीओई को पहले राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के रूप में जाना जाता था। यह अब बेंगलुरु में नए स्थल पर स्थानांतरित हो गया है। यह पद बहुतुले के जाने के बाद से रिक्त पड़ा है और अब बोर्ड ने इस पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

#### बार्सिलोना ने ओसासुना को 3-0 से दी शिकस्त



**बार्सिलोना।** फेरान टोरेस और दानी ओल्मो के शुरू में किए गए गोल की मदद से बार्सिलोना ने ओसासुना को 3-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपनी बढ़त मजबूत की। कोच हांसी फ्लिक ने रॉबर्ट लेवांडोव्स्की को मैच के अंतिम क्षणों में मैदान पर उतारा। पोलैंड के इस स्टार खिलाड़ी ने एक अन्य स्थानापन्न खिलाड़ी फर्मिन लोपेज़ के क्रॉस पर हेडर से खूबसूरत गोल किया। यह लेवांडोव्स्की का स्पेनिश लीग में वर्तमान सत्र का 23वां गोल था।इस जीत से बार्सिलोना 10 राउंड शेष रहते हुए रियाल मैड्रिड से तीन अंक और एटलेटिको मैड्रिड से सात अंक आगे हो गया है।

रॉयल्स के अशोक की कहानी

## संघर्ष करके बने नेट बॉलर और फिर पाया आईपीएल कॉन्ट्रैक्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

छह साल पहले, राजस्थान के एक किसान का 16 वर्षीय बेटा जयपुर में एक क्रिकेट अकादमी के बाहर खड़ा यह सोच रहा था कि क्या उसके सीमित साधन उसे क्रिकेट खेलने की अनुमति दे पाएंगे, लेकिन उसकी मेहनत और लगन ने यह सब संभव कर दिखाया है। नेट बॉलर से सफर शुरू करने वाले अशोक शर्मा राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा बन गए हैं।

राजस्थान के क्रिकेट इतिहास में पहली बार, राज्य के 10 क्रिकेटर आईपीएल 2025 में खेलेंगे। एक सीजन में अब तक का सबसे ज्यादा। इनमें 22 वर्षीय अशोक शर्मा भी शामिल हैं। मीडियम पेसर गेंदबाज ने 2022 का सीजन कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ बिताया, हालांकि उन्हें कोई गेम नहीं मिला, और 2023 और 2024 में राजस्थान रॉयल्स के लिए नेट बॉलर थे। अब, उन्हें आईपीएल 2025 के लिए उनकी टीम में शामिल किया गया है।



### तेंदुलकर के समान कहानी

जैसे अजीत तेंदुलकर ने अपने भाई सचिन तेंदुलकर के करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वैसे ही जयपुर के पास रामपुरा गांव में जन्मे अशोक इस कहानी से खुद को जोड़ सकते हैं। क्योंकि उनके बड़े भाई ने उन्हें क्रिकेट खेलने के लिए प्रेरित किया। अशोक ने अपनी क्रिकेट जर्नी पर खुलकर बात की। अशोक ने बताया कि वह सीनियर्स से क्रिकेट किट उधार लेते थे। अशोक ने बताया, मेरे पिता किसान थे, इसलिए हमें हमेशा आर्थिक तंगी से जूझना पड़ता था। मेरे भाई अक्षय ने मुझे छोटी उम्र में ही क्रिकेट से परिचित कराया और हम कुछ अन्य बच्चों के साथ गली क्रिकेट खेलते थे। अक्षय और हम दोनों ही क्रिकेट को अपना करियर बनाना चाहते थे, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण पिता केवल एक को ही कोचिंग दे सकते थे।

## जिओ हॉटस्टार ने पार किया 10 करोड़ सब्सक्राइबर्स का आंकड़ा

**नई दिल्ली।** जिओहॉटस्टार ने घोषणा की है कि इसके सब्सक्राइबर्स 100 मिलियन (10 करोड़) को पार कर गए हैं, जो भारत के स्ट्रीमिंग लैंडस्केप में एक बड़ा माइलस्टोन है। प्लेटफॉर्म इस ग्रोथ को अपने कंटेंट ऑफरिंग्स, प्राइसिंग स्ट्रैटेजीज और एक्सेसिबिलिटी के कारण मानता है। जब ये डिजनी+हॉटस्टार था, मई 2022 में इसके 50.1 मिलियन पेड सब्सक्राइबर्स थे, यानी करीब 3 साल में 50 मिलियन और जुड़े। वहीं, जिओसिनेमा और डिजनी+हॉटस्टार का कॉम्बिनेशन जिओहॉटस्टार पिछले महीने लॉन्च हुआ था। प्लेटफॉर्म ढेर सारा एंटरटेनमेंट देता है, जिसमें टीवी शोज, हॉलीवुड फिल्में, अलग-अलग भाषाओं में ओरिजिनल डिजिटल कंटेंट और रियलिटी शोज शामिल हैं। स्पोर्ट्स स्ट्रीमिंग ने भी जिओहॉटस्टार की सब्सक्राइबर ग्रोथ में बड़ी भूमिका निभाई है। प्लेटफॉर्म के पास आईसीसी टूर्नामेंट्स, आईपीएल और डब्लूपीएल जैसे बड़े स्पोर्टिंग इवेंट्स के राइट्स हैं। ये प्रीमियर लीग और विंबलडन जैसे इंटरनेशनल स्पोर्ट्स के साथ-साथ प्रो कबड्डी और आईएसएल जैसे डॉमेस्टिक लीग्स भी ब्रॉडकास्ट करता है।




# जोकोविच खिताब से दो कदम दूर फाइनल में पहुंचे सबालेंका-पेगुला

एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डंस

नोवाक जोकोविच ने अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और इस तरह से मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने सातवें खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। जोकोविच ने गुरुवार को क्वार्टर फाइनल मैच में कोर्डा को एक घंटे 24 मिनट में 6-3, 7-6 (7-4) से हराया।

सेमीफाइनल में उनका सामना बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा। जोकोविच ने 33 वर्षीय दिमित्रोव के खिलाफ जो 13 मैच खेले हैं उनमें से 12 में उन्होंने जीत दर्ज की है। इस बीच महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने छठी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को 71 मिनट में 6-2, 6-2 से हराकर पहली बार मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में उनका मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला से होगा जिन्होंने फिलिपींस की 19 वर्षीय एलेक्जेंड्रा एला के खिलाफ उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में 7-6 (7-3), 5-7, 6-3 से जीत दर्ज की।



### गैरवरीय जैकब की शानदार जीत

पुरुष वर्ग के दिन के पहले क्वार्टर फाइनल में चेक गणराज्य के गैरवरीयता प्राप्त किशोर खिलाड़ी जैकब मेन्सिक ने फ्रांस के 17वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 7-6 (7-5), 6-1 से हराया। 19 वर्षीय मेन्सिक पहली बार किसी एटीपी 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। विश्व में 54वीं रैंकिंग के खिलाड़ी मेन्सिक का सामना तीसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने माटेओ बेरेटिनी को तीन सेट तक चले मैराथन मुकाबले में 7-5, 6-7 (9-7), 7-5 से हराया।

### ओलंपिक पदक पर मुक्केबाज निशांत की नजर

**ग्रेटर नोएडा।** भारतीय मुक्केबाज निशांत देव का मानना है कि शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण पेशेवर सर्किट में खेलने से उन्हें सहनशीलता विकसित करने में मदद मिलेगी, जो 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के उनके सपनों को पूरा करने में मददगार होगा।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक 4061/न.पा.नि./2025 रायगढ़, दिनांक 27.03.2025

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सि.नि. क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत राशि रू. (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 166371 | Supply of Placement Labour-32 (Skilled-14, Un Skilled-18) for Nagar Nigam Raigarh | 50.50 | 21.04.2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता, न.पा.नि., रायगढ़

**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

**जांच कार्यवाही की सूचना**

श्री युधिष्ठिर सिंह आ. चमरा सिंह (24913904)
जनरल मजदूर, केटेगरी-1 (प्रशिक्षु)
फिल्टर प्लांट, गेवरा क्षेत्र
वर्तमान पता- ग्राम-अमगांव, पो. हरदी बाजार, जिला-कोरबा (छ.ग.)
द्वारा:- मुख्य प्रबंधक (सिविल), नगर प्रशासन (सिविल), गेवरा क्षेत्र

कार्यालयीन दस्तावेजों से यह ज्ञात हुआ है कि आप दिनांक 05.12.2024 से बिना किसी स्वीकृत अवकाश व सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित चल रहे हैं। बिना स्वीकृत अवकाश या पर्याप्त कारण के कार्य से अनुपस्थित रहना या स्वीकृत अवकाश से भी अधिक दिन तक कार्य पर अनुपस्थित रहना, कम्पनी के प्रमाणित स्थायी आदेश के अनुसार कदाचार की श्रेणी में आता है जो दण्डनीय है। यदि आप किसी अस्वस्थ्यता के कारण कार्य पर उपस्थित नही हो पा रहें है तो आपको सलाह दी जाती है कि तत्काल मुख्य (चिकित्सा सेवायें), एन.सी.एच. गेवरा क्षेत्र के समक्ष उपस्थित होवे ताकि आपकी अस्वस्थ्यता की पुष्टि की जा सके। यदि आप 07 दिनों के भीतर एन.सी.एच. गेवरा क्षेत्र में उपचार हेतु उपस्थित नहीं होते है या अपने कार्य पर उपस्थित नहीं होते है तो यह मान लिया जायेगा कि आप अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित चल रहें है एवं कम्पनी के प्रमाणित स्थायी आदेश के तहत आपके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।


प्रबंधक (कार्मिक), एसईसीएल, गेवरा क्षेत्र





# थाईलैंड और म्यांमार में विनाशकारी भूकंप आया तो ये मशीन क्यों दौड़ने लगी?

**न्यूयार्क।** थाईलैंड और म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप की तस्वीरें देखकर दुनियाभर के लोग हिल गए। भूकंप के झटके भारत के कई राज्यों और चीन में भी महसूस किए गए हैं। टीवी और सोशल मीडिया पर आ रहे वीडियो डराने वाले हैं। अब जानिए उन लाइनों के बारे में जो भूकंप से चलने लगी थीं। इस मशीन का नाम सीस्मोमीटर होता है। यही उपकरण भूकंप का पता लगाता है और उसकी तीव्रता बताता है। सीस्मोमीटर भूकंपीय तरंगों के कारण होने वाले कंपन को इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल में बदलता है। यह सिग्नल एक तरह के ग्राफ में व्यक्त होता है। अक्सर आपने देखा होगा भूकंप को प्रदर्शित करने के लिए जिगजैग लाइनों का इस्तेमाल किया जाता है। ये लाइनें सीस्मोमीटर ही बनाता है।



### जमीन में फिट किया जाता है सीस्मोमीटर

सीस्मोमीटर मशीन को दुनियाभर में जमीन में फिट किया जाता है। एक भूकंपीय नेटवर्क के हिस्से के रूप में इसे संचालित किया जाता है। पहला सीस्मोग्राफ 1890 में विकसित किया गया था। रिक्टर स्केल में भूकंप की तीव्रता बताई जाती है, यह 1 से 10 तक होती है। इसका आविष्कार अमेरिकी सीस्मोलॉजिस्ट चार्ल्स रिक्टर ने गणितीय उपकरण के रूप में किया था। वो साल 1935 था। आज भी यह भूकंप के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देता है।




### धरती में हलचल होने पर चलती है यह मशीन

सरल भाषा में समझें तो धरती में कोई भी हलचल होती है तो यह मशीन चलने लगती है। इसके ग्राफ के आधार पर ही रिक्टर स्केल की तीव्रता बताई जाती है। यह पेंडुलम के सिद्धांत पर काम करती है। यह चीज स्प्रिंग से लटकाई गई होती है। जैसे ही भूकंप आता है और जितनी ज्यादा एनर्जी निकलती है उतनी तेज यह गति करने लगती है।

## रोचक खबरें

# बिना सिर के 18 महीने तक जिंदा रहा मुर्गा, लोग मानते हैं चमत्कार



**वॉशिंगटन।** क्या आप इस बात पर यकीन कर पाएंगे कि कोई भी इंसान या जीव बिना सिर के भी जिंदा रह सकता है? लेकिन हम आपको बता दें कि, आज से तकरीबन 80 साल पहले ऐसा करिश्मा हो चुका है। सुनने में अजीब लगता है, लेकिन यह सच है। अमेरिका के कोलोराडो में एक मुर्गे ने बिना सिर के पूरे 18 महीने तक जीवित रहकर इतिहास रच दिया। इस अनोखे मुर्गे का नाम था 'माइक', जिसे लोग आज भी 'हेडलैस चिकन' के नाम से जानते हैं जिसने दुनिया भर में सुर्खियां बटोरीं। यह कहानी 1945 के सितंबर में कोलोराडो के एक फार्म में शुरू होती है। जहां लॉयड ओल्सन और उनकी पत्नी क्लारा ने मुर्गों को मारने का काम करते थे। उन्होंने कई मुर्गों को काटा, लेकिन उनमें से एक सिर कटने के बावजूद भी जिंदा रहा और टहलता रहा। यह नजारा देखकर ओल्सन परिवार चौंक गया। लेकिन, ऐसा संभव कैसे हुआ चलिए जानते हैं।

### नली से देता था पानी और खाना


*दरअसल, वैज्ञानिकों के मुताबिक, मुर्गे का दिमाग पीछे की ओर स्थित होता है। जब ओल्सन ने माइक का सिर काटा, तब उसका थोड़ा सा दिमाग और गले का हिस्सा सुरक्षित बच गया, जिससे वह जिंदा रह सका। किस्मत से, ब्लड फ्लो भी जल्दी रुक गया, जिससे वह ज्यादा खून बहने से नहीं मरा। ओल्सन ने माइक की उसकी देखभाल शुरू कर दी। उसे नली से पानी और खाना देता। यहां तक कि माइक की सांस लेने की नली में जमा म्यूकस निकालने के लिए एक सिरिंज का इस्तेमाल किया जाता था। माइक का चमत्कार जब आसपास के लोगों को पता चला, तो यह खबर अखबारों में छपने लगी। जल्द ही माइक एक सेलिब्रिटी बन गया और उसे अमेरिका के कई शहरों में घुमाया जाने लगा। इतना ही नहीं, माइक को देखने के लिए लोग दूर-दूर से आने लगे। वह अमेरिका के अलग-अलग शहरों में घूमता रहा और खबरों में सुर्खियां बटोरता रहा। ओल्सन परिवार ने इस अनोखे मुर्गे की बदौलत काफी पैसे कमाए और अपनी जिंदगी बेहतर बना ली।*


# स्पेस की पिच पर इसरो की तूफानी बैटिंग, डॉकिंग-अनडॉकिंग के बाद अब मारा बड़ा 'सिक्सर'

**नई दिल्ली।** भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो ने एक और बड़ी कामयाबी हासिल की है। हाल ही में भेजे गए अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग की दो सैटेलाइट्स में से एक को चारों तरफ घुमाने के बाद फिर से अपनी पुरानी पोजिशन पर वापस लौटाया है। इस प्रक्रिया को रोलिंग या रोटेटिंग प्रयोग कहा जा रहा है। यह परीक्षण 13 मार्च को दो सैटेलाइट्स के अलग होने (अनडॉकिंग) के बाद किया गया है। इस कदम की तुलना चंद्रयान-3 के 'हॉप' प्रयोग से की जा रही है, क्योंकि यह भी भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए महत्वपूर्ण सबक प्रदान करेगा। इसरो चीफ वी. नारायणन का कहना है कि यह परीक्षण पिछले हफ्ते कामयाबी के साथ पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि सैटेलाइट्स में अभी काफी मात्रा में ईंधन मौजूद है, इसलिए टीम से कहा गया है कि हर प्रयोग को पहले ज़मीन पर सिमुलेशन के ज़रिए अच्छी तरह से परखा जाए, ताकि कोई गलती न हो और अधिकतम डेटा हासिल किया जा सके।

### आसान भाषा में समझिए

आसान भाषा में इसरो की इस सफलता को समझें तो, मान लीजिए कि आप और आपका दोस्त दिल्ली की एक शॉप के बाहर खड़े हैं। जब आप एक-दूसरे से मिलते हैं तो गले लगते हैं, इसे डॉकिंग कहते हैं। फिर आपका दोस्त कुछ कदम पीछे हटता है, लेकिन आपकी नजरों के सामने रहता है, इसे अनडॉकिंग कहते हैं। अब वह या तो जगह पर घूमकर वापस आता है या आपके चारों तरफ घूमकर अपनी पुरानी जगह पर लौटता है। इसरो के सैटेलाइट ने भी कुछ इसी तरह का परीक्षण किया है, जिसमें उसने दूसरी सैटेलाइट के सामने रहते हुए उसके चारों तरफ चक्कर लगाया और वापस अपनी पुरानी पोजिशन में आ गया।





### चंद्रयान-4 में मिली कामयाबी

इस तकनीक को सीखना इसरो के लिए बहुत जरूरी है, क्योंकि भविष्य में इसे कई बड़े अभियानों में इस्तेमाल किया जाएगा। खासकर, चंद्रयान-4 के नमूना वापसी मिशन और गगनयान के मानव अंतरिक्ष उड़ान अभियानों में यह तकनीक बेहद महत्वपूर्ण होगी। इसरो को अलग-अलग परिस्थितियों में डॉकिंग करनी होगी, जिसके लिए स्पेक्स मिशन के तहत कई और प्रयोग किए जाएंगे. इसरो अगले महीने एक और डॉकिंग परीक्षण की योजना बना रहा है।

### क्या है इस प्रयोग का मकसद

इस प्रयोग का मुख्य मकसद यह जांचना था कि इसरो जमीन से सैटेलाइट की सही स्थिति और रफ्तार को कितनी कामयाबी के साथ कंट्रोल कर सकता है। इसके लिए अलग-अलग सॉफ्टवेयर, सेंसर और पोजिशनिंग तकनीकों का परीक्षण किया गया। अभी यह साफ नहीं है कि उपग्रह ने यह रोटेशन होरिजेंटल रूप से किया या लंबवत (जैसे कलाबाजी करते हुए)।



### इस परीक्षण से क्या मिलेगा?

इस परीक्षण से इसरो को यह समझने में मदद मिलेगी कि किसी चीज को अलग-अलग दिशाओं से एक खास जगह पर वापस कैसे लाया जा सकता है। इसके अलावा, यह चैक किया जाएगा कि क्या डॉकिंग को लंबवत रूप से किया जा सकता है। क्योंकि, सैटेलाइट्स में अभी काफी ईंधन बचा हुआ है, इसलिए इसरो इस मिशन का पूरा फायदा उठाने के लिए और भी कई प्रयोग करेगा। अगली बार जब डॉकिंग होगी, तो सैटेलाइट्स के बीच पावर ट्रांसफर की भी एक और कोशिश की जाएगी, जिससे भविष्य के मिशनों की योजना और विकास में महत्वपूर्ण सबक मिलेंगे।

# दुनिया की सबसे महंगी लकड़ी, 1 किलो सोने के बराबर है इसके 10 ग्राम की कीमत

**लंदन।** दुनिया में एक ऐसी लकड़ी भी है जिसकी कीमत हीरे और सोने से भी महंगी है। ये लकड़ी अगरवुड पेड़ से जुड़ी है, जिसका नाम कायनम है। इसे दुनिया की सबसे दुर्लभ और महंगी लकड़ी माना जाता है। दुर्लभ मानी जाने वाली इस लकड़ी को देवताओं की लकड़ी कहा जाता है। अगरवुड आमतौर पर सस्ते भी मिल जाते हैं। लेकिन, इसमें भी खास प्रकार होते हैं। असली अगरवुड 83 लाख रुपए किलो तक बिकता है। लेकिन, इसमें भी कायनम को सबसे ज्यादा दुर्लभ माना जाता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 10 ग्राम कायनम की कीमत 85 लाख 63 हजार रुपए होती है। इतने दाम में कोई भी लगभग 1 किलो सोना खरीद सकता है। बता दें कि अगरवुड के पेड़ मुख्य रूप से दक्षिण पूर्व एशिया, चीन, अरब और जापान के साथ-साथ भारत के जंगलों में पाए जाते हैं। इसकी लकड़ी का उपयोग इत्र बनाने में किया जाता है। हालांकि, इत्र बनाने की प्रक्रिया लंबी और जटिल है। इसके लिए हरे एक्विलरिया वृक्ष की लकड़ी में गर्म धातु की छड़ या ड्रिल की सहायता से कई छेद किए जाते हैं। इन छिद्रों में एक विशेष कवक डाला जाता है, जो पेड़ के अंदर फैलता है।



# ये है दुनिया का सबसे बड़ा बीज-40 किलो वजनी आधे मीटर लंबा, नर-मादा पेड़ मिलकर बनाते हैं

**लंदन।** क्या आपको मालूम है कि दुनिया का सबसे बड़ा बीज कितना बड़ा और वजन का होता है। इसके बारे में अगर आपको पता चला तो शायद आप भी एकबारगी हैरत में तो आ ही जाएंगे। और जब इस चित्र को देखेंगे तो हैरानी और बढ़ेगी, क्योंकि ये बीज होता भी एक खास आकृति का है। इसे दुर्लभ बीज माना जाता है। वो पेड़ जिसका ये बीज 40 किलोग्राम भारी होता है और आधे मीटर लंबाई वाला, वो कोको डी मेर का पेड़ है। ये एक तरह का ताड़ का पेड़ है। इसे दुनिया का सबसे बड़ा बीज माना जाता है। यह एक दुर्लभ और अनोखा बीज है, जो प्रकृति के चमत्कारों में एक है। यह ताड़ (पाम) परिवार का हिस्सा है और मुख्य रूप से सेशेल्स द्वीप समूह के प्रालिन और क्यूरियस द्वीपों पर पाया जाता है। इस पेड़ यानी कोको डी मेर का इतिहास भी कम रोचक नहीं है। यह बीज सेशेल्स में ही प्राकृतिक रूप से उगता है। 16वीं और 17वीं सदी में जब यूरोपीय नाविकों ने इसे हिंद महासागर में तैरते हुए देखा, तो इसे 'समुद्री नारियल' समझा। उस समय किसी को नहीं पता था कि यह कहां से आता है। इसका नाम 'कोको डी मेर' फ्रांसीसी भाषा से लिया गया है, जिसका अर्थ है 'समुद्र का नारियल'। बाद में 18वीं सदी में सेशेल्स की खोज के साथ इसके पेड़ की पहचान हुई। यह खोज प्रकृति के रहस्यों को उजागर करने का एक बड़ा कदम थी।



### ये बीज कितना लंबा-चौड़ा

कोको डी मेर का बीज अपने विशाल आकार के लिए प्रसिद्ध है। यह आमतौर पर 40 से 50 सेंटीमीटर लंबा और 30 सेंटीमीटर चौड़ा होता है। इसका वजन 15 से 30 किलोग्राम तक हो सकता है, जो इसे दुनिया का सबसे भारी बीज बनाता है। कुछ असाधारण मामलों में इसका वजन 40 किलोग्राम तक भी दर्ज किया गया। इसका आकार इतना बड़ा होता है कि इसे एक व्यक्ति के लिए उठाना मुश्किल हो सकता है। यह आकार इसे अन्य सभी बीजों से अलग करता है, जैसे नारियल, जो इससे बहुत छोटा होता है। इससे जो पेड़ बनता है उसका नाम कोको डि मेर होता है। ये पांच से छह मंजिला इमारतों से ज्यादा ऊंचा होता है।



### इसकी बनावट अनोखी

इस बीज की बनावट और दिखावट अनोखी है। यह दो हिस्सों में बंटा हुआ प्रतीत होता है, जिसे 'द्विलंबी' संरचना कहते हैं। इसका बाहरी आवरण मोटा, कठोर और भूरा होता है, जो इसे पर्यावरणीय खतरों से बचाता है। इसकी आकृति कई बार मानव शरीर के निचले हिस्से से मिलती-जुलती लगती है, जिसके कारण इसे ऐतिहासिक रूप से जादुई और औषधीय गुणों से जोड़ा गया। अंदर का हिस्सा सफेद और मांसल होता है, जो खाने योग्य होता है, हालांकि यह बहुत स्वादिष्ट नहीं माना जाता इसकी संरचना इसे लंबे समय तक सुरक्षित रखने में मदद करती है।

# पाली में शीतला मां का चमत्कार, विज्ञान ने भी टेके घुटने



**पाली।** आपने फिल्मों या कहानियों में सुना या देखा होगा कि एक चमत्कारी घड़ा है जिसमें कितना भी पानी डालो, वह कभी नहीं भरता। लेकिन, आज हम आपको राजस्थान के एक ऐसे चमत्कारी मंदिर के बारे में बताएंगे जहां सच में ऐसा घड़ा है। यह मंदिर राजस्थान के पाली जिले के छोटे से गांव भाटूण्ड में स्थित है, जहां शीतला माता का एक प्राचीन मंदिर है। इस मंदिर में एक ऐसा घड़ा है जिसमें लाखों लीटर पानी डाला गया है, लेकिन 800 साल बाद भी वह घड़ा आज तक नहीं भरा। शीतला माता के इस मंदिर में होने वाले चमत्कार को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। इस चमत्कारी घड़े के दर्शन साल में दो बार होते हैं। यह घड़ा एक पत्थर से ढंका हुआ है, जिसे केवल शीतला सप्तमी और ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा को हटाया जाता है। इन दो दिनों में भक्त कलश भर-भर कर हजारों लीटर पानी इसमें डालते हैं। भक्तों का मानना है कि इस चमत्कारी घड़े में अब तक कई लाख लीटर पानी डाला जा चुका है, लेकिन घड़ा है कि भरने का नाम ही नहीं लेता।

# नाइट सूट पहनकर 5 स्टार होटल पहुंची लड़की, मुफ्त में खाया ब्रेकफास्ट!

**नई दिल्ली।** आजकल सोशल मीडिया पर फेमस होने के लिए लोग काफी विचित्र तरीके अपनाते हैं। एक तरीका बहुत फेमस हो रहा है, वो है अजीबोगरीब चैलेंज को पूरा करना। कंटेंट क्रिएटर्स खुद को ही कोई चैलेंज देते हैं और उसे पूरा करते हुए वीडियोज बनाकर पोस्ट करते हैं। हाल ही में एक लड़की ने भी अपने आप को ऐसा ही चैलेंज दिया। ये लड़की नाइट सूट पहनकर एक 5 स्टार होटल पहुंच गई और मुफ्त का ब्रेकफास्ट खा लिया। पर जब वो बाहर निकल रही थी, तब उसके साथ खेला हो गया! निशु तिवारी एक कंटेंट क्रिएटर हैं। उनके 13 लाख फॉलोअर्स हैं। वो खुद को कई बार ऐसे चैलेंज देती हैं, जिसे हर कोई अंजाम नहीं दे सकता। कभी वो डिलीवरी गर्ल बन जाती हैं तो कभी हीरो-हीरोइनों से मिलने पहुंच जाती हैं। हाल ही में उन्होंने एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें वो 5 स्टार होटल पहुंच गईं।



### होटल से निकलते वक्त खड़ी हुई मुसीबत


वायरल वीडियो में वो सबसे पहले नाइट सूट पहनकर होटल के अंदर घुसती हैं, जिससे वहां के कर्मचारियों को लगे कि वो होटल के ही किसी कमरे में ही रुकी हैं। उन्होंने होटल के ही किसी व्लॉग से एक रूम नंबर खोजा और फिर रिसेप्शन में पूछा कि कहां पर ब्रेकफास्ट हो रहा है। फिर वो रेस्टोरेंट में चली गई और कर्मियों को वही रूम नंबर बता दिया। लड़की ने बड़े मजे से नाश्ता किया और जब निकलने लगी, तब उसके लिए मुसीबत खड़ी हो गई। क्योंकि, उस कमरे के असली मेहमान भी नाश्ता करने आ चुके थे। तब जाकर उसने लोगों को बताया कि वो सिर्फ वीडियो बना रही थी।

## वो जब तकनीकी तौर पर मर चुकी थीं, तब उन्हें सब कुछ दिख रहा था

# सात घंटे के लिए 'मरी' महिला पहुंची स्वर्ग! होश में आते ही सुनाई शॉकिंग स्टोरी

**न्यूयार्क।** हमारी ज़िंदगी के बारे में तो हम सब जानते हैं लेकिन इस दुनिया से जाने के बाद क्या होता है? इस सवाल का जवाब किसी को भी नहीं पता है। ऐसे में जब भी कोई जीवन-मृत्यु को लेकर दावे करता है, तो हम यकीन नहीं कर पाते. खासतौर पर तब, जब लोग दावा करते हैं कि वो मरकर वापस लौटे हैं। ऐसी कई कहानियां हमने सुनी हैं लेकिन एक महिला ने अजीबोगरीब कहानी सुनाई है।

पाम रेनॉल्ड्स लॉरी नाम की महिला ने बताया कि वो ऑपरेशन टेबल पर मर गई थी। वो इस दुनिया से जाने के बाद सब कुछ देख सकती थी और उसे वापस आना ही नहीं था। हालांकि, कुछ समय बाद उसके साथ वो हुआ, जो उसकी इच्छा के बिल्कुल विपरीत था।



### ऑपरेशन चल रहा था, मैं मर गई

अमेरिका में जॉर्जिया की रहने वाली पाम जब 35 साल की थी, तो उनकी एक ब्रेन सर्जरी हुई थी। इस बेहद मुश्किल सर्जरी के दौरान उन्हें तगड़ा एनेस्थीसिया दिया गया था और उसके शरीर का तापमान बेहद कम हो गया था। उनकी आंखें बंद थीं और डॉक्टरों को खोपड़ी में छेद करके उनकी सर्जरी करनी थी। 7 घंटे के इस ऑपरेशन के दौरान उनके साथ कुछ बेहद अजीब हुआ। वो जब तकनीकी तौर पर मर चुकी थीं, तब उन्हें सब कुछ दिख रहा था।

### दादी मिलीं, रिश्तेदार मिले, मुझे आना नहीं था

पाम ने अपने इस अनुभव के बारे में बात करते हुए कहा कि वो डॉक्टरों को बातें करते सुन रही थीं और उन्हें खोपड़ी में ड्रिल करते हुए देख रही थीं. ये बात साल 2010 की है। पाम ने बताया कि मरने के बाद उन्होंने अपनी दादी मां और अंकल की आत्मा से बात की थी। वे उन्हें गाइड कर रहे थे। वे लौटना नहीं चाहती थीं, लेकिन डॉक्टरों ने उसका दिल फिर से ठीक कर दिया। वे एक गीत सुन रही थीं, जब उनके अंकल ने उन्हें धक्का दिया और वे वापस लौट आईं. पाम के इस अनुभव को कुछ लोग एनेस्थीसिया का प्रभाव बता रहे हैं।

सर्वप्रथम अत्याधुनिक
(अल्ट्रामॉडर्न) बर्न यूनिट
10 इंटेंसिव आइसोलेशन केयर ग्लास केबिन, हेपा फिल्टर/लेमिनर फ्लो 100% जीवाणु रहित ग्लास केबिन.
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com